सुप्रभात
रांची, गुरुवार
01.05.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ
अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस

khabarmantra.net बैशाख, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी, संवत् 2082 मूल्य : ₹ 3 I वर्ष : 12 I अंक : 285

12 पाक को 36 घंटे के भीतर सैन्य कार्रवाई का डर

**सूचना**

अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर एक मई 2025 को खबर मन्त्र कार्यालय और प्रेस बंद रहेगा। अतः अखबार का अगला अंक तीन मई को प्रकाशित होगा।

संपादक

# वॉर रूम में पीएम मोदी ने की चर्चा, सीसीएस की बैठक में तैयारी की समीक्षा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद जवाबी कार्रवाई के लिए बैठकों का दौर चल रहा है। पीएम मोदी जहां सेना प्रमुख, विदेश मंत्री और रक्षा मंत्री के साथ बैठकें कर रहे हैं तो वहीं, सुरक्षा मामलों पर कैबिनेट कमेटी यानी सुपर कैबिनेट के साथ भी दूसरी बैठक कर चुके हैं। पहलगाम हमले के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को एक के बाद एक पांच बैठकें कीं। सीसीएस की दूसरी बैठक में सुरक्षा तैयारियों पर चर्चा की गयी। इन बैठकों के बाद अब तमाम बड़े अधिकारी पीएमओ वॉर रूम में चर्चा की और रणनीति बनायी। वहीं पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक में आतंकवादी हमले के सीमा पार संबंधों पर चर्चा हुई। बैठक में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा और उसके उपायों पर चर्चा की गयी। इस बैठक के साथ-साथ पीएम आवास पर राजनीतिक मामलों की कैबिनेट समिति और आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति की भी बैठक हुई।

## सीमा पर सीजफायर उल्लंघन पर प्रचंड पलटवार

पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। भारत की रक्षा तैयारी को देख कर सीमा पर पाकिस्तान लगातार सीजफायर का उल्लंघन कर रहा है। 29-30 अप्रैल की रात को भी पाकिस्तानी सेना की चौकियों ने जम्मू और कश्मीर के केंद्र शासित प्रदेश में नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर सेक्टरों के सामने नियंत्रण रेखा के पार बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। भारत ने माकूल जवाब देते हुए पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी दी है।

## चौकी और झंडा छोड़कर भागी पाकिस्तानी सेना

पाकिस्तान की ओर से संघर्ष विराम के उल्लंघन के बाद भारत के करारा जवाब से पाक सेना बुरी तरह डर गयी। जानकारी के मुताबिक पाकिस्तानी सैनिक अपनी चौकियां छोड़कर भाग गये। पाकिस्तानी चौकी से झंडा भी हटा दिया गया है। पाकिस्तानी रेंजर्स ने भी अपना झंडा हटा दिया है। मतलब साफ है कि पाकिस्तान इस समय भारतीय सैनिकों से डरा हुआ है।

**तनाव के बीच तुर्की रच रहा साजिश :** तुर्की के जनरल यासर कादिओग्लू की अध्यक्षता में तुर्की सैन्य और खुफिया प्रतिनिधिमंडल ने इस्लामाबाद में पाकिस्तानी एयरफोर्स के हेडक्वार्टर का दौरा किया। उसे चीन, तुर्की जैसे देशों से समर्थन मिल रहा है। तुर्की का एक मिलिट्री डेलिगेशन भी पाकिस्तान भी पहुंच गया है, जिससे उस पर साजिश रचने के सवाल उठने लगे हैं। उन्होंने इस्लामाबाद में पाकिस्तानी एयरफोर्स के हेडक्वार्टर का दौरा किया है।

**पाक आर्मी चीफ के देश छोड़कर भागने की आशंका :** पाक के सूचना मंत्री अताउल्लाह तारड़ ने बुधवार को कहा कि भारत अगले 24 से 36 घंटे में पाकिस्तान पर हमला कर सकता है। उन्होंने वीडियो जारी करके कहा कि हमारे पास हमले की पुख्ता जानकारी है। इस बीच, पाक के आर्मी चीफ के देश छोड़कर भागने की अटकलें हैं। अब जानकारी आ रही है कि पाकिस्तान ने अब 2 मई तक इस्लामाबाद और लाहौर पर नो टू एयरमेन (नोटम) जारी किया है।

### न्यूज डायरी

**कोलकाता के होटल में आग से 14 की मौत**

**कोलकता।** बड़ा बजार इलाके के मछुआ क्षेत्र में मंगलवार रात एक छह मंजिला होटल ऋतुराज में लगी भीषण आग की चपेट में आने से दो बच्चों सहित कुल 14 लोगों की मौत हो गयी।

**झारखंड में महंगी हुई बिजली उपभोक्ताओं को लगा झटका**

रांची। झारखंड में बिजली की दरों में एक मई से वृद्धि कर दी गयी है। ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को अब 6.30 रुपये के स्थान पर 6.70 रुपये प्रति यूनिट देने होंगे। शहरी क्षेत्र के उपभोक्ता को 6.65 रुपये के स्थान पर 6.85 रुपये प्रति यूनिट देना होगा। (पेज 2 भी देखें)

**झारखंड में चार मई तक बारिश की संभावना**

**रांची।** झारखंड के विभिन्न जिलों में चार मई तक बादल और बारिश होने की संभावना है। यह जानकारी मौसम विभाग ने बुधवार को दी है। विभाग ने दो मई तक गर्जन, वज्रपात और तेज गति से हवा चलने की आशंका जतायी है। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। उल्लेखनीय है कि मौसम विभाग ने मई के दूसरे हफ्ते में पूरे झारखंड में प्रचंड गर्मी पड़ने की भी संभावना जतायी है और लोगों को लू से बचने की सलाह दी है।

## अंतिम आंकड़े 2026 के अंत तक आने की संभावना

# आजादी के बाद पहली बार होगी जातिगत जनगणना

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** देश में आजादी के बाद पहली बार जाति जनगणना करायी जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में राजनीतिक मामलों की कैबिनेट समिति ने इस संबंध में निर्णय लिया है। बुधवार को मीडिया को जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि जातिगत जनगणना को मूल जनगणना के साथ ही कराया जाएगा। श्री वैष्णव ने कहा कि जनगणना संघ का विषय है। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ राज्यों ने जाति



सर्वेक्षण अच्छे तरीके से किया है, जबकि कुछ ने राजनीतिक कारणों से ऐसा किया है।

बता दें कि कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल लंबे समय से जातिगत जनगणना कराने की मांग करते रहे हैं। उम्मीद है कि जातिगत जनगणना की शुरुआत सितंबर में हो सकती है। जनगणना के अंतिम आंकड़े 2026 के अंत या 2027 की शुरूआत में मिल सकेंगे। बता दें कि देश में पिछली जनगणना 2011 में हुई थी। इसे हर 10 साल में किया जाता है। इस हिसाब से 2021 में अगली जनगणना होनी थी, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण इसे टाल दिया गया था।

**जनगणना फॉर्म में एक्ट्रा कॉलम जोड़े जायेंगे :** 2011 तक जनगणना फॉर्म में कुल 29 कॉलम होते थे। इनमें नाम, पता, व्यवसाय, शिक्षा, रोजगार और माइग्रेशन जैसे सवालों के साथ केवल एससी और एसटी कैटेगरी से ताल्लुक रखने को रिकॉर्ड किया जाता था। अब जाति जनगणना के लिए इसमें एक्स्ट्रा कॉलम जोड़े जा सकते हैं।

**जातियों की गिनती के लिए एक्ट में संशोधन होगा :** जनगणना एक्ट 1948 में एससी-एसटी की गणना का प्रावधान है। ओबीसी की गणना के लिए इसमें संशोधन करना होगा। इससे ओबीसी की 2,650 जातियों के आंकड़े मिलेंगे। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, 1,270 एससी, 748 एसटी जातियां हैं और 2011 में एससी आबादी 16.6 प्रतिशत और एसटी 8.6 प्रतिशत थी।

## जमशेदपुर की शांभवी आईसीएसई की 10वीं बोर्ड परीक्षा में बनी नेशनल टॉपर



लड़कियों ने एक बार फिर बाजी मारी शांभवी जायसवाल को मिले शत प्रतिशत अंक


खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर की शांभवी जायसवाल ने आईसीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे देश में प्रथम स्थान हासिल किया है। इस अभूतपूर्व उपलब्धि से न केवल जमशेदपुर, बल्कि झारखंड और समूचे देश को गौरव की अनुभूति हुई है। शांभवी के पिता डा अभिषेक जायसवाल एमटीएमएच जमशेदपुर में कैंसर रोग के विशेषज्ञ हैं, जबकि मां डॉ. ओजस्वी शंकर मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज, जमशेदपुर में स्त्री रोग विशेषज्ञ हैं। शांभवी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, स्कूल के प्राचार्य, उप-प्राचार्य और शिक्षकों को दिया है।


शांभवी ने खबर मन्त्र को अपने भविष्य की योजनाओं के बारे में बताया कि वह 12वीं की पढ़ाई विज्ञान संकाय से पूरी कर आईआईटी मुंबई से इंजीनियरिंग की शिक्षा प्राप्त करना चाहती है।

इस वर्ष आईसीएसई (10वीं) का कुल पास प्रतिशत 99.09 और आईएससी (12वीं) का 99.02 प्रतिशत रहा। लड़कियों ने एक बार फिर बाजी मारी, जहां छात्राओं का सफलता प्रतिशत 99.37 और छात्रों का 98.84 रहा।

## एनएसएबी के अध्यक्ष बनाये गये आलोक जोशी




**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड का पुनर्गठन किया। पूर्व रॉ प्रमुख आलोक जोशी को इस बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया है। आलोक जोशी को देश की सुरक्षा से जुड़े मामलों की गहरी समझ और जानकारी है। उन्होंने पाकिस्तान और नेपाल में कई महत्वपूर्ण ऑपरेशन्स को अंजाम देने में अहम भूमिका भी निभायी है। इसके अलावा बोर्ड में 7 सदस्यों को शामिल किया गया है, जिसमें तीन सेना से रिटायर अधिकारी, दो रिटायर आईपीएस अधिकारी और एक भारतीय विदेश सेवा से रिटायर्ड अधिकारी हैं।






# शहरी क्षेत्र में 20 और ग्रामीण क्षेत्र में 40 पैसे प्रति यूनिट बिजली दर की बढ़ोत्तरी

- 2025-26 के लिए निगम ने मांगा 11,444.90 करोड़, आयोग ने दी 8,980.52 करोड़ की मंजूरी
- बढ़ी हुई दर एक मई 2025 से प्रभावी



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में बिजली की दरों में आंशिक बढ़ोत्तरी की गयी है। झारखंड विद्युत नियामक आयोग ने जेबीवीएनएल के 40.02 प्रतिशत बढ़ाने के प्रस्ताव को ठुकराते हुए 6.34 प्रतिशत बढ़ोत्तरी की मंजूरी दी है। बढ़ी हुई दर एक मई 2025 से प्रभावी होगी। झारखंड विद्युत नियामक आयोग के सदस्य अतुल कुमार और महेंद्र प्रसाद ने नए टैरिफ की घोषणा करते हुए कहा कि कृषि उपभोक्ताओं के लिए टैरिफ में कोई भी बढ़ोतरी नहीं की गई है। बिजली दरों में बढ़ोतरी की बात अगर घरेलू उपभोक्ता की करें तो ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को अब 6.30 रुपए के स्थान पर 6.70 रुपये प्रति यूनिट देने होंगे। वहीं शहरी क्षेत्र के उपभोक्ता को 6.65 रुपये के स्थान पर 6.85 रुपये प्रति यूनिट देना होगा।

इस तरह से ग्रामीण क्षेत्र के घरेलू उपभोक्ताओं के बिजली बिल में प्रति यूनिट 40 पैसे की वृद्धि की गई है। वहीं शहरी क्षेत्र के घरेलू उपभोक्ताओं के बिल में 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है। झारखंड विद्युत नियामक आयोग ने फिक्स रिचार्ज को पूर्ववत रखते हुए उपभोक्ता को राहत दी है। एचटी घरेलू उपभोक्ताओं को 6.25 रुपये के स्थान पर अब 6.40 रुपये प्रति यूनिट देना होगा।

इसके अलावा रूफटॉप सोलर को प्रोत्साहित करने और बढ़ावा देने के लिए प्राधिकरण ने सोलर पीवी प्रोजेक्ट के लिए ग्रॉस मीटरिंग के लिए 4.16 रुपये प्रति किलो वाट और नेट मीटरिंग के लिए 3.80 रुपये प्रति किलो वाट के दर की मंजूरी दी है। एक महत्वपूर्ण निर्णय के तहत किसी भी प्रकार के उपभोक्ता के लिए मीटर रेंट की अनुमति आयोग ने नहीं दी है।

विद्युत नियामक आयोग ने जेबीवीएनएल को निर्देशित करते हुए कहा है कि वह अपनी बिलिंग सॉफ्टवेयर में आयोग के द्वारा लिए गए निर्णय के तहत उसे संशोधित करें। ताकि उपभोक्ताओं को बिजली नहीं मिलने की अवधि के लिए फिक्स चार्ज की राशि का स्वतः समायोजन किया जा सके।

गौरतलब है कि आयोग के द्वारा फिक्सड चार्ज घंटों की संख्या से जोड़ कर रखा गया है। जिसके तहत 23 घंटा विद्युत आपूर्ति एचटी उपभोक्ता को अनिवार्य किया गया है। वहीं 21 घंटा एलटी कन्जयूमर के लिए निर्धारित है। आयोग द्वारा जारी निर्देश के अनुसार प्रीपेड स्मार्ट मीटरिंग पर एनर्जी चार्ज में तीन प्रतिशत की छूट लागू होगी, जो लगभग 20 पैसा प्रति यूनिट होगा। प्रीपेड मीटर के इंस्टॉलेशन के एक महीने के भीतर पूरी सिक्योरिटी डिपाजिट वापस करना होगा या बिल से उसे एडजस्ट करना होगा।

### एपीआर 2025-26 के लिए जेबीवीएनएल की 8980.52 करोड़ की मंजूरी

झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड ने विद्युत नियामक आयोग के समक्ष एपीआर 2025-26 के लिए 11 हजार 444.90 करोड़ की मांग की थी। जिसमें 8 हजार 980 .52 करोड़ की मंजूरी प्रदान की गई है। इसके अलावे एपीआर 2023-24 के लिए 10 हजार 847 .70 करोड़ की मांग पर 7 हजार 854 .64 करोड़ रुपए की एपीआर की मंजूरी दी है। इसके अलावा आयोग के द्वारा वैसे उपभोक्ता जो 5 दिनों के भीतर बिल का भुगतान करते हैं, उसे कुल बिल के भुगतान पर दो प्रतिशत छूट की मंजूरी दी गई है।

# अब वोट बैंक की नहीं, सच्चे सामाजिक न्याय की होगी बात : बाबूलाल मरांडी

- भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने केंद्रीय कैबिनेट के फैसले का किया स्वागत

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने केंद्रीय कैबिनेट के जातिगत जनगणना करवाने के निर्णय को सराहनीय कदम बताया है। उन्होंने कहा कि अब वोट बैंक की नहीं, वास्तविक सामाजिक न्याय की बात होगी। उन्होंने कहा कि दशकों से इस मुद्दे को कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टियां जातिगत जनगणना का इस्तेमाल केवल चुनावी हथियार की तरह करती आयी हैं। उन्होंने कहा कि अब जातिगत जनगणना समय की मांग बन चुकी है। समय आ गया है कि टुकड़ों में कराई जा रही राज्य स्तरीय, असंगत और अपारदर्शी गणनाओं को छोड़ा जाये और पूरे देश के लिये एक समान, विश्वसनीय व तथ्य आधारित जातिगत जनगणना को अपनाया जाये। उन्होंने कहा कि सही मायनों में सामाजिक न्याय की ओर कदम बढ़ाते हुये जातिगत जनगणना को स्वीकृति प्रदान करने के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार है।

## संजय सेठ ने केंद्रीय कैबिनेट के जाति जनगणना निर्णय का किया स्वागत

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने केंद्रीय कैबिनेट द्वारा जाति जनगणना करवाने के निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय वंचित वर्गों को उनका वास्तविक अधिकार दिलाने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि जाति जनगणना से संसाधनों का सामान्य वितरण सुनिश्चित होगा और समावेशी विकास को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि इससे समाज के वंचित तबके को लाभ मिलेगा जो अब तक वंचित है।

# आजसू ने नाइजर में फंसे बगोदर के मजदूरों की वापसी के लिए लिखा पत्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के नेता संजय मेहता ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर और नाइजर में भारत के राजदूत सीता राम मीना को पत्र लिखकर झारखंड के गिरिडीह जिले के बगोदर क्षेत्र के पांच मजदूरों की सुरक्षित वापसी के लिए अपील की है। ये मजदूर नाइजर में आतंकवादियों द्वारा अपहरण का शिकार हुए हैं।

**क्या है मामला?**

25 अप्रैल को नाइजर की राजधानी नियामे से लगभग 115 किलोमीटर दूर तिल्लाबेरी में आतंकवादियों ने एक पावर ट्रांसमिशन साइट पर हमला किया। इस हमले में 12 सुरक्षाकर्मियों की जान चली गई। वहीं बगोदर के पांच मजदूरों- संजय महतो, चंद्रिका महतो, फलजीत महतो, राजू कुमार और उत्तम महतो का अपहरण कर लिया गया।

ये मजदूर कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड (केपीआईएल) द्वारा संचालित प्रोजेक्ट में कार्यरत थे।

**आजसू पार्टी की अपील**

संजय मेहता ने अपने पत्र में सभी मजदूरों के पासपोर्ट विवरण और संपर्क जानकारी भी मंत्रालय को प्रदान की है। साथ ही उनके परिजनों की चिंता और व्यथा को रेखांकित किया है। उन्होंने विदेश मंत्री और भारत के राजदूत से इस गंभीर मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर मजदूरों की सकुशल वतन वापसी सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है।

### भारतीय दूतावास ने शुरू की कार्रवाई

आजसू पार्टी के पत्र के बाद से भारतीय दूतावास ने कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। कार्रवाई प्रारंभ करने की सूचना भारतीय दूतावास ने आजसू पार्टी को दी है। संजय मेहता ने बताया कि नाइजर में भारत के एंबेसडर सीता राम मीना को सूचित करने के बाद उनके कार्यालय ने हमें सूचित किया है कि भारतीय दूतावास ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

# मोदी सरकार के जातीय जनगणना की फैसले का झामुमो ने किया स्वागत

- सरना धर्म कोड पर जल्द फैसला ले केंद्र सरकार

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के जातीय जनगणना कराने के फैसले का झारखंड की सत्तारूढ़ पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने स्वागत किया है। नरेंद्र मोदी कैबिनेट की बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव की प्रेस ब्रीफिंग के बाद सुप्रियो भट्टाचार्य ने यह प्रतिक्रिया दी। उन्होंने साथ ही सरना धर्म कोड पर भी बड़ी बात कह दी है।

झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह मुख्य प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने इसे विपक्ष की जीत करार दिया है। उन्होंने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार जनदबाव में आकर यह फैसला करने के लिए बाध्य हुई है। यह विपक्षी दलों की नैतिक जीत है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार को 10 साल पहले यह कर लेना चाहिए था, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। भले उन्होंने देर से फैसला किया है, झामुमो इसका स्वागत करता है।

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि संविधान के मूल में आरक्षण की जो बातें हैं, उस पर मोदी कैबिनेट के फैसले में कुछ भी स्पष्ट नहीं किया गया है। न ही आदिवासियों के सरना कोड पर कोई निर्णय इस कैबिनेट में लिया गया है। झामुमो नेता ने कहा कि जब सरकार जातीय जनगणना करवाये, तब उसमें आदिम जनजातियों के धर्म को भी शामिल किया जाये। सरना धर्म कोड चुनने का आदिवासियों को मौका दिया जाये।

**सरना धर्म कोड पर जल्द फैसला ले केंद्र सरकार :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि जिस तरह हिंदुओं में कई जातियां हैं, मुस्लिमों में कई जातियां हैं, सिख में भी कई जातियां हैं। उसी तरह आदिवासियों की भी कई जनजातियां हैं। उन जनजातियों को अलग से सरना धर्म कोड दिया जाना चाहिए। झारखंड सरकार ने विधानसभा में इसका प्रस्ताव पारित करके केंद्र को भेजा है, लेकिन उस पर अंतिम फैसला नहीं हुआ है।

### जनगणना के बाद शुरू हो परिसीमन : सुप्रियो भट्टाचार्य



झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने यह भी मांग रख दी है कि देश में प्रस्तावित परिसीमन को जनगणना तक के लिए टाल दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनगणना के बाद ही परिसीमन हो, ताकि यह स्पष्ट हो जाये कि किस क्षेत्र को आरक्षण की श्रेणी में रखा जाये और किसको नहीं। साथ ही आरक्षण की भी स्थिति स्पष्ट हो जायेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार ने सरना धर्मावलंबियों को 28 फीसदी आरक्षण देने का प्रस्ताव पास कर दिया है। दलितों को 18 फीसदी और पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रस्ताव झारखंड विधानसभा से पास हो चुका है। झामुमो नेता ने कहा कि मोदी सरकार ने देर से जातीय जनगणना कराने का निर्णय लिया है, लेकिन यह स्वागत योग्य कदम है। उन्होंने विपक्ष की मांग मान ली है। अगर 10 साल पहले इस मांग को मान लिया होता, तो अच्छा होता।

## जातीय जनगणना के लिये पीएम का ओबीसी मोर्चा ने जताया आभार

**रांची।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने जातीय जनगणना की स्वीकृति देने के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि यह फैसला सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि जाति जनगणना के आंकड़े समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिये ठोस कदम उठाने में मदद करेंगे। आभार जताने वालों में सिद्धनाथ सिंह, दिलीप वर्मा, प्रो. प्रेम नंदन मंडल, उमेश जायसवाल, संजय मेहता, रामावतार कश्यप, अजय मेहता, सुरेश ठाकुर, प्रमोद कुमार, सुग्रीव यादव, जयराम ठाकुर, राम लखन साहू आदि शामिल हैं।

## रिम्स के नव-प्रोन्नत चिकित्सकों ने निदेशक से की शिष्टाचार मुलाकात

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** रिम्स के नव-प्रोन्नत चिकित्सकों ने आज संस्थान के निदेशक प्रो. डॉ. राज कुमार, डीन प्रो. डॉ शशि बाला सिंह और चिकित्सा अधीक्षक प्रो. डॉ हिरेंद्र बिरुआ से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर चिकित्सकों ने संस्थान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए निदेशक मंडल को हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने रिम्स को चिकित्सा के क्षेत्र में और अधिक सशक्त बनाने के लिए मिलकर कार्य करने की इच्छा जताई।

निदेशक ने सभी नव-प्रोन्नत चिकित्सकों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी डॉक्टर अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करेंगे।


**कार्यालय अंचल अधिकारी, कुडू।**

पत्रांक– ........
दिनांक–.........

**अति अल्पकालीन नीलामी**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा कुडू के अन्तर्गत खाता सं0 422 प्लॉट सं0 444 एवं 446 रकबा क्रमशः 7.70 ए0 एवं 0.54 ए0 कुल रकबा 8.24 ए0 (हाल सर्वे में अनावाद बिहार सरकार दर्ज है) की भूमि जिसे सरकारी अभिरक्षा में ली गई भूमि में अवस्थित आम के बगीचा के अन्दर वृक्षों की कुल संख्या 273 है, जिसमें आम के फल लगे है। कार्यालय के आदेश ज्ञापांक 241/दिनांक 08.04.2025 के द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में वृक्षों में लगे आम के फलों का अनुमानित मूल्य 1,00,430.00 (एक लाख चार सौ तीस रूपये) निर्धारित की गई है। वर्ष 2025 में नीलामी हेतु कार्यालय पत्रांक 72 दिनांक 10.02.2025 के द्वारा प्रभारी पदाधिकारी, विधि शाखा, लोहरदगा एवं सरकारी अधिवक्ता, लोहरदगा से मार्गदर्शन हेतु मांग की गई थी। सरकारी अधिवक्ता, लोहरदगा से प्राप्त मार्गदर्शन के आलोक में वर्ष 2025 के लिए नीलामी दिनांक .................. के दोपहर 12:00 बजे से की जायेगी। नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति अंचल नजारत में पूर्वाहन 11:00 बजे तक जमानत राशि के रूप में **मो0 5000.00(पाँच हजार) रूपये का किसी राष्ट्रीयकृत बैंक का डिमांड ड्राफ्ट जो अंचल अधिकारी, कुडू के पदनाम एवं भारतीय स्टेट बैंक, बड़ा तालाब, लोहरदगा** से भुगतेय होगा। किसी भी कार्य दिवस में प्रश्नगत् मौजा कुडू में अवस्थित आम के वृक्षों में लगे फलों का निरीक्षण अधोहस्ताक्षरी को पूर्व सूचना देकर की जा सकती है। विस्तृत सूचना के लिए कार्यालय अवधि में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है। नीलामी संबंधित कार्य निर्धारित समय एवं शर्तो के आधार पर ही की जायेगी। नीलामी में सम्मिलित होने के लिए **आधार कार्ड/पैन कार्ड एवं अंचल अधिकारी द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र लाना आवश्यक होगा।** क्रय मूल्य के अलावे संबंधित सभी कर (TAX) जो झारखण्ड सरकार के नियामानुसार होगा जो क्रेता द्वारा दिया जायेगा।

अंचल अधिकारी,
कुडू (लोहरदगा)।

PR 351431 (Lohardaga) 25-26 (D)



**उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा**
**(समाज कल्याण शाखा)**

**शुद्धिपत्र**

विज्ञापन **PR No- 350916** दिनांक–23.04.2025 एव कार्यालय ज्ञापांक–520/स0क0 दिनांक–11.04.2025 द्वारा आंगनबाडी केन्द्रों में प्री–स्कूल किट (PRE SCHOOL KIT) आपूर्ति हेतु प्रकाशित निविदा के तकनीकी शर्त के निम्न संशोधन किया जाता है :–

| कंडिका सं० | प्रकाशित विज्ञापन की शर्त | संशोधित शर्त |
|---|---|---|
| (क) iii | बीडर को सरकारी विभाग का कार्यादेष प्रस्तुत करना होगा। | बीडर को झारखण्ड में विगत तीन वर्षो मे कोई एक वर्ष का प्री–स्कूल किट या खिलौना आपूर्ति करने का सरकारी विभाग का कार्यादेष होना चाहिए। जो संलग्न करना अनिवार्य होगा। |
| (क) iv | बीडर को विगत तीन वर्षो में कोई एक वर्ष का आपूर्ति कार्यादेष न्यूनतम 250 सरकारी स्कूलों में आपूर्ति करने का अनुभव होना चाहिए। स्थान विवरण के साथ कार्यादेश की प्रति प्रस्तुत करनी होगी। | बीडर को विगत तीन वर्षो में कोई एक वर्ष का आपूर्ति कार्यादेष झारखण्ड राज्य के न्यूनतम 250 सरकारी स्कूलों/आंगनबाडी केन्द्रों में प्री–स्कूल किट या खिलौना आपूर्ति करने का अनुभव होना चाहिए। आपूर्तिकर्त्ता को स्थान विवरणी के साथ कार्यादेश की प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। |

आपूर्तिकर्त्ता/संस्थान /प्रतिष्ठान के चयन के निमित द्वि–लिफाफा (Two Envelope System) के अनुसार शील बंद निविदा दिनांक 08/05/2025 को 12:00 बजे पूर्वा० तक जिला समाज कल्याण कार्यालय, कोडरमा में जमा किया जा सकता है। प्राप्त **निविदा** दिनांक 08/05/2025 को 3:00 बजे अपराह्न में जिला स्तरीय कमिटि के समक्ष समाहरणालय सभागार, कोडरमा में खोला जाएगा, जिसमें निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि भाग लेगें। उक्त के संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के बेवसाईट www.koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

**पूर्व में प्रकाशित निविदा इस हद तक संशोधित समझा जाय।**

निविदा की शेष शर्तें यथावत रहेंगे।

उपायुक्त,
कोडरमा

PR 351478 Women, Child Development & Social Security(25-26).D


# हेमंत सोरेन का विदेश दौरा असफल विदेश यात्रा : प्रतुल शाहदेव

- भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि सीएम ने इवेंट मैनेजमेंट के नाम पर करोड़ों फूंका
- आरसीडीई बार्सिलोना फुटबॉल क्लब का भारत विरोधी चीनी मालिक चेन यानशेंग के साथ समझौता की बात अनुचित



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की स्वीडन और स्पेन यात्रा को व्यक्तिगत पर्यटन के लिहाज से बेहद सफल कहा। लेकिन, निवेश के लिहाज से पूर्णत असफल यात्रा बताया। श्री शाहदेव बुधवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री यूरोप के दो सबसे दर्शनीय देश का पर्यटन के लिहाज से सफल भ्रमण करके लौट आये हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की पहली तस्वीर एक बैकपैकर की भूमिका में थी। इसमें मुख्यमंत्री जी बैग टांगे दूतावास के अधिकारी से गुलदस्ता ले रहे थे। मुख्यमंत्री अपने कैमरे से दर्शनीय स्थलों के फोटोग्राफ खींचते भी दिखे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 11 सदस्यीय दल के लिये लगभग 4.30 करोड़ रुपये की स्वीकृति देकर राशि एक निजी इवेंट मैनेजमेंट कंपनी को दे दी है। जबकि, रांची के प्रतिष्ठित टूरिस्ट ऑपरेटर रांची से स्वीडन और स्पेन की यात्रा का खर्च प्रति व्यक्ति 2,75,000 बता रहे हैं। अगर मुख्यमंत्री के लिए घूमना ही मकसद था तो इस टूर ऑपरेटर का सहारा ले सकते थे। राज्य के पैसे की भी बचत हो जाती।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को स्पष्ट करना चाहिये कि इस कंपनी को इवेंट मैनेजमेंट और सारे प्रोग्राम को मैनेज करने के लिये कितने करोड़ रुपये का भुगतान होगा। उन्होंने कहा कि पूरी यात्रा में करोड़ों रुपये फूंके गये लेकिन झारखंड में निवेश का कोई लिखित समझौता की सूचना नहीं आई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को फुटबॉल का बहुत शौक है। मुख्यमंत्री जी बर्सिलोना एफसी क्लब पहुंच गये। वहां उन्होंने क्लब की वाइस प्रेसिडेंट से जर्सी भी ग्रहण किया और तस्वीरें भी खींची। लेकिन जब फुटबॉल को झारखंड में बढ़ावा देने की बात हुई तो एग्रीमेंट आरसीडीई बार्सिलोना क्लब से किया गया, जो कि बर्सिलोना एफसी से बिल्कुल अलग क्लब है। उन्होंने कहा कि इस क्लब का मालिक विवादास्पद चीनी उद्योगपति चेन यानशेंग है, जो कि चीन की बड़ी कंपनी रास्तर का अध्यक्ष भी है। वह भारत विरोधी बयान देने के लिये जाना जाता रहा है। मुख्यमंत्री को इस फुटबॉल क्लब के साथ एग्रीमेंट से पहले मालिक की पृष्ठभूमि जांच करनी चाहिये थी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की एक तस्वीर आई। इसमें वह वोल्वो के इंजन के साथ फोटो शूट कर रहे थे। अगर मुख्यमंत्री को वोल्वो पैसेंजर गाड़ी बस और ट्रक की नवीनतम ईवी टेक्नोलॉजी देखनी थी तो वह बेंगलुरु भी जा सकते थे। जहां वोल्वो की नवीनतम टेक्नोलॉजी पर ईवी गाड़ियां बन रही हैं। इसके अतिरिक्त पुणे में टाटा भी आधुनिकतम टेक्नोलॉजी का प्रयोग करके ईवी ट्रक और बस बना रही है।

उन्होंने कहा कि झामुमो के प्रवक्ताओं ने बड़े रूप से प्रचारित किया कि एलॉन मस्क का टेस्ला ग्रुप अब झारखंड में निवेश करने वाला है। उन्होंने कहा कि एलॉन मस्क का टेस्ला ग्रुप और चेकोस्लोवाकिया के टेस्ला ग्रुप एएस में आसमान जमीन का अंतर है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के ऑफिशियल एक्स अकाउंट ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री ने स्पेन और स्वीडन की कंपनियों से स्पोर्ट्स की ब्रांडिंग, मार्केटिंग और क्रिकेट को बढ़ावा देने की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को शीघ्र अपनी पूरी यात्रा का एक श्वेत पत्र जारी करना चाहिये।

इस अवसर पर प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाइक भी उपस्थित थे।


**झारखण्ड सरकार श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग अवर प्रादेशिक नियोजनालय, राँची।**
**Email Id- sreeranchi@gmail.com**
भर्ती कैम्प – 03 मई 2025
रिक्ति सूचना

राज्य के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में नियोजित करने के उद्देश्य से निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची के तत्वावधान में अवर प्रादेशिक नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर, राँची द्वारा दिनांक 03.05.2025 को पूर्वाह्न 10:30 बजे से अवर प्रादेशिक नियोजनालय–सह–मॉडल कैरियर सेंटर, सर्कुलर रोड, राँची परिसर में भर्ती कैम्प–2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस भर्ती कैम्प में भाग ले रहे नियोजकों एवं रिक्तियों की विवरणी निम्नवत है:–

| Sl.No. | Name & Address of the Employers | Post | No of Vacancies | Qualification | Age | Salary | Experience | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | Vision India Services Pvt. Ltd. RANCHI. | Technician | 130 | 10th pass | 18-24 Yrs. | 17500/- | Fresher | Job Location- Ranchi. |
| | | Technician | 80 | 10th pass | 18-26 Yrs. | 19000/- | Fresher | |
| 02. | Virson Security & Facility Services Pvt. Ltd. HARMU, RANCHI. | Security Guard (Male & Female) | 75 | 10th pass | 18-45 Yrs. | 10000 to 15000/- | - | Job Location- All Jharkhand. |
| | | Field Officer (Only Male) | 25 | B.A | 21-45 Yrs. | 12000 to 15000/- | Yes | |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ उपस्थित होकर रोजगार के अवसरों का लाभ उठा सकते हैं। पूर्व से निबंधित उम्मीदवारों को पुनः निबंधन की आवश्यकता नहीं है। चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा।

PR 351442 Labour Employment and Traning(25-26)D

**नियोजन पदाधिकारी अवर प्रादेशिक नियोजनालय, राँची।**


# डीसीएलआर खुद दे सकते थे आदेश, सीओ को भेजा तो स्पष्ट निर्देश जरूरी : हाईकोर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने पिछले दिनों अपने एक आदेश में कहा है कि जब कोई अपीलीय पदाधिकारी किसी मामले को दोबारा निर्णय के लिए निचली अदालत को भेजता है तो उसे दोषपूर्ण आदेश को स्पष्ट रूप से रद्द करना चाहिए। साथ ही मामले के निष्पादन के लिए समय सीमा भी तय करनी चाहिए, ताकि अनावश्यक विलंब से बचा जा सके। हाईकोर्ट ने यह आदेश एक रिट याचिका की सुनवाई करते हुए दिया, जिसमें गिरिडीह जिले के याचिकाकर्ता मोहम्मद सरफराज मिर्जा ने गिरिडीह सीओ द्वारा भूमि का म्यूटेशन नहीं किये जाने के विरुद्ध हाईकोर्ट का रुख किया था। दरअसल सरफराज की म्यूटेशन अर्जी को सीओ ने इस आधार पर खारिज कर दिया कि उन्होंने जरूरी भूमि दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये थे। सीओ के आदेश को उन्होंने भूमि सुधार उप समाहर्ता (डीसीएलआर) गिरिडीह के पास अपील की। डीसीएलआर ने इस मामले को फिर से सीओ को सुनवाई कर आदेश पारित करने के लिए भेज दिया। लेकिन सीओ की ओर से सुनवाई में काफी देर की गयी।

सुनवाई के दौरान यह तर्क दिया गया कि डीसीएलआर ने जो आदेश पारित किया है, उसमें न तो कोई तारीख थी और न ही यह उल्लेख था कि सर्किल अधिकारी का आदेश रद्द किया गया। जबकि सीओ के पास मामला भेजने के बजाय डीसीएलआर खुद आदेश दे सकते थे। हाईकोर्ट ने याचिका का निपटारा करते हुए गिरिडीह डीसीएलआर को निर्देश दिया कि आदेश की प्रति प्राप्त होने या प्रस्तुत किये जाने की तारीख से चार सप्ताह के भीतर नया आदेश पारित करें।

सुप्रभात
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
गुरुवार 01.05.2025
धनबाद, वर्ष 02, अंक 12
epaper.khabarmantra.net
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ



## नीट परीक्षा को लेकर उपायुक्त एवं एसएसपी ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

### स्वच्छता, सीसीटीवी व बिजली व्यवस्था दुरुस्त रखने का निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** आगामी चार मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) को लेकर उपायुक्त माधवी मिश्रा व एसएसपी एचपी जनार्दनन ने बुधवार को जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने स्कूल के प्राचार्य को निर्देश दिया कि परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरा, समुचित विद्युत व्यवस्था, पेयजल व शौचालय की सफाई सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि एक ही दिन में परीक्षा पूरी होगी। दोपहर दो बजे से पांच बजे तक परीक्षा संचालित होगी, केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। परीक्षा केंद्रों में प्रवेश के समय पुरुष व महिला सभी परीक्षार्थियों की जांच होगी। परीक्षा केंद्रों में पुलिस बल व दंडाधिकारियों की तैनाती होगी। अफवाह फैलाने वालों पर भी नजर रखनी है। ऐसे लोगों पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। मौके पर सिटी एसपी अजित कुमार, एडीएम लॉ एंड आर्डर पीयूष सिन्हा, एसडीएम राजेश कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक कुमार झा, सिटी कोऑर्डिनेटर शैलेन्द्र शर्मा मौजूद रहे।


## कांग्रेस का संविधान बचाव रैली 6 मई को रांची में

**एक लाख से अधिक कार्यकताओं का होगा जुटान**

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** कांग्रेस पार्टी का संविधान बचाओ रैली छह मई को रांची के पुराने विधानसभा भवन मैदान में होगी। इस रैली में राज्य भर से एक लाख से अधिक कांग्रेसियों का जुटान होगा। यह जानकारी सर्किट हाउस में बुधवार को पत्रकारवार्ता आयोजित कर प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव और मो.शकील अहमद अंसारी ने दी। शाहदेव ने बताया कि संविधान बचाओ रैली तीन चरणों में होगी। 6 मई के बाद 10 मई तक जिला स्तर पर रैली होगी। 10 मई से 17 मई तक विधानसभा स्तर पर रैली होगी। 20 मई से 30 मई तक डोर टू डोर कैंपनिंग चलायी जाएगी। उन्होंने बताया 6 मई को रैली के बाद प्रदेश कार्य समिति की बैठक भी होगी जिसमे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी मौजूद रहेंगे। यह अबतक का पहला अवसर हैं जब प्रदेश कार्य समिति की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष रहेंगे।

### आईसीएसई बोर्ड परीक्षा में छात्र-छात्राओं ने गोल का नाम किया रौशन



**धनबाद।** दशवीं की आईसीएसई बोर्ड की परीक्षा में गोल के कई छात्रों ने 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक लाकर अपने मां-पिता के साथ ही गोल संस्थान एवं शिक्षकों का सम्मान बढ़ाया है। नायरा मोइन 97.6: के साथ डिनोबली स्कूल, भूली की टॉपर रही, वहीं अन्य छात्रों में पल्लवी (94.3:), काव्या (93.7:), और कुणाल (87:) आदि शामिल है। सभी सफल छात्रों को गोल संस्थान धनबाद के केन्द्र निदेशक संजय आनन्द ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

**स्पीड न्यूज**

### आतंकियों से लोहा लेने के लिए पूर्व कर्नल तैयार, सरकार से मांगी अनुमति




**धनबाद।** पहलगाम आतंकी घटना के बाद से देश भर में आक्रोश हैं। धनबाद के रहने वाले रिटायर्ड कर्नल जेके सिंह भी कश्मीर के पहलागम में हुए आतंकी हमले से आक्रोशित होकर प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर फिर से सेना में बहाल होने की अनुमति मांगी है। सेना के रिटायर्ड कैवलरी ऑफिसर कर्नल जेके सिंह ने अपने पत्र में लिखा है कि उन्होंने 31 वर्षों तक सेना में शामिल होकर देश की सेवा की है और लंबे समय तक कश्मीर बॉर्डर में तैनात रहने का अनुभव है। श्री सिंह ने बताया कि उन्होंने जम्मू कश्मीर में 14 वर्षों तक सेवा दी हैं। उनका कहना हैं कि एक बार फिर मातृभूमि की रक्षा के लिए सेना में पुनः शामिल होने को तैयार हैं।

### आज से मंडल रेल अस्पताल का ओपीडी सुबह साढ़े आठ बजे से होगा शुरू

**धनबाद।** मरीजों की सुविधाओ को ध्यान में रखते हुए मंडल रेल अस्पताल में बाह्य चिकित्सा सेवा के समय में बदलाव किया गया है। पूर्व मध्य रेलवे के चीफ मेडिकल डायरेक्टर डॉ यूके पेरुमल के आदेश पर सीएमएस ने ओपीडी के समय में बदलाव किया है। नए समय के अनुसार सुबह साढ़े आठ बजे से दोपहर तीन बजे तक डॉक्टर ओपीडी में रेलकर्मियों, रिटायर रेलकर्मियों और उनके आश्रितों का इलाज करेंगे। अस्पताल में नया नियम 01 मई से लागू होगा।सोमवार से शुक्रवार तक सुबह आठ बजे से मरीजों का रजिस्ट्रेशन शुरू होगा। सिर्फ शनिवार को सुबह साढ़े आठ बजे से दोपहर एक बजे तक ओपीडी चलेगा। टेली कंसल्टेंसी यानी फोन पर परामर्श लेने का समय सोमवार से शुक्रवार तक दोपहर तीन बजे से शाम चार बजे तक और शनिवार को दोपहर एक बजे से दो बजे तक तय किया गया हैं। वहीं सोमवार से शुक्रवार तक दवाखाना सुबह साढ़े आठ बजे से शाम चार बजे तक तथा शनिवार को सुबह साढ़े आठ बजे से दोपहर दो बजे तक खुलेगा।

## मैथन डीनोबिली स्कूल के बच्चों का शानदार प्रदर्शन




खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** आईसीएसई बोर्ड की दसवीं एवं बारहवीं परीक्षा का रिजल्ट बुधवार को प्रकाशित हुआ, जिसमें मैथन डीनोबिली स्कूल के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया है। दसवीं की परीक्षा में स्कूल के कुल 101 बच्चों ने परीक्षा में शामिल हुए थे। जिसमें 23 बच्चों ने 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त की है। दसवीं की परीक्षा में ईशान नम्बिसन ने 98.80% अंक लाकर स्कूल टॉपर होने का गौरव प्राप्त किया है। वहीं आयुष कुमार गुप्ता ने 96.80% अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं दिव्या राज ने 96.20% अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त कर अपना नाम रौशन किया है। जबकि रिशभ राज ने 95.60% लाकर चतुर्थ और आदित्य शर्मा एवं आयुषराज सिंह ने 95% लाकर पांचवां स्थान प्राप्त किया है। वहीं बारवीं विज्ञान संकाय में कुल 23 और वाणिज्य संकाय में 15 बच्चों ने परीक्षा में शामिल हुए थे। विज्ञान संकाय में आलोक प्रसाद ने 95.75% अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर होने का गौरव प्राप्त किया है, जबकि शुभागी अग्रवाल ने 92.50% एवं आदित्य मुकेश ने 90.50% अंक लाकर क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया है। वहीं वाणिज्य संकाय में अभिक साहनी ने 89.75% लाकर स्कूल टॉपर बने हैं। बच्चों के शानदार प्रदर्शन पर स्कूल की प्राचार्या शुक्ला चौधरी ने अपनी खुशी का इजहार किया और बच्चों के बेहतर व उज्जवल भविष्य की कामना की है। साथ ही कहा कि बेहतर रिजल्ट का श्रेय बच्चों की मेहनत, अभिभावकों एवं स्कूल के शिक्षक व शिक्षिकाओं की है। इन्हीं के अथक प्रयास का ही यह नतीजा है कि स्कूल के बच्चों ने बेहतर परिणाम दिया।

**एक नजर में**

### ग्रामीणों ने गैर आबाद जमीन को बचाने की जिला प्रशासन से लगाई गुहार

**गोविंदपुर।** जियलगढ़ा पंचायत अंतर्गत जियलगढ़ा मौजा की गैर आबाद जमीन पर लोगों द्वारा जबरनदखल किया जा रहा है । इसके खिलाफ कई ग्रामीणों ने उपायुक्त से शिकायत की है। ग्रामीणों ने कहा है कि 18 एकड़ की इस गैर आबाद जमीन पर पंचायत सचिवालय, प्राथमिक विद्यालय आदि बने हुए हैं ।ग्रामीणों ने यहां समाज के सहयोग से एक मंदिर का भी निर्माण कराया है। पूर्व सैनिक को भी जिला प्रशासन ने जमीन बंदोबस्ती दी है और अंचल कार्यालय गोविंदपुर ने इस जमीन के शेष भाग पर सिद्धू कानू पार्क निर्माण के लिए जिला प्रशासन को जमीन उपलब्ध कराया है।

### सिंदरी विधायक ने बीबीएमकेयू कुलपति से की मुलाकात



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो ने बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ राम कुमार सिंह से बुधवार को मुलाकात की। इस अवसर पर कुलपति ने सिंदरी विधायक को बुके व विश्वविद्यालय का प्रतीक भेंट कर स्वागत किया। चर्चा के बाद विधायक चंद्रदेव महतो ने बताया कि कुलपति के द्वारा सकारात्मक पहल करते हुए सभी मांगों को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया है।

### अपहृत लड़की की बरामदगी को लेकर विहिप करेगा धरना-प्रदर्शन



खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** निरसा प्रखंड विश्व हिंदू परिषद की बैठक बुधवार की शाम नया डांगा काली मंदिर परिसर में जिला अध्यक्ष विवेक मंडल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि भुरकुंडा बाड़ी के इस्माइल अंसारी द्वारा दूसरे समुदाय की लड़की के अपहरण किए हुए 6 दिन बीत गए, परंतु अब तक उसका कोई अता-पता नहीं है। अपहत लड़की की बरामदगी को लेकर शनिवार को विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता कलियासोल प्रखंड सह अंचल कार्यालय पर एकदिवसीय धरना देंगे। बैठक को संबोधित करते हुए विहिप के ग्रामीण जिलाध्यक्ष विपिन मंडल ने कहा कि 6 दिन बीत जाने के बावजूद भी पुलिस प्रशासन लड़की को सकुशल वापस लाने में असफल रही है। इसे लेकर विश्व हिंदू परिषद द्वारा एसएसपी को लड़की की सकुशल वापसी को लेकर 48 घंटे का मोहलत दिया गया था। परंतु अब तक पुलिस लड़की को बरामद करने में सफल रही है। इसलिए हम लोग शनिवार को कलियासोल प्रखंड सह अंचल कार्यालय पर धरना देकर पुलिस प्रशासन पर दबाव बनाने का प्रयास करेंगे। लड़की की सकुशल वापसी को लेकर विश्व हिंदू परिषद क्रमबद्ध आंदोलन करेगी। बैठक को विहिप विभाग संगठन मंत्री दीपक मंडल, कृष्णनंदन रवानी, राजीव सिंह, खगेश ठाकुर, गणेश गोराई, अमित भंडारी इत्यादि ने भी संबोधित किया।


## कतरास में ब्राम्हण समाज ने परशुराम जयंती मनाया



खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** ब्राम्हण समाज ने कतरास स्थित सालासर बालाजी मंदिर में बड़े ही धूमधाम के साथ परशुराम जयंती मनाया। इस दौरान भगवान परशुराम के तस्बीर को सामने रखकर पूर्ण विधि विधान के साथ भगवान परशुराम का पूजन किया गया। मुख्य यजमान के रूप में बबलू बनर्जी तथा आचार्य के रूप में मुकेश पाण्डेय तथा बाल्मीकि पाठक थे। मौके पर सुरेश शर्मा, नीरज शर्मा ,सुशील कुमार शर्मा ,मिथिलेश शर्मा, अमरीश ठाकुर लक्ष्मण झा, धीरज झा, मुकेश झा, आशीष चटर्जी गोपाल चौबे ,चंचल कुमार शर्मा ,चेतन शर्मा, तरुण चटर्जी, विवेक हजारी ,रविंद्र कुमार हरिओम तिवारी, बबलू भट्टाचार्य, वाई के पाठक, आशुतोष पांडे, श्याम सुंदर पाण्डेय, उमाकांत तिवारी, सुमित चटर्जी , समीरचक्रवर्ती, अविनाश कुमार, धर्मेन्द्र पाण्डेय, देवाशीष चटर्जी, देवाशीष मुखर्जी आदि थे।

## कतरास में सड़क पर जल जमाव से निगम की पोल खुली



**कतरास।** बुधवार शाम हुई बारिश से कतरास शहर का मुख्य सड़क जल मग्न हो गया। सब्जी पट्टी से लेकर बस पड़ाव के समीप सड़क पर जल जमाव से वाहनों की बात तो दूर लोगों को पैदल गुजरने में परेशानी उठानी पड़ी। सड़क किनारे लगी सब्जी दुकानों को भी काफी नुकसान हुआ। बता दें बारिश पड़ने पर सब्जी पट्टी ( राजगंज रोड) की यही स्थिति हो जाती है। बता दे इसी रोड के बस पड़ाव के अंदर निगम का अंचल कार्यालय है।

## श्री श्याम मंदिर की आधारशिला





खबर मन्त्र संवाददाता

**गेविंदपुर।** मारवाड़ी समाज ने बुधवार को श्याम वाटिका कॉलोनी में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्री श्याम मंदिर की आधारशिला रखी। मंदिर के लिए 25 डिसमिल जमीन देने वाले गोविंदपुर के रामकुमार मित्तल एवं झरिया के लोकराम अग्रवाल परिवार के सदस्यों ने पंडित नरेश मिश्रा की उपस्थिति में भूमि पूजन किया। इसके बाद राजस्थान के खाटू श्याम जी से लाई गई पहली ईट बुनियाद में रखी गई। मंदिर के सभी ट्रस्टी ने बुनियाद में ईट रखी। श्री श्याम कीर्तन मंडल गोविंदपुर की टीम की देखरेख में आगामी 2 वर्षों में भव्य भी श्याम मंदिर का निर्माण किया जाएगा। श्री श्याम जी खाटू राजस्थान की देखरेख में ही यहां के सारे कार्य होंगे। इस मंदिर में अखंड ज्योत अनवरत जलती रहेगी। इसके लिए खाटू श्याम जी से विधि विधान के साथ ज्योत लाकर यहां स्थापित की जाएगी। जयपुर के आर्किटेक्ट के पर्यवेक्षण में मंदिर का निर्माण मारवाड़ी समाज की ओर से किया जाएगा। इसमें गोविंदपुर के अलावा बलियापुर, धनबाद व झरिया के भी मारवाड़ी समाज के लोग सहयोग कर रहे हैं। ज्ञात हो कि श्री श्याम कीर्तन मंडल के सदस्यों ने बताया कि गोविंदपुर में श्री श्याम मंदिर निर्माण की योजना करीब 30 वर्ष पूर्व बनी थी और इसके लिए कई स्थान देखा गया था। पर बात नहीं बन पाई और अंत में श्री श्याम वाटिका कॉलोनी में दान में दी गई जमीन पर निर्माण कार्य शुरू हुआ। मौके पर जयप्रकाश मित्तल, गोपाल अग्रवाल, किशन अग्रवाल, सीए अनिल अग्रवाल, गोविंद दुदानी, सुरेश सरिया, पवन लोधा, राजेंद्र बंसल, सुभाष मित्तल, विनोद मित्तल, अनिल सांवरिया, रमेश सरिया, मीठू सरिया, अजय सरिया, ललित केजरीवाल, आशीष अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, अरुण अग्रवाल उपस्थित थे।

## प्रयास इंडिया के वार्षिकोत्सव रेनबो में सुर संग्राम का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी।** बीआईटी सिंदरी के छात्रों द्वारा संचालित सामाजिक संस्था प्रयास इंडिया के वार्षिकोत्सव रेनबो 2025 के अंतर्गत बुधवार को स्वर संगीत की अद्भुत प्रस्तुति सुर संग्राम का भव्य आयोजन किया गया। इस गायन प्रतियोगिता में संस्थान के विभिन्न विभागों के प्रतिभाशाली छात्रों ने अपने सुर-ताल और भाव से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने शास्त्रीय, सूफी बॉलीवुड और लोकगीतों के विभिन्न प्रस्तुतियों से अपनी गायन प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। हर एक प्रस्तुति पर दर्शकों के तालियों की गूंज कार्यक्रम को अत्यंत प्रभावशाली बना दिया।

### तालडंगा हाउसिंग कॉलोनी में माँ शीतल की पूजा अर्चना धूमधाम से मनी



खबर मन्त्र संवाददाता

**कुमारधुबी।** तालडंगा हाउसिंग कॉलोनी स्थित माँ शीतला की पूजा सोमवार की रात को धूमधाम से हुई संपन्न। वही दूर-दूर से श्रद्धालु आकर शीतला माँ के मंदिर में माथा टेक कर पूजा अर्चना किया। जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उम्र पड़ी। मां शीतला की पूजा के बाद प्रसाद में चना गुड,तरबूज, खिचड़ी खीरा वितरण भी श्रद्धालुओं के बीच किया गया। वही मंदिर के पुजारी ने कहा कि मां शीतला की पूजा 53 साल से यहां चलती आ रही है, मां शीतला की पूजा करने से हर कष्ट दूर हो जाते हैं और मां का आशीर्वाद भी श्रद्धालुओं को मिलता है यहां दूर-दूर से लोग आकर श्रद्धालु पूजा अर्चना करते हैं और मां का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। मौके पर समाजसेवी पप्पू गुप्ता, वरुण डे, पप्पू सिंह बड़ी संख्या महिलाएं पुरुष एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद थे।

## पुलिस लाइन में पुराने वाहनों की हुई नीलामी, 8 लाख से अधिक का राजस्व की हुई प्राप्ति

खबर मन्त्र संवाददाता





**धनबाद।** पुलिस लाइन में बुधवार को पुलिस विभाग के पुराने और खराब पड़े वाहनों की नीलामी की गयी। नीलामी की प्रक्रिया एसएसपी एचपी जनार्दनन, ग्रामीण एसपी कपिल चैधरी, डीएसपी डीएन बंका और मोटरयान निरीक्षक की निगरानी में की गयी। खुले डाक के माध्यम से नीलामी की प्रक्रिया पूरी की गयी। नीलामी में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। वाहनों की नीलामी में पुलिस विभाग को 8 लाख 43 हजार 600 रुपए की आमदनी हुई। नीलाम हुए वाहनों में बोलेरो, जिप्सी, जीप समेत बाईक शामिल रहा।एसएसपी ने बताया कि सभी पुरानी गाड़ियों की नीलामी की गई है जो 15 साल से ऊपर हो चुकी थी।

इन गाड़ियों को रद्द करते हुए नीलामी की गई हैं। नीलाम गाड़ियों को अगर सड़क पर चलाया जाता हैं तो पकड़े जाने पर कार्रवाई भी की जाएगी।

## स्पीड न्यूज

### जांच अभियान में दर्जनों वाहन हुए जब्त



**मेदिनीनगर।** ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने कचहरी चौक पर सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान चार पहिया एवं दोपहिया वाहनों की जांच की गयी। जांच में कुछ बाइक चालक ट्रिपल लोड, बगैर हेलमेट तथा कुछ बगैर लाइसेंस के मिले, जिसमें से 13 को जब्त किया गया। 30 को जिला परिवहन कार्यालय से 05 बाइकों की चलान राशि 9,150 एवं 02 शराबी बाइक चालकों से 21,372 रुपये वसूला गया। 01 टेंपो से 4150 वहीं टोटल चालान फाइन राशि 34,672 रुपये आया है।

### घर में मिला महिला का शव



**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला थाना क्षेत्र के बी मोड़ के पास स्थित एक घर से महिला का शव बरामद हुआ है। जिसकी पहचान स्व रामनाथ विश्वकर्मा की पुत्री आरती देवी (44) के रूप में हुई है। उसकी शादी लगभग 25 वर्ष पूर्व गढ़वा जिला के वंशीधर नगर में हुई थी। दस वर्ष पहले उसके पति की मौत हो गयी थी जिसके बाद से वह अपने माता-पिता के साथ रहती थी। माता-पिता के निधन के बाद वह अकेले ही रह रही थी। उसके चेहरे पर चोट का निशान है जिससे आशंका जतायी जा रही है कि उसकी हत्या की गयी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये मेदिनीनगर एमएमसीएच भेज दिया है। रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामला कुछ स्पष्ट होगा।

### सड़क दुर्घटना में मनातू झामुमो प्रखंड अध्यक्ष गंभीर, पत्नी-बच्चा भी घायल



**मनातू (पलामू)।** झामुमो प्रखंड अध्यक्ष बसंत सिंह सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल गये। वे मंगलवार की शाम पत्नी-बच्चे के साथ अपाची बाइक से चैनपुर चांदो गांव रिश्तेदार के घर शादी में जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में रेडमा चौक के पास एक कार ने उन्हें पीछे से धक्का मार दिया, जिसमें वे गिर गये। बसंत गंभीर रूप से घायल हैं। उनका दाहिना पैर टूट गया है। जबकि उनकी पत्नी और बच्चे को कई जगह चोट लगी है। दोनों मां-बेटे खतरे से बाहर बताये जा रहे हैं। जानकारी मिलने के बाद के बाद पलामू पुलिस जवान राकेश सिंह, संतन कुमार, इसराइल अहमद पहुंचे और उन्हें मेदनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया। जहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। उनका इलाज डॉ रोहित पांडे की देखरेख में चल रहा है। पुलिस दोनों वाहनों को जब्त कर थाना ले आयी है।

### ऋत्विक समाज ने मनायी परशुराम जयंती



**पाटन पलामू।** प्रखंड के शिव मंदिर प्रांगण मोरेया टांड़ में ऋत्विक समाज ने परशुराम जयंती धूमधाम से मनायी। मौके पर समाज के विनोद उपाध्याय, प्रकाश दुबे, शशिकांत दुबे, बबन दुबे, बलराम उपाध्याय, धीरेंद्र उपाध्याय, यमुना गिरी, परशुराम तिवारी, बलराम तिवारी, कुंदन उपाध्याय, बचन उपाध्याय, सरदारी उपाध्याय, मुरारी उपाध्याय, संजय सिंह, प्रदीप सिंह, अजय उपाध्याय, अशोक उपाध्याय, भूषण पांडेय सहित सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। सभी ने पूजा अर्चना की तथा भगवान परशुराम के बारे में प्रकाश डाला। कहा कि भगवान परशुराम के आदर्शों को आत्मसात करने की जरूरत है। इनकी महिमा बहुत बड़ी है। हम सभी हिंदुओं को परशुराम भगवान के बताये गये रास्ते पर चलने की जरूरत है।

### ग्राम खरौंधा के एक घर में लगी आग पांच लाख की संपत्ति जलकर खाक



**पाटन पलामू।** प्रखंड के खरौंधा निवासी अरविंद माली के घर में आग लगने से करीब पांच लाख कि संपत्ति जल कर राख हो गयी। मंगलवार की शाम खरौंधा के अरविंद माली के घर में बिजली शौर्ट सर्किट से आग लगी। जिससे सिंगार दुकान का सारा समान राख हो गया। वहीं घर में रखी वाशिंग मशीन, इन्वर्टर, सिलाई मशीन, गहना, पांच हजार नकद अनाज जलकर राख हो गया। घटना के समय घर के सभी लोग शादी ब्याह में गये हुए थे। घर में केवल विकलांग वृद्ध दंपति थे, जिसे ग्रामीणों ने किसी तरह आग से बचाया। सूचना पर सगुना मुखिया प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, पाटन पश्चिमी जिप सदस्य संग्राम सिंह, पाटन थाना प्रभारी लालजी, किशुनपुर ओपी प्रभारी निलेश कुमार घटनास्थल पहुंच अग्निशामक बुलाकर आग पर काबू पाये। संग्राम और सुरेंद्र सिंह ने भुक्तभोगी को सरकारी मुआवजा दिलाने का भरोसा दिया है। वहीं भुक्तभोगी ने पाटन सीओ को आवेदन देकर उचित मुआवजा की मांग की है।

### टीएसपीएस ने प्रखंड कार्यालय और घासीदाग पंचायत भवन पर साटा पोस्टर

**विश्रामपुर (पलामू)।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीएस ने बिश्रामपुर प्रखंड कार्यालय के प्रवेश द्वार के बगल में दिवार पर पोस्टर चिपकाया है। पोस्टर मंगलवार की रात को ही चिपकाया गया है लेकिन बुधवार के बारह बजे तक पोस्टर पर किसी की निगाह नहीं पड़ी। बाद में एक आदेशपाल की नजर उस पर गयी,तो उसने प्रखंड क्षेत्र में मनरेगा योजनाओं का निरीक्षण पर निकले बीडीओ राजीव सिंह को दूरभाष पर इसकी जानकारी दी। बीडीओ श्री सिंह ने इसकी सूचना बिश्रामपुर पुलिस को दी। पुलिस ने तत्काल दो चौकीदारों को ब्लॉक में भेजा,लेकिन खबर लिखे जाने तक पोस्टर अभी भी दिवाल पर चिपका हुआ है। इसके अलावे नक्सली संगठन टीएसपीएस ने प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत घासीदाग के पंचायत भवन के दीवार पर भी पोस्टर चिपकाया है। मुखिया से सूचना मिलने पर बिश्रामपुर थाना प्रभारी सौरभ चौबे कई पुलिस पदाधिकारियों व जवानों के साथ वहां पहुंचे और पोस्टर को उखाड़ दिया। नक्सलियों के पोस्टर में मजदूर दिवस जिंदाबाद, शिकागो के वीर शहीदों को शत शत नमन, शोषण - जुल्म के खिलाफ मजदूरों को एक होने का आह्वान, शोषण, जुल्म, अत्याचार, भ्रष्टाचार मिटाना है तो शास्त्र आंदोलन तेज करो, बीडीओ, बिचौलिया, मुखिया हो रहे मालामाल, पुलिस दलाल होशियार, मार्क्सवाद - लेनिनवाद माओ विचारधारा जिंदाबाद सहित कुल बारह नारा लिखा हुआ है।

## चेहरा प्रमाणीकरण की उपलब्धि हासिल नहीं करने पर सीडीपीओ और सुपरवाइजर का रूकेगा वेतन : डीडीसी

- आंगनबाड़ी केंद्रों में बेहतर शैक्षणिक माहौल तैयार कर बच्चों को दें शिक्षा
- अभिभावकों के साथ बैठक कर बच्चों को स्कूल भेजने को करें प्रेरित
- डीडीसी ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में जानकारी लेते डीडीसी शब्बीर अहमद व अन्य पदाधिकारी।

**मेदिनीनगर ।** उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। समाहरणालय के ब्लॉक सी स्थित सभागार में समीक्षा के दौरान उप विकास आयुक्त ने टी.एच.आर. एवं पोषाहार की समीक्षा की।

वहीं विभागीय दिशा-निर्देश के आलोक में सभी लाभुकों का चेहरा प्रमाणीकरण (चेहरा सत्यापन) करने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने 10 मई तक 50 प्रतिशत एवं मई माह के अंत तक शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करते हुए चेहरा प्रमाणीकरण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मई माह के अंत तक उपलब्धि हासिल नहीं करने की स्थिति में संबंधित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं पर्यवेक्षकों का वेतन अवरूद्ध करने की कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने पोषण ट्रेकर के सभी इंडिकेटर पर शत प्रतिशत प्रविष्टि का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के सीएएस लाभुक का सत्यापन दस दिनों के अंदर हर हाल में करने एवं नये लाभुकों का प्रविष्टि लक्ष्य के अनुरूप करने का निर्देश दिया।

## जनता दरबार से आमजनों की समस्याएं हो रही दूर : उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- प्राथमिकता के तहत शिकायतों का निपटरा करें पदाधिकारी
- उपायुक्त ने लगाया जनता दरबार, विभिन्न प्रखंडों से आए फरीयादी
- आमजनों की समस्याओं से बारी-बारी अवगत हुए उपायुक्त
- जनता दरबार में 32 आवेदन प्राप्त, उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को अग्रसारित करते हुए समस्या हल का दिया निर्देश



**मेदिनीनगर ।** पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमलोगों को देने की दिशा में प्रशासन की टीम तत्परता के साथ कार्य कर रही है। समाहरणालय में प्रत्येक बुधवार को आयोजित हो रहे जनता दरबार के तहत आज विभिन्न प्रखंडों से 32 लोग पहुंचे। उपायुक्त को अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए उससे संबंधित आवेदन दिया और समस्या हल करने की गुहार लगाई। उपायुक्त शशि रंजन ने भी विभिन्न फरीयादियों से मिले, उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना, उनके आवेदनों को पढ़ा और कई लोगों को तत्काल समस्या दूर करने का भरोसा दिया। वहीं कुछ आवेदनों को संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को स्थानांतरित करते हुए प्राथमिकता के तहत समस्या दूर करते हुए आवेदनों का निष्पादन कर संबंधित व्यक्तियों को लाभान्वित करने एवं निष्पादन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उपायुक्त के जनता दरबार में आज नेउरा गांव निवासियों ने रैयती भूमि पर जबरन कब्जा जमाने की शिकायत करते हुए कब्जाधारियों से उसे मुक्त करने की गुहार लगायी।

### पुस्तकालय की सुविधाओं में विस्तार को लेकर प्रबंध समिति की बैठक

## अब सुदृढ़ होगा मास्टर सोबरन मांझी जिला पुस्तकालय : डीडीसी

- उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिये गये कई महत्वपूर्ण निर्णय

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में जानकारी लेते डीडीसी व अन्य अधिकारी।

**मेदिनीनगर।** मास्टर सोबरन मांझी जिला पुस्तकालय (केन्द्रीय पुस्तकालय) साहित्य समाज को और सुदृढ़ किया जायेगा। वहीं यहां सुविधाओं का विस्तार किया जायेगा। इसे लेकर उपायुक्त-सह- पुस्तकालय के अध्यक्ष शशि रंजन के निर्देश पर उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद की अध्यक्षता में पुस्तकालय में जिला पुस्तकालय के प्रबंध समिति की बैठक हुई। इसमें पुस्तकालय के सुदृढ़ीकरण एवं पुस्तकालय में सुविधाओं में विस्तार को लेकर चर्चा हुई। साथ ही पुस्तकालय के सुविधाओं को बेहतर बनाने को लेकर विभिन्न प्रस्ताव पर निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान पुस्तकालय में अध्ययन करने वाले सुधि पाठकों, विद्यार्थियों की नवीनतम जानकारी के लिए नई और अद्यतन पुस्तकों की खरीद का निर्णय लिया गया। इसके लिए पुस्तकों की सूची भी तैयार की जा रही है। वहीं 25 के.वी को सोलर पैनल प्रणाली स्थापित किया जायेगा, ताकि बिजली कट की स्थिति में सोलर पैनल प्रणाली के माध्यम से पावर बैकअप दिया जा सके। विशेष पुस्तकालय अनुभाग तथा एक आईटी अनुभाग का निर्माण हेतु विचार-विमर्श हुआ। पुस्तकालय में इसके नाम डिस्पले बोर्ड लगाने, रंग-रोगन, सीसीटीवी कैमरा का अधिष्ठापन, अतिरिक्त वाटर कूलर सह प्यूरीफायर लगाने का निर्णय लिया गया।

## कार्यपालक पदाधिकारी ने नप क्षेत्र के सभी ड्राई जोन का लिया जायजा

›› टास्क फोर्स को दिया कई निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



ग्रामीणों से बात करते कार्यपालक।

**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडौत ने मंगलवार को बिश्रामपुर नगर परिषद के सभी ड्राई जोन क्षेत्र का जायजा लिया। इस दौरान श्री खंडौत रेहला, विशुनपुर, रक्साहा, भलुही, कविलासी, गौरा रोड़, डिहरिया, झगरूआ, बरवाडीह, उरसूला समेत कई गांवों में गये। पानी के वास्तविक स्थिति का अवलोकन किया।

ग्रामीणों से जलस्त्रोतों के बारे में जानकारी ली। कई चापानलों को उन्होंने खुद चलाकर देखा। खराब पड़े चापानलों के तुरंत मरम्मत करने का आदेश दिया। जालमीनारों का भी निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने ग्रीष्म कालीन जल संकट से निपटने के लिये गठित टास्कफोर्स को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। उन्होंने कहा कि पेयजलापूर्ति में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। मौके पर नगर प्रबंधक प्रभात कुमार, कनीय अभियंता संदीप मौर्या, आशीष पांडेय, आनंद कुमार, प्रवीण कुमार, कमलेश चौधरी, दीपक सिंह, दीपक कुमार, समित कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## स्कूल रुआर 2025 कार्यक्रम की सफलता को ले रेहला में प्रखंड स्तरीय कार्यशाला आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला जेबी उच्च विधालय के सभागार में बुधवार को स्कूल रुआर 2025 कार्यक्रम की सफलता को लेकर प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन बीडीओ राजीव कुमार सिंह, जिला पार्षद विजय रविदास, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, बीईईओ महेंद्र प्रजापति, बीपीएम सतीश तिवारी व बीआरपी मनोज पाठक ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मनोज द्विवेदी ने किया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना व शत-प्रतिशत बच्चों को विद्यालय से जोड़ने के संकल्प को मजबूत बनाना है। बीडीओ राजीव सिंह ने कहा कि स्कूल रुआर 2025 एक महत्वाकांक्षी पहल है। जिसका उद्देश्य 5 से 18 वर्ष की आयु के प्रत्येक बच्चे को शिक्षा के मुख्यधारा में लाना है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत पांच वर्ष से ऊपर के सभी बच्चों का आंगनबाड़ी से प्राथमिक विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित करना है। विद्यालय में नामांकित 5 से 18 वर्ष के बच्चों की नियमित उपस्थिति दर्ज करना है।

## पंडवा फेयमाइंस कार्बन लिमिटेड ने पलामू पुलिस को 20 ब्रेथ एनलाईजर प्रदान किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- कंपनी का योगदान बेहद ही सराहनीय है : एसडीपीओ मणिभूषण



**मेदिनीनगर।** पंडवा फेयरमाइंस कार्बन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा पलामू पुलिस को 20 ब्रेथ एनालाईजर भेंट किया गया। फेयर माइंस के डिप्टी मैनेजर अशोक कुमार मिश्रा ने 20 एनालाईजर मशीन सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद को कार्यालय में भेंट किया। इस मौके पर यातायात प्रभारी समाल अहमद मौजूद थे। जिन्हें एसडीपीओ ने एनालाईर मशीन सौंपा। इस मौके पर सदर एसडीपीओ ने कहा कि फेयर माइंस द्वारा दिया गया ब्रेथ एनलाईजर पलामू पुलिस के लिए कारगर साबित होगा। यह योगदान काफी सराहनीय है। उन्होंने कहा कि शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों की जांच सुगमता पूर्वक जिले के हर प्रखंड पंचायत स्तर पर किया जायेगा। श्रीभूषण ने कहा कि ब्रेथ एनालाईजर मशीन पलामू जिले के सभी थाना क्षेत्रों में रहने के कारण शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों में भय उत्पन्न होगा। इस कारण सड़क दुर्घटना में कमी आयेगी।

### रेहला थाना क्षेत्र में अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर सीओ राकेश तिवारी ने सोमवार की रात रेहला थाना क्षेत्र से एक बालू लदा ट्रैक्टर जब्त किया है। सीओ ने बालू लदे जब्त ट्रैक्टर को रेहला थाना को सौंप दिया है। सीओ ने बताया कि जीएनटी लागू होने के बाद भी बालू माफिया कोयल नदी से बालू का अवैध उत्खनन कर रहे हैं। गुप्त सूचना के आधार पर औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान एक बालू लदा ट्रैक्टर मिला, जिसे जब्त कर लिया गया। अग्रेतर कार्रवाई के लिये जिला खनन विभाग को लिखा गया है।

### डीएवी के प्राचार्य डॉ जी एन खान आदर्श व्यक्तित्व के धनी हैं : पूर्व सैनिक बृजेश कुमार शुक्ला



**मेदिनीनगर।** पूर्व सैनिक बृजेश शुक्ला ने डीएवी स्कूल के प्राचार्य डॉ जीएन खान के स्थानांतरण के बाद स्कूल में जाकर अंगवस्त्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया। उन्होंने डॉ खान के कार्यकाल में विद्यालय अच्छा मुकाम हासिल किया। श्री खान आदर्श व्यक्तित्व के धनी हैं। इनके कार्यकाल में बच्चों में शिक्षा, संस्कार एवं अनुशासन का संचार हुआ। विद्यालय को इन्होंने पूरे झारखंड ही नहीं देश स्तर पर स्थापित किया। पलामू के शिक्षा जगत में इन्होंने अपना अमिट छाप छोड़ा है। उन्होंने प्राचार्य के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## विश्रामपुर बीडीओ ने भंडार पंचायत में ग्रीष्मकालीन जलसंकट का लिया जायजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- नल जल योजना की विफलता पर आक्रोशित बीडीओ ने संवेदक को लगायी फटकार



**विश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर बीडीओ राजीव कुमार सिंह ने बुधवार को ग्रीष्म कालीन जल संकट के मद्देनजर भंडार पंचायत का जायजा लिया। इस दौरान बीडीओ श्री सिंह ने सभी चापानलों के वर्तमान हालत का अवलोकन किया।

खुद चापानल चलाकर देखा और खराब पड़े चापानलों के मरम्मत का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत हर घर पाइप-लाइन से पहुंचाई जाने वाली जल नल योजना का भी निरीक्षण किया। इस क्रम में टोना गांव के बलुआहा टोला पर स्थापित बंद पड़े जलमीनार को देखकर भड़क गये। उन्होंने संवेदक संजय सिंह को कड़ी फटकार लगाते हुये तत्काल चालू करने का निर्देश दिया।

## लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, सुबह से शाम तक परिक्रमा जारी

- वैदिक मंत्रोच्चार से भक्तिमय हो उठा पूरा क्षेत्र


**खबर मन्त्र संवाददाता**



**यज्ञ परिसर में भक्ति जागरण आज :** भाली के लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के चौथे दिन गुरुवार को यज्ञ समिति यज्ञ परिसर में भक्ति जागरण रखी है। जिसमें वेभ म्यूजिक कंपनी के सुपरस्टार कलाकार महानंद मिश्रा उर्फ अमु जी और महुआ चैनल के कलाकार मनोज तिवारी भक्ति जागरण करेंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए यज्ञ समिति के लोग जुट गये हैं।

**मोहम्मदगंज पलामू।** गोडाडीह पंचायत के भाली गांव में श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के परम पूज्य शिष्य श्री लक्ष्मीपरपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के आशीर्वाद से पलामू वृद्धखैरा के पीठाधीश्वर श्री विष्णुचित्त स्वामी जी महाराज के सान्निध्य में ग्राम देवी, शिव शक्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में अहले सुबह से ही श्रद्धालु यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर रहे हैं। सुबह से शाम तक यज्ञाचार्य उपेंद्र नारायण शुक्ल सहित विद्वान पंडितों के यज्ञ पूजा और वेद पाठ से क्षेत्र में भक्ति का माहौल है। शाम में वृंदावन के कथा व्यास जगतगुरु रामानुजाचार्य श्री चतुभुर्जाचर्य जी महाराज सहित बक्सर बिहार से पधारे विद्वान कथावाचक का प्रवचन जारी है।

### ग्राम टुईयां में लगी तीन जलमीनार दो माह से खराब



**पाटन पलामू।** पलामू जिले में गर्मी शुरू होते ही पानी की किल्लत शुरू हो गई है। जिले के नदी नाले, तालाब में भी पानी नहीं के बराबर है। पाटन प्रखंड अंतर्गत कसवाखांड़ पंचायत के टुईयां ग्राम में 14वीं वित से लगाये गये तीन जलमिनार दो साल से खराब पड़ा हुआ है। जिससे ग्रामीणों को पानी का भारी किल्लत झेलना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि साल भर पहले मिस्त्री ने मशीन खोलकर बनाने के लिए ले गया है लेकिन अभी तक बना कर नहीं लगाया है। इस भीषण गर्मी में लोग पानी के लिए दर दर भटकते पर मजबुर हैं। गांव में चापानल भी खराब पड़े हुए हैं जिसका शिकायत कई बार विभाग को दी गई है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रहा है। टुइयां ग्राम में पानी का जलस्तर भी काफी नीचे है जिससे पानी की भारी समस्या है। ग्रामीणों ने अविलंब खराब पड़े जलमिनार एवं चापानल को बनाने की मांग की है जिससे इस भीषण गर्मी में लोगों को पानी मिल सके। टुइयां ग्राम के ग्रामीणों ने बताया कि पानी की किल्लत होने से जीव जंतु पर भी असर पड़ रहा है । पानी के बिना जानवर प्यासे रह जा रहे हैं। इस कारण पशुपालक भी चिंतित हैं। उनका कहना है कि वे अपने लिए पानी जुगाड़ करें या जानवरों को पिलायें। पानी की समस्या होने से लोग दर दर भटक रहे हैं लेकिन विभाग बेखबर है।

## सीओ सह बीडीओ ने पेयजल समस्या समाधान को ले खराब चापानल व जलमीनारों का लिया जायजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**





खराब चापानलों और जलमीनार की हकीकत जानने पहुंचे बीडीओ सह सीओ व अन्य।

**सतबरवा पलामू।** प्रखंड क्षेत्र में गर्मी को दस्तक देते ही पेयजल संबंधी कठिनाई और उसके निदान को लेकर बुधवार को सीओ सह बीडीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने पोची गांव में मुखिया संघ के अध्यक्ष गिरवर प्रसाद राम के पहल पर खराब पड़े चापाकल और जलमीनार के बारे में जानकारी ली है। बीडीओ सह सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के सभी गांवो में जलापूर्ति कराना सरकार तथा प्रशासन की पहली प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने इस दौरान क्षेत्र के जलसहिया के बारे में जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि जलसहिया केवल खाना पूर्ति करके चली जाती है। कहा कि प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कही भी पेयजल की समस्या हो तो उसकी जानकारी विभाग को दे ताकि उसका निदान समय पर हो सके। ग्रामीणों से जानकारी मिली है कि एक स्थान पर चापाकल में मोटर पंप लगाकर निजी उपयोग किया जा रहा है, उन्होंने निजी उपयोगकर्ता से अविलंब चापाकल की स्थिति में सुधार करने और सामूहिक रूप से सभी लोगों के लिए पानी मुहैया कराने को कहा। बीडीओ सह सीओ ने बताया कि पोंची पंचायत में 6 जगह पर शिकायत के बाद जल नल योजना से जलापूर्ति के लिए लगा जलमीनार और चापाकल का निरीक्षण किया।

मुखिया गिरवर राम ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत पर मदन यादव, मालदेव यादव, देवी मंडप पोंची में खराब हो चुके जलमीनार तथा रामकिशुन यादव तथा केवल यादव के घर के पास चापाकल में लगाये गये खराब पड़े जलमीनार का निरीक्षण बीडीओ सह सीओ ने किया।

## कोशिश : पलामू को दुर्घटनाविहीन करने में लगातार प्रयासरत है वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**




कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित पदाधिकारी।

**चैनपुर पलामू।** वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट लगातार जनहित में कार्य कर रही है । इससे पलामू में सड़क दुर्घटनाओं में कमी आयी है। ट्रस्ट हमेशा विभिन्न स्कूल, कॉलेजों में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाकर बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करती है । साथ ही यह टीम तमाम बच्चों से यह अपील करती है कि आप अपने अभिभावकों को इसके लिए अवश्य जागरूक करें। सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान स्टेशन रोड स्थित रोटरी स्कूल में आयोजित था। इस अवसर पर संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा ने कहा कि हमारी टीम वरदान लगातार प्रयासरत है कि लोग सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक हों। तमाम सुरक्षा नियमों का ईमानदारी से पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए मोटिवेट करें।अगर एक भी व्यक्ति हमारी बातों पर अमल करके दुर्घटना से बच जाता है तो यही हमारे इस अभियान की सफलता है। ट्रैफिक इंचार्ज समाल अहमद ने बच्चों को सड़क पर सुरक्षा नियमों को तोड़ने पर दंड के प्रावधान की बातें बताईं और कहा कि हमारा उद्देश्य आपको फाइन करना नहीं है लेकिन सुरक्षा नियमों का पालन नहीं करने पर हम इसके लिए बाध्य हो जाते हैं। मयूरेश द्विवेदी ने सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़े प्रस्तुत करते हुए इससे होने वाले नुकसान की बात कही। मौके पर पंकज लोचन ने कहा कि स्कूल आने जाने समय भी तमाम सुरक्षा नियमों का पालन आपके लिए बेहद जरूरी है। विवेक वर्मा ने बिना ड्राइविंग लाइसेंस के गाड़ी न चलाने की बात कही।

स्पीड न्यूज

## नहीं मिली नंदकुमार सिंह को राहत

**धनबाद।** रंजय सिंह की हत्या के मामले में जेल में बंद नंदकुमार सिंह उर्फ मामा को उच्च न्यायालय से भी राहत नहीं मिली है। नंद कुमार सिंह ने झारखंड उच्च न्यायालय में जमानत की अर्जी लगाई थी। बुधवार को नंद कुमार सिंह उर्फ मामा की जमानत अर्जी पर सुनवाई हुई। झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अंबुज नाथ की अदालत ने जमानत की अर्जी पर सुनवाई करते हुए निचली अदालत से केस की अद्यतन स्थिति तथा केस डायरी की मांग की है। नंद कुमार सिंह इस मामले में न्यायिक हिरासत में जेल में बंद है। सुरक्षा की दृष्टि से उसे रांची जेल में रखा गया है।

## धनबाद-कोयम्बतूर स्पेशल के परिचालन में विस्तार

**धनबाद।** ग्रीष्म ऋतु में यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे ने धनबाद- कोयम्बतूर स्पेशल ट्रेन के परिचालन का विस्तार किया है। 02 मई से 23 मई तक प्रत्येक शुक्रवार को 06063 कोयम्बतूर- धनबाद स्पेशल कोयम्बतूर से सुबह 11.50 बजे खुलेगी तथा रविवार को सुबह 08.30 बजे धनबाद पहुंचेगी। वहीं 05 मई से 26 मई तक प्रत्येक सोमवार को 06064 धनबाद- कोयम्बतूर स्पेशल धनबाद से सुबह 06.00 बजे खुलकर बुधवार को तड़के 03.45 बजे कोयम्बतूर पहुंचेगी। इस स्पेशल में शयनयान श्रेणी के 12 कोच एवं साधारण श्रेणी के 06 कोच होंगे।

## नौशाद आलम गया जेल

**धनबाद।** प्रिंस खान का गुर्गा मोहम्मद नौशाद आलम को पुलिस ने बुधवार को पूछताछ के बाद वापस जेल भेज दिया है। नौशाद आलम को पुलिस ने पूछताछ के लिए 48 घंटे के पुलिस रिमांड पर ले गई थी। रिमांड की अवधि समाप्त होने के बाद बैंकमोड पुलिस ने आज नौशाद आलम को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला की अदालत में पेश किया जहां से उसे वापस न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पूछताछ के दौरान नौशाद आलम ने अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए पुलिस को बताया कि वह प्रिंस खान तथा उसके गैंग के सदस्यों के कहने पर व्यवसाय तथा बिल्डरों के मोबाइल नंबर उपलब्ध कराकर उनसे रंगदारी की मांग किया करता था। रंगदारी न देने पर हत्या की धमकी भी दिया करता था। पुलिस ने नौशाद आलम का मोबाइल फोन जप्त कर लिया है। जप्त मोबाइल फोन को आज अदालत में पेश किया गया।

## पांच सेवानिवृत कर्मियों को विदाई दी गयी

**कतरास।** ब्लॉक दो क्षेत्र के विभिन्न इकाईयों से अप्रैल माह में सेवानिवृत होने वाले पांच कर्मियों के सम्मान में समारोह आयोजित कर उन्हें भावभीनी दी गयी। क्षेत्रीय कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित समारोह में अवर महाप्रबंधक कुमार रंजीव, क्षेत्रीय प्रबंधक श्रीअनिल कुमार, क्षेत्रीय चिकित्सा पदाधिकारी, डॉ अनामिका,उप प्रबंधक अजय सिंह ने सभी सेवानिवृत कर्मियों को, ट्रॉली बैग, घड़ी, सेवा निर्वित प्रमाण पत्र एवं पी एफ सेटलमेंट प्रति देकर सम्मानित किया।

## दसवीं की टॉपर पल्लवी बनना चाहती है आईएएस



**सिंदरी।** आईसीएसई दसवीं की परीक्षा परिणाम बुधवार को घोषित की गई। डिनोबली स्कूल सिंदरी की छात्रा पल्लवी पाठक आईसीएसई की दसवीं की परीक्षा में 96 फिसदी अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर बनी है। टॉपर पल्लवी पाठक ने डॉक्टर बनने के बाद यूपीएससी को क्रेक करने की इच्छा जाहिर की। पल्लवी पाठक ने हिस्ट्री व सिविक्स में शतप्रतिशत, गणित में 98, विज्ञान में 95, अंग्रेजी में 90 और कंप्यूटर में 98 फिसदी अंक प्राप्त किया है। पल्लवी के पिता राजा पाठक इंडियन आर्मी में थे और कार्य के दौरान एक दुर्घटना में 2010 में उनका निधन हो गया था। पल्लवी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने नाना शंकर पांडेय और नानी मीनाक्षी पांडेय को दी है।

### नीरज हत्याकांड में एकलव्य तथा आदित्य को

# फिर से गवाही के लिए बुलाने का आवेदन

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह समेत चार लोगों के हत्या के मामले में बुधवार को मामले के आरोपी संजय सिंह की ओर से अदालत में आवेदन देकर गवाह एकलव्य सिंह तथा कथित प्रत्यक्षदर्शी गवाह आदित्य राज को फिर से अदालत में प्रति परीक्षण के लिए बुलाने की प्रार्थना की गई है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत में आवेदन पर कल सुनवाई हो सकती है। संजय सिंह के अधिवक्ता मोहम्मद जावेद ने बताया कि संजय सिंह की ओर से अदालत को दिए गए आवेदन में कहा गया है कि गवाह संख्या तीन एकलव्य सिंह तथा गवाह संख्या चार आदित्य राज की गवाही होने के पश्चात अभियोजन पक्ष द्वारा सीडीआर, व एफएसएल रिपोर्ट को प्रदर्श के रूप में चिन्हित करवाया गया है जबकि इन दस्तावेजों की आपूर्ति अभियुक्तों को नहीं की गई थी उस समय अदालत द्वारा कहा गया था कि यह सीडीआर तथा एफएसएल रिपोर्ट आरोप पत्र संख्या दो तथा तीन के अभियुक्तों के लिए है इस मामले में संजय सिंह के खिलाफ अनुसंधान नहीं चल रहा है परंतु बाद में इस मामले के सभी आरोप पत्र को एक साथ मिलकर दस्तावेजों को प्रदर्श के रूप में अंकित करवा दिया गया जिसका प्रति परीक्षण अभियुक्त की ओर से उन बिंदुओं पर नहीं किया जा सका है। गवाहों से उन दस्तावेजों पर प्रति परीक्षण करना आवश्यक है इसलिए दोनों गवाहों को फिर से गवाही के लिए बुलाया जाए ताकि प्रति परीक्षण किया जा सके।

## सेवानिवृत शिक्षक मोहम्मद शमसुद्दीन को विदाई दी गयी



खबर मन्त्र संवाददाता

**महुदा।** मध्य विद्यालय राधानगर में बुधवार सम्मान समारोह आयोजित कर सेवानिवृत हुए शिक्षक मो. शमसुद्दीन को विद्यालय परिवार एवं शिक्षक संगठन की ओर से सम्मानित कर विदाई दी गयी। शिक्षक प्रतिनिधियों ने उन्हें फुलमाला पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वक्ताओं ने उनके जीवन की दूसरी पारी की शुभकामनाएं देते हुए उनके 37 वर्षों के उत्कृष्ट सेवा की प्रशंसा की। शिक्षक संघ के अंचल अध्यक्ष श्रवण कुमार महतो ने कहा कि शिक्षक अपने जिवन का मुख्य समय बच्चों को शिक्षा देने में लगा देते है। उन्हें पता ही नहीं चलता है कि कब वे सेवानिवृत हो गये। मो. शमसुद्दीन अपने कार्यकाल में हमेशा बच्चों को अच्छे संस्कार व शिक्षा देते रहे है। समारोह का संचालन प्रवीण कुमार लाला ने किया। मौके पर सचिव रामेश्वर महतो, प्रधानाध्यापक प्रवीण कुमार लाला, मोहम्मद असलम, तापस कुमार खवास, इंदु कुमारी, सुरेन महतो, मोहम्मद रजी, शिवप्रसाद गोप, अब्दुल शकूर, कुमारी रंभा, नंदकिशोर कुमार, रामानुज सिंह, अरशद अंसारी, हिमांशु कुमार, नेहा भारती, बासुदेव खवास, पूजा कुमारी, स्नेहा बर्नवाल, रूबी कुमारी, झूलन गोस्वामी, धीरज कुमार आदि मौजुद थे।

### एमपीएल में अग्निशमन सुरक्षा को ले विविध कार्यक्रम आयोजित

## हर पल चौकन्ना रहे अग्निशमन दल : सीईओ

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** एमपीएल में चल रहा अग्नि सुरक्षा सप्ताह बुधवार को संपन्न हो गया। इस कार्यक्रम को एक सप्ताह की जगह एक महीने तक चलाया गया, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को प्रशिक्षण, प्रायौगिक प्रशिक्षण, रिमोट संचालित अग्नि मॉनिटर का प्रदर्शन, मॉक ड्रिल, स्लोगन, पोस्टर, चित्रांकन, जागरुकता शिविर सहित विभिन्न माध्यमों से अग्निशमन की जानकारी व बचाव के तरीके बेहतर तरीके से बताया जा सके। विभिन्न जगहों पर कर्तव्य पालन के दौरान अपने प्राणों की आहूति देने वाले अग्नि शमन कर्मियों को श्रद्धांजलि दी गयी। इस दौरान बेहतर करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। वक्ताओं ने सुरक्षा के टिप्स बतायें। इसके महत्व एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। एमपीएल के सीईओ एवं चीफ इस्टर्न रीजन जेनरेशन जगमीत सिंह सिद्धू ने अपने संदेश में सुरक्षा को सर्वोपरि बताते हुए अग्निशमन दल की सराहना की। कहा कि हल्की लापरवाही बडे.



नुकसान का कारण बन सकता है। उन्होंने हर पल चौकन्ना रहने एवं एहतियात बरतने की आवश्यकता पर बल दिया। एमपीएल के सीएमओ सुभ्रा सुंदर चटर्जी, प्रवीण बी. राउत, रुपेश कुमार श्रीवास्तव, सुप्रतीक मुखर्जी, रुपेश कुमार सिंह एवं जयश्री चौधरी ने भी विभिन्न प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों एवं कर्मियों को पुरस्कृत किया तथा अपने विचार रखे। चित्रांकन प्रतियोगिता में एमपीएल अधिकारी सहेली हलधर प्रथम, खुशी कुमारी द्वितीय एवं सीमा महतो को तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुरक्षा विभाग प्रमुख रुपेश कुमार श्रीवास्तव, राज कुमार राय, ओपी आर्या, अभिजीत पाण्डे का सराहनीय योगदान रहा। श्री राजकुमार ने प्रशिक्षण एवं प्रायौगिक प्रशिक्षण के माध्यम से सभी को भलीभांति समझाया। कार्यक्रम में एमपीएल के वरीय अधिकारी सुभ्रा सुंदर चटर्जी, डीके गंगवाल, प्रवीण बी राउत, सुप्रतीक मुखर्जी, संदीप खेडवाल, रुपेश सिंह, जयश्री चौधरी, अजय कुमार सहित अनेक अधिकारियों एवं कर्मियों ने भाग लिया।

## बाल विवाह के खिलाफ जागरूक कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुदा।** झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट की और से बुधवार को अक्षय तृतीया के अवसर पर महुदा क्षेत्र के सभी धर्म के धार्मिक स्थलों में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष बिनोद महतो, जिला समन्वयक नईमुद्दीन अंसारी, मुमताज अंसारी के नेतृत्व में मंदिरों, मस्जिदों में पंडित, मौलानाओं, बच्चों एवं शिक्षकों के बीच बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम चलाकर उन सबों को इनसे होने वाले प्रभाव की



जानकारी दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि बाल विवाह परंपराओं की कोख में जन्मी कुप्रथा है, अभिशाप है। हम सबको मिलकर इसे रोकना होगा, तभी एक सभ्य समाज का निर्माण होगा। जागरुकता कार्यक्रम कमलिया शिव मंदिर नगदा, शिव शक्ति धाम कांड्रा महुदा मोड़, मदरसा तालीमुल इस्लाम महुदा मोड़, मदरसा इस्लामिया मुजीबिया महुदा बस्ती, मदरसा हनफिया रिजविया कुंजी, उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुंजी आदि स्थानों में किया गया। कोषाध्यक्ष बिनोद महतो ने धन्यवाद ज्ञापन किया।अभियान को सफल बनाने में फिल्ड मोबलाइजर मुमताज अंसारी, जमील अख्तर, मौलाना कमरूद्दीन, मुखिया बदरूद्दीन अंसारी, सेक्रेटरी वासिफ अली, सदर हसन उल्ला अंसारी, सदर डॉ इरफान, सेक्रेटरी मेंहदी हसन, शाह हुसैन अंसारी, हाजी गुलाम अंसारी, हाजी कमालुद्दीन अंसारी, हाजी नसीम अख्तर, हाजी नुरेमान, मुफ्ती अहसनउल होदा, मौलाना इश्तियाक सदर मुजीबुर्रहमान, सेक्रेटरी बरकत अंसारी, गुलनाज बानो, प्रधानाध्यापक रागिनी कुमारी, प्रिया कुमारी, मधुमिता दास, सागर महतो, सुमन कुमारी, साबिर हुसैन आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## जलापूर्ति योजना के कार्य का किया गया निरीक्षण

**कतरास।** गोविंदपुर क्षेत्र की प्रबन्धकीय टीम महाप्रबन्धक जी सी साहा के नेतृत्व में धर्माबांध पंचायत अंतर्गत नीचे देवघरा मे चल रहे जलापूर्ति योजना कार्य का निरीक्षण किया। इस कार्य मेरे हो रहे देरी और रेलवे ट्रैक में एनओसी मिलने के बाद पाइप केसे पार हो इसका निरीक्षण किया गया। प्रबंधन के द्वारा बहुत जल्द नीचे देवघरा मे कार्य को गति देते हुये पानी देने का कार्य किये जाने की बात कही। विधायक प्रतिनिधि हिमांशु शेखर रवानी वार्ड सदस्य रामचन्द्र रवानी, पनतु कर्मकार, राजू ठाकुर, समफराज शाह नरेश रवानी आदि उपस्थित थे।

## सिंदरी के दुबे अखाड़ा में धूमधाम से मनाई गयी परशुराम जयंती



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** रोहडाबांध स्थित दुबे अखाड़ा के निमार्णाधीन मंदिर में बुधवार को धूमधाम से परशुराम जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन समिति अध्यक्ष वेदप्रकाश ओझा के नेतृत्व में किया गया। जिसमें सिंदरी के गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। परशुराम जयंती के अवसर पर निमार्णाधीन मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भगवान परशुराम की प्रतिमा को विशेष रूप से सजाया गया था। विधि विधान से भगवान परशुराम की पूजा अर्चना की गई। इसके बाद भजन-कीर्तन और अन्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजक वेद प्रकाश ओझा ने भगवान परशुराम के जीवन और आदर्शो पर प्रकाश डाला और कहा कि भगवान परशुराम शक्ति और न्याय के प्रतीक हैं। उनसे हमें अन्याय के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा मिलती है। वेद प्रकाश ने लोगों से भगवान परशुराम के मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

### श्री श्री 1008 श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान सह रुद्र महायज्ञ को लेकर

## पतरोडीह में निकली कलश यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

**जमाताड़ा।** नारायणपुर प्रखंड के पतरोडीह गांव स्थित शिव पार्वती मंदिर प्रांगण से बुधवार को पांच दिवसीय श्री श्री 1008 श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान सह रूद्र महायज्ञ के आयोजन को लेकर कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें इस कलश यात्रा को लेकर पतरोडीह गांव स्थित शिव पार्वती मंदिर प्रांगण से 551 कलश निकाल कर सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु पतरोडीह, पोस्ता, मुगार्डीह गांव होते लोहारंगी नदी घाट पर पहुंचे। जहां यज्ञाचार्य पंडित सुनील पांडेय के द्वारा मंत्रोचारण के साथ जल पूजन कर कलश में जल भरवाया गया। इसके पश्चात कुमारी कन्याओं एवं माताओं ने कतारबद्ध तरीके से माथे पर जल भरा कलश को लेकर



मुगार्डीह, पोस्ता होते पुनः पतरोडीह गांव पहुंच कर वहां नगर भ्रमण कर पतरोडीह गांव स्थित शिव पार्वती मंदिर प्रांगण स्थित यज्ञ मंडप पर जल भरा कलश को रख कर पूजा-अर्चना किया। कलश यात्रा के दौरान देवी-देवताओं के आकर्षक झांकी के बीच गाजे बाजे एवं डीजे के साथ सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु ध्वज पताके लिए धर्म की जय हो, अधर्म की नाश हो, हर हर महादेव, एक ही नारा एक ही नाम जय श्री राम जय श्री राम, जय हनुमान सहित कई उद्घोष लगाते हुए कतारबद्ध तरीके से चल रहा था। कलश यात्रा के निकलने से क्षेत्र का माहौल पूर्णत भक्तिमय बना रहा। मौके पर यज्ञ समिति के अध्यक्ष आनंद मंडल के अलावे सहदेव मंडल, परेश मंडल, महाबीर मंडल, डुगन राय आदि का सराहनीय योगदान देखा जा रहा है।

### विहार कॉलोनी में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा व सोसाईटी पार्क का हुआ उद्घाटन

## सांप्रदायिक कट्टरता के खिलाफ निर्णायक लड़ाई समय की मांग है : पूर्व सांसद

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** शहर के कुसुम विहार कॉलोनी में बुधवार को स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा एवं शिव मंदिर परिसर में सोसाइटी पार्क का उद्घाटन प्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य राजेंद्र महाराज, पूर्व सांसद पी.एन. सिंह, विधायक राज सिन्हा, पूर्व मेयर शेखर अग्रवाल एवं संघ के विभाग संघ चालक केशव हरोदिया ने संयुक्त रूप से किया।

आचार्य ने कहा कि स्वामी जी के विचारों को आत्मसात करके ही पूरी दुनिया में मानवीय मूल्यों की स्थापना



की जा सकती है। पूर्व सांसद ने कहा कि शिकागो के ऐतिहासिक धर्म संसद में स्वामी जी ने धार्मिक कट्टरता और हठ धर्मिता को हिंसा का मूल कारण माना था। स्वामी जी ने कट्टरता को राक्षस कहा था और इसी राक्षसी मनोवृत्ति की पहलगाम में पुनरावृत्ति हो गई। वास्तव में स्वामी जी के सपने को साकार करने के लिए इस बार सांप्रदायिक कट्टरता के विरुद्ध निर्णायक लड़ाई समय की मांग है। विधायक ने कहा कि स्वामी जी ने अपनी प्रतिभा और मेधा से पूरी दुनिया में भारत के सनातन धर्म व संस्कृति का डंका बजाया। स्वामी जी ने पराधीन भारत में आत्म गौरव का बोध कराया, जिसने देश की स्वतंत्रता संग्राम में एक नई दिशा दी। पूर्व मेयर ने कहा कि स्वामी विवेकानंद वर्तमान भारत के अग्र दूत थे। आध्यात्मिकता और राष्ट्रीयता से ओत प्रोत स्वामी जी का पूरा जीवन मानवता के प्रति समर्पित था। कार्यक्रम में कुसुम विहार सोसाइटी के अध्यक्ष डी. एन. प्रसाद, उपाध्यक्ष विजय अग्रवाल, भाजपा नेता संजय झा, विवेकानंद सोसाइटी के जिला सचिव विकेश कुमार एवं अरविंद कुमार, केएन सिंह, प्रदीप सिंहा, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. संजय कुमार, महादेव मंडल, राज कुमार पांडे, सुनिल मंडल, काजल नाग, सनोज सिंह, संतोषी आनंद आदि उपस्थित थे।

एक नजर में

## डीडीसी ने आवास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की, दिया निर्देश

**गढ़वा।** समाहरणालय के सभागार में डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा की अध्यक्षता में रमना एवं विशुनपुरा प्रखंडों में संचालित आवास योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में संबंधित प्रखंडों के पंचायत सचिव, मनरेगा प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी एवं आवास योजना के समन्वयक उपस्थित रहे। बैठक में अबुआ आवास योजना (2023-24) की प्रगति की विशेष रूप से समीक्षा की गई। डीडीसी ने निर्देश दिया कि सभी स्वीकृत आवासों का भौतिक निरीक्षण कर कार्य को वर्षा ऋतु से पूर्व हर हाल में पूर्ण किया जाए। उन्होंने उन लाभुकों की पहचान करने का निर्देश दिया, जिन्होंने राशि प्राप्त कर ली है लेकिन अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं किया है। ऐसे लाभुकों के विरुद्ध नोटिस जारी करने और आवश्यकतानुसार बैंक खाते होल्ड कराने की सिफारिश की गई। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना एवं प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना की धीमी प्रगति पर चिंता जताते हुए इन योजनाओं में भी तेजी लाने के निर्देश दिए गए। डीडीसी ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर लोगों तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

## स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्रों में सुधार के लिए जिला परिषद की समीक्षा बैठक संपन्न



बैठक करते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिले में स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए जिला परिषद उपाध्यक्ष सह स्वास्थ्य शिक्षा समिति के सभापति सत्यनारायण यादव की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण स्थायी समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिला के स्वास्थ्य और शिक्षा से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई और आवश्यक सुधारों के लिए सुझाव एवं निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान सभापति यादव ने सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार से जिले के स्वास्थ्य उपकेंद्रों की संख्या, उनमें कार्यरत चिकित्सकों की संख्या और अस्पतालों में दवाओं की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। सिविल सर्जन ने बताया कि जिले में उपलब्ध स्वास्थ्य संसाधनों का पूर्ण रूप से उपयोग किया जा रहा है, और आवश्यकतानुसार चिकित्सक, कर्मी तथा एम्बुलेंस को विभिन्न स्वास्थ्य उपकेंद्रों में भेजा जाता है। सभापति ने सगमा, धुरकी और केतार प्रखंडों में एक-एक एम्बुलेंस उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं सुदूर क्षेत्रों तक पहुंच सकें। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान डीडीसी सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद गढ़वा, पशुपतिनाथ मिश्रा ने जिला शिक्षा पदाधिकारी कैशर रजा और जिला शिक्षा अधीक्षक अनुराग मिंज को निर्देश दिया कि शिक्षा विभाग से संबंधित सभी नई योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी समिति के सभी सदस्यों को समय पर प्रदान की जाए। सभापति श्री यादव ने निर्देश दिया कि जिन विद्यालयों में छात्रों की संख्या अधिक है और शिक्षकों की संख्या कम है, वहां शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की जाए।

## सड़क हादसे में नाबालिग समेत पिता-पुत्र घायल, एक गढ़वा रेफर

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के मझिआंव-बरडीहा मुख्य पथ पर स्थित अखौरी तहले गांव के समीप बुधवार को दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। घायलों में घुरुआ गांव निवासी लगभग 17 वर्षीय किशोर शेख अब्दुल, मझिआंव निवासी 55 वर्षीय बाल किशन शर्मा और उनके पुत्र 32 वर्षीय मुन्ना शर्मा शामिल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बाल किशन शर्मा और मुन्ना शर्मा फर्नीचर की दुकान खोलने के लिए मझिआंव जा रहे थे, जबकि शेख अब्दुल मझिआंव से घुरुआ की ओर तेज गति से जा रहा था। इसी दौरान उसने विपरीत दिशा से आ रही बाइक में टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, अब्दुल पहले भी चन्द्री के सोरहबीघवा में एक व्यक्ति को हल्की टक्कर मार चुका था और घटनास्थल तक तेज रफ्तार से बाइक चला रहा था। हादसे के बाद मौके पर मौजूद ऋषभ श्रीवास्तव और उनके सहयोगियों ने तत्काल तीनों घायलों को मझिआंव रेफरल अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉ विशाल कुमार मिश्रा ने प्राथमिक इलाज किया। गंभीर रूप से घायल शेख अब्दुल को सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। दुर्घटना के समय किसी भी बाइक सवार ने हेलमेट नहीं पहना था, जिससे चोटें गंभीर हुईं।

## गढ़वा के डॉ एमएन खान हेल्थ एक्सीलेंस अवार्ड 2025 से सम्मानित



डॉ एमएन खान को सम्मानित करते पदाधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा के प्रतिष्ठित दंत चिकित्सक डॉ एमएन खान को रांची के रेडिसन ब्लू होटल में आयोजित एक भव्य समारोह में हेल्थ एक्सीलेंस अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें दंत चिकित्सा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान और सामाजिक सेवा के लिए प्रदान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने डॉ खान को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर रिम्स के प्रो. डॉ मृत्युंजय मुंडू सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। डॉ एमएन खान के पिता डॉ एक्यू खान गढ़वा में दंत चिकित्सा के अग्रणी थे और उन्होंने 1970 में जनता डेंटल क्लिनिक की स्थापना की थी। डॉ एमएन खान ने अपने पिता की इस विरासत को आगे बढ़ाया है और अब तक हजारों मरीजों को सेवा प्रदान की है। उनका क्लिनिक गढ़वा जिले का पहला और सबसे विश्वसनीय डेंटल क्लिनिक माना जाता है। डॉ खान ने हाल ही में एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया था, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और लाभान्वित हुए। वे आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों का निःशुल्क इलाज भी करते हैं और स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ खान ने कहा यह पुरस्कार मेरे लिए गर्व का विषय है और मुझे आगे भी समाजसेवा और लोगों की मदद करने की प्रेरणा देगा। मैं अपने पिता के नक्शे कदम पर चलते हुए इस सेवा को जारी रखूंगा।

खबर मन्त्र

अभिव्यक्ति

epaper.khabarmantra.net

रांची. गुरुवार. 01 मई 2025

# एकता पर हो जोर

देश की सबसे बड़ी ताकत नागरिक एकता होती है, इसे ध्वस्त करने का काम हो रहा है। भाजपा हाईकमान तथा उसकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को चाहिये कि वे अपने कार्यकताओं तथा समर्थकों को इस बात की समझाइश दें कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के गुनहगारों से लड़ने की जरूरत है, न कि देश के भीतर रहने वाले मुसलमानों से। उनकी हरकतें अंतरराष्ट्रीय समुदाय के आगे भारत को एक विभाजित समाज के रूप में प्रस्तुत कर रही हैं। 22 अप्रैल को जो हत्या हुई इनमें एकाध को छोड़कर सारे ही पर्यटक थे। इस घटना ने देश भर में पहले से चल रही मुस्लिम विरोधी मानसिकता को और भी सघन कर दिया है। इस बात को बहुत बढ़-चढ़कर बताया जा रहा है कि आतंकियों ने सैलानियों से उनका धर्म पूछकर गोली मारी। सोशल मीडिया पर हिन्दू-मुस्लिम की लड़ाई घटना के बाद से ही तेज हो गयी है। धर्म पूछकर गोलियां मारने का हाइप इतना बना दिया गया कि एक वर्ग इस बात से कतई प्रभावित नहीं हो रहा है कि अपनी जान का खतरा मोल लेकर गाइडों, घोड़े वालों आदि ने बड़ी संख्या में पर्यटकों को बचाया। वहां से लौटे पर्यटकों की आप-बीती वाले वीडियो कई जगहों से आ रहे हैं जिनमें वे कह रहे हैं कि स्थानीय कश्मीरियों ने उनकी न केवल जान बचाई वरन उन्हें अपने घरों में पनाह दी। उनसे खाने-पीने, रहने का पैसा नहीं लिया, उन्हें बस अड्डों तथा एयरपोर्ट मुफ्त में छोड़ा गया। नजाकत अली का किस्सा खूब मशहूर हो रहा है, जिसने छत्तीसगढ़ के चिरमिरी के 11 लोगों को बचाया। इनमें भाजपा से जुड़े जनप्रतिनिधि तक हैं। एक घोड़े वाला सैयद आदिल हुसैन आतंकियों से राइफल छीनने की कोशिश में मारा गया। देश की सुरक्षा सर्वोपरि है। यह सरकार की जबावदेही है। विपरीत स्थिति में यह देश एकता के बल पर ही पाकिस्तान को परास्त भी करेगा।

## आज का राशिफल

**मेष :** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-5-6-8

**वृष :** यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-7-8

**मिथुन :** शनै-शनै स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-6-9

**कर्क :** मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यो को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-6-7-9

**सिंह :** कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा। शुभांक-4-6-7

**कन्या :** अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-4-6-8

**तुला :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-5-7

**वृश्चिक :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। शुभांक-5-6-8

**धनु :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। समय पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

**मकर :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-5-6-9

**कुंभ :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-8-9

**मीन :** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-5-6

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# मजदूरों के महत्व को बताता मजदूर दिवस

**मजदूर** दिवस मजदूरों के महत्व को दशार्ने का महत्वपूर्ण उत्सव है। भारत सहित दुनिया के बहुत से देशों में एक मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य उस दिन मजदूरों की भलाई के लिए काम करने व मजदूरों में उनके अधिकारों के प्रति जागृति लाना होता है। मगर ऐसा हो नहीं पाया है। भारत में 90 फीसदी मजदूर असंगठित क्षेत्र में काम करते हैं जिनको सभी सामाजिक सुरक्षा सुविधाएं प्राप्त नहीं हैं। देश में श्रमिक वर्ग की संख्या संगठित व असंगठित क्षेत्र में 50 करोड़ से ज्यादा है।

भारत में एक मई का दिवस सबसे पहले चेन्नई में एक मई 1923 को मद्रास दिवस के तौर पर मनाना शुरू किया गया था। इसकी शुरूआत भारती मजदूर किसान पार्टी के नेता कामरेड सिंगरावेलू चेट्यार ने शुरू की थी। मद्रास हाई कोर्ट सामने एक बड़ा प्रदर्शन किया और एक संकल्प पास करके यह सहमति बनाई गई कि इस दिवस को भारत में भी कामगार दिवस के तौर पर मनाया जाये और इस दिन छुट्टी का ऐलान किया जाये। वर्तमान में भारत समेत लगभग 80 देशों में एक मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है।


मजदूर दिवस दुनिया के सभी कामगारों, श्रमिकों को समर्पित होता है। इस बार के अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस में वर्ल्ड डे फॉर सेफ्टी एंड हेल्थ एट वर्क की थीम है। स्वास्थ्य और सुरक्षा में क्रांति, कार्यस्थल पर एआई और डिजिटलाइजेशन की भूमिका। इसका मतलब है कि आने वाले समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, वर्चुअल रियलिटी और इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसी नई तकनीकों का इस्तेमाल कार्यस्थल को और ज्यादा सुरक्षित और सेहतमंद बनाने में किया जाएगा। स्मार्ट हेलमेट्स, सेफ्टी सेंसर, ऑटोमेटेड मॉनिटरिंग सिस्टम ये सब भविष्य की सुरक्षा के अहम हिस्से बनेंगे।

किसी भी राष्ट्र की प्रगति करने का प्रमुख भार मजदूर वर्ग के कंधों पर ही होता है। मजदूर वर्ग की कड़ी मेहनत के बल पर राष्ट्र तरक्की करता है। लेकिन भारत का श्रमिक वर्ग श्रम कल्याण सुविधाओं के लिए आज भी तरस रहा है। मजदूर दिवस को लेकर श्रमिक तबके में अब कोई खास उत्साह नहीं रह गया है। बढ़ती महंगाई और पारिवारिक



जिम्मेदारियों ने भी मजदूरों के उत्साह को कम कर दिया है। अब मजदूर दिवस इनके लिए सिर्फ कागजी रस्म बनकर रह गया है।

महात्मा गांधी ने कहा था कि किसी देश की तरक्की उस देश के कामगारों और किसानों पर निर्भर करती है। उद्योगपति खुद को मालिक समझने की बजाय बहुत बड़ी-बड़ी करती हैं मगर जब उनकी भलाई के लिए कुछ करने का समय आता है तो सभी पीछे हट जाती हैं। इसीलिए मजदूरों की स्थिति में सुधार नहीं हो पाता है। हमारे देश के मजदूरों को न तो मालिकों द्वारा किए गए कार्य की पूरी मजदूरी दी जाती है और ना ही अन्य वांछित सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाती



- रमेश धमोरा

> दुनिया में एक भी ऐसा देश नहीं है जहां मजदूरों की स्थिति में सुधार हो पाया है। दुनिया के सभी देशों की सरकार मजदूरों के हित के लिए बातें तो बहुत बड़ी-बड़ी करती हैं मगर जब उनकी भलाई के लिए कुछ करने का समय आता है तो सभी पीछे हट जाती हैं। इसीलिए मजदूरों की स्थिति में सुधार नहीं हो पाता

अपने-आप को ट्रस्टी समझें मगर ऐसा होता नहीं है। इसी कारण भारत में मजदूरों की स्थिति बेहतर नहीं है। गुरु नानक देव जी ने भी अपने समय में किसानों, मजदूरों और कामगारों के हक में आवाज उठाई थी। गुरु नानक देव जी ने काम करना, नाम जपना, बांट छकना और दसवंध निकालने का संदेश दिया था। गरीब मजदूर और कामगार का विनम्रता का राज स्थापित करने के लिए मनमुख से गुरमुख तक की यात्रा करने का संदेश दिया था।

सबसे अधिक मेहनत करने वाला मजदूर आज भी सबसे अधिक बदहाल स्थिति में है। दुनिया में एक भी ऐसा देश नहीं है जहां मजदूरों की स्थिति में सुधार हो पाया है। दुनिया के सभी देशों की सरकार मजदूरों के हित के लिए बातें तो है। गांव में खेती के प्रति लोगों का रुझान कम हो रहा है। इस कारण बड़ी संख्या में लोग मजदूरी करने के लिए शहरों की तरफ पलायन कर जाते हैं। जहां ना उनके रहने की कोई सही व्यवस्था होती है न ही उनको कोई ढंग का काम मिल पाता है। मगर आर्थिक कमजोरी के चलते शहरों में रहने वाले मजदूर वर्ग जैसे तैसे कर वहां अपना गुजर-बसर करते हैं।

बड़े शहरों में झोंपड़पट्टी बस्तियों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। जहां रहने वाले लोगों को कैसी विषम परिस्थितियों का सामना करता है। इसको देखने की न तो सरकार को फुर्सत है ना हीं किसी राजनीतिक दलों के नेताओं को। झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले मजदूरों को शौचालय जाने के लिए भी घंटों लाइनों में खड़ा रहना पड़ता है। झोपड़पट्टी बस्तियों में ना रोशनी की सुविधा रहती है। ना पीने को साफ पानी मिलता है और ना ही स्वच्छ वातावरण। शहर के किसी गंदे नाले के आसपास बसने वाली झोपड़पट्टियों में रहने वाले गरीब तबके के मजदूर कैसा नारकीय जीवन गुजारते हैं। उसकी कोई कल्पना नहीं कर सकता। मगर इसको अपनी नियति मान कर पूरी मेहनत से अपने मालिकों के यहां काम करने वाले मजदूरों के प्रति मालिकों के मन में जरा भी सहानुभूति के भाव नहीं रहते हैं। उनसे 12-12 घंटे लगातार काम करवाया जाता है। घंटों धूप में खड़े रहकर बड़ी-बड़ी कोठियां बनाने वाले मजदूरों को एक छप्पर तक नसीब नहीं हो पाता है।

देश के कारखानों में काम करने वाले मजदूरों पर हर वक्त इस बात की तलवार लटकती रहती है कि ना जाने कब मालिक उनकी छंटनी कर काम से हटा दे। कारखानों में कार्यरत मजदूरों से निर्धारित समय से अधिक काम लिया जाता है। विरोध करने पर काम से हटाने की धमकी दी जाती है। मजबूरी में मजदूर कारखाने के मालिक की शर्तों पर काम करने को मजबूर होता है। कारखानों में श्रम विभाग के मापदण्डो के अनुसार किसी भी तरह की कोई सुविधायें नहीं दी जाती है।

कई कारखानों में तो मजदूरों से खतरनाक काम करवाया जाता है जिस कारण उनको कई प्रकार की बीमारियां लग जाती है। कारखानों में मजदूरों को पर्याप्त चिकित्सा सुविधा, पीने का साफ पानी, विश्राम की सुविधा तक उपलब्ध नहीं करवायी जाती है। मालिकों द्वारा निरंतर मजदूरों का शोषण किया जाता है। मगर मजदूरों के हितों की रक्षा के लिये बनी मजदूर यूनियनो को मजदूरों की बजाय मालिको की ज्यादा चिंता रहती है। हालांकि कुछ मजदूर यूनियनें अपना फर्ज भी निभाती हैं मगर उनकी संख्या कम है।हर बार मजदूर दिवस के अवसर पर सरकारें मजदूरों के हित की योजनाओं के बड़े-बड़े विज्ञापन जारी करती हैं। जिनमें मजदूरों के हितों की बहुत सी बातें लिखी होती हैं किन्तु उनमें से अमल किसी बात पर नहीं हो पाता है। देश में सभी राजनीतिक दलों ने अपने यहां मजदूर संगठन बना रखे हैं।

## लेटर टू एडिटर

### सौर ईंधन

**देश** में पेट्रोल-डीजल की खपत में लगातार बढ़ोतरी होती जा रही है। जब खपत में वृद्धि होगी तो इसकी कीमतों में भी उछाल आएगा। ऐसी स्थिति में सरकार को सौर ऊर्जा संयंत्रों और इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर ध्यान देने की जरूरत है। हाल ही में चीन ने सौर ऊर्जा से चलने वाले वाहन बनाए हैं जो सूर्य ऊर्जा न रहने पर भी काम करेगा। इस पर तकनीकी रूप से बहुत ज्यादा काम हुआ है। भारत को भी ऐसा करने की जरूरत है। तभी पेट्रोल-डीजल की खपत और और इसकी बढ़ती कीमतों से निजात मिल सकती है।

-राहुल उपाध्याय, रांची

### नशे का कारोबार

**देश** में बढ़ते नशीले पदार्थों की तस्करी पर चिंता व्यक्त करने वाला था। देश में नशीले पदार्थों की चोरी-छिपे खेप पड़ोसी देश अफगानिस्तान से ईरान के रास्ते हमारे देश में पहुंचती है। नशीले पदार्थों के गोरख धंधों के लिए इंटरनेट की आधुनिक तकनीक तथा कोरियर सर्विस का इस्तेमाल किया जा रहा है। **- रवि, गुमला**

## ट्वीट

**जाति** जनगणना कराने का केंद्र सरकार का फैसला स्वागतयोग्य है। जाति जनगणना कराने की हम लोगों की मांग पुरानी है। यह बेहद खुशी की बात है कि केन्द्र सरकार ने जाति जनगणना कराने का निर्णय किया है। जाति जनगणना कराने से विभिन्न वर्गों के लोगों की संख्या का पता चलेगा जिससे उनके उत्थान एवं विकास के लिए योजनाएं बनाने में सहूलियत होगी। इससे देश के विकास को गति मिलेगी। जाति जनगणना कराने के फैसले के लिए प्रधानमंत्री मोदी का अभिनंदन तथा धन्यवाद।

**- नीतिश कुमार, सीएम**

# नैतिक पतन के चलते खतरे में इंसानी रिश्ते और असुरक्षित समाज

-डॉ. सत्यवान सौरभ

समाज

**समाज** में कितना पतन बाकी है? यह सुनकर दिल दहल जाता है कि कोई बेटा अपने ही माता-पिता की इतनी निर्ममता से हत्या कर सकता है। महिला ने जेठ के साथ मिलकर अपने दो वर्ष के बेटे को मरवा दिया। पत्नी ने प्रेमी सँग मिलकर मर्चेंट नेवी मे अफसर पति के टुकड़े-टुकड़े कर ड्रम में डाल दियाा। पिता ने नौकर से अपने बेटे की हत्या करवायीं। ये कुछ वारदातें तो बानगी भर हैं। दरअसल नैतिक पतन के चलते इस तरह की खबरें अब आम हो रही हैं। ऐसे अपराध यह दिखाते हैं कि समाज में मानसिक संतुलन, नैतिकता और पारिवारिक मूल्यों में कितनी गिरावट आ चुकी है। लेकिन यह भी ध्यान देने की बात है कि नकारात्मक घटनाएँ समाचारों में ज्यादा दिखाई देती हैं, क्योंकि वे लोगों का ध्यान आकर्षित करती हैं। समाज में आज भी बहुत से लोग हैं जो प्रेम, सहयोग और नैतिकता से भरे हुए हैं। हमें जरूरत है कि हम अच्छाई को भी उतना ही महत्त्व दें और समाज को बेहतर बनाने की दिशा में काम करें। इस पतन के कारणों को समझकर समाधान निकालना जरूरी है- परिवारों में संवाद बढ़ाना, मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना, नैतिक शिक्षा को मजबूत करना और अपराध रोकने के लिए सख्त कदम उठाना। हमें यह भी सोचना होगा कि हम किस तरह के मूल्यों को बढ़ावा दे रहे हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए कैसा समाज बना रहे हैं। समाज के पतन को पूरी तरह रोकना कठिन हो सकता है, लेकिन हम सब मिलकर इसे धीमा कर सकते हैं और सही दिशा में मोड़ सकते हैं।

आज के समय में जब हम समाचार पत्रों और सोशल मीडिया पर नजर डालते हैं तो चारों ओर अपराध, धोखा, हिंसा और नैतिक पतन की खबरें देखने को मिलती हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि समाज घोर कलयुग के प्रभाव में प्रवेश कर चुका है। पारिवारिक सम्बंधों में विश्वास की कमी, नैतिक मूल्यों का ह्रास और भौतिक सुखों की अंधी दौड़ ने मानवीय संवेदनाओं को कमजोर कर दिया है। समाज में नैतिकता, रिश्तों की अहमियत और मानवीय संवेदनाएँ धीरे-धीरे कमजोर होती जा रही हैं। हत्या, विश्वासघात, स्वार्थ, लालच और नैतिक पतन की घटनाएँ लगातार बढ़ रही हैं। यह देखकर ऐसा लगता है कि समाज एक अंधकारमय दौर की ओर बढ़ रहा है। ऐसे अपराध यह दिखाते हैं कि समाज में मानसिक संतुलन, नैतिकता और पारिवारिक मूल्यों में कितनी गिरावट आ चुकी है। समाज में जिस तरह से नैतिक पतन बढ़ रहा है, वह केवल अपराधों की संख्या नहीं बल्कि पारिवारिक और सामाजिक ताने-बाने के टूटने का संकेत भी देता है।

समाज में रिश्तों की अहमियत धीरे-धीरे कम होती जा रही है और इसके कई कारण हो सकते हैं। पहले जहाँ रिश्तों में अपनापन, विश्वास और त्याग होता था, वहीं अब स्वार्थ, लालच और दिखावे ने उनकी जगह ले ली है। माता-पिता, भाई-बहन, पति-पत्नी और दोस्तों के बीच भी आजकल स्वार्थ और लालच हावी होता जा रहा है। परिवार, जो पहले प्रेम और सहयोग का केंद्र हुआ करता था, अब झगड़ों और आपसी मतभेदों का शिकार बनता जा रहा है। छोटी-छोटी बातों पर हत्या, बलात्कार, लूटपाट और धोखाधड़ी जैसी घटनाएँ बढ़ रही हैं। परिवार के सदस्य तक एक-दूसरे के जीवन को खतरे में डाल रहे हैं। लोग नैतिकता और ईमानदारी को छोड़कर किसी भी तरह से धन और सफलता प्राप्त करने की कोशिश कर रहे हैं, चाहे उसके लिए उन्हें किसी का शोषण ही क्यों न करना पड़े। पहले लोग जीवन में धैर्य रखते थे, कठिनाइयों को सहन करते थे, लेकिन आजकल गुस्सा और अधीरता लोगों पर हावी हो गई है। छोटे-छोटे विवाद हिंसक रूप लेने लगे हैं। धर्म केवल दिखावे का साधन बनता जा रहा है, जबकि नैतिकता और ईमानदारी की कीमत घटती जा रही है। लोग दूसरों को नैतिकता का पाठ पढ़ाते हैं, लेकिन खुद सही राह पर नहीं चलते। पहले संयुक्त परिवार होते थे, जहाँ बुजुर्गों का मार्गदर्शन रहता था लेकिन अब व्यक्तिगत स्वतंत्रता और आधुनिकता के नाम पर पारिवारिक मूल्यों में कमी आ रही है। आर्थिक दबाव, रिश्तों में तनाव और व्यक्तिगत इच्छाओं के टकराव से लोग मानसिक रूप से अस्थिर हो रहे हैं, जिससे वे गलत फैसले लेते हैं। इंटरनेट पर हिंसा, अपराध और अनैतिकता को कहीं न कहीं सामान्य बना दिया गया है। लोग बिना सोचे-समझे घातक कदम उठा लेते हैं। स्कूलों और परिवारों में बच्चों को सही और गलत का फर्क कम सिखाया जा रहा है। लालच, ईर्ष्या और व्यक्तिगत स्वार्थ बढ़ रहे हैं। अपराधी जानते हैं कि सजा मिलने में देरी होगी या बचने का रास्ता मिल जाएगा, जिससे अपराधों की संख्या बढ़ रही है।

अब सवाल है कि इस नैतिक गिरावट को कैसे खत्म किया जाए।

# पुरखों का ज्ञान और जल संकट का समाधान

समस्या

**जल** संकट आज दुनिया के सबसे गंभीर मुद्दों में से एक है। बढ़ती जनसंख्या, अनियंत्रित औद्योगीकरण, और जलवायु परिवर्तन ने पानी की उपलब्धता पर गंभीर प्रभाव डाला है। इस संकट से निपटने के लिए हमें परंपरागत जल संरक्षण तकनीकों और आधुनिक विज्ञान और तकनीक के समन्वय की आवश्यकता है। जल संरक्षण का अर्थ है पानी के स्रोतों का समझदारी से प्रबंधन करना ताकि भविष्य में पानी की कमी न हो। भारत के पास दुनिया का केवल चार फीसदी मीठा पानी है, लेकिन देश की 18 फीसदी आबादी जल संकट से जूझ रही है। इस समस्या को हल करने के लिए सरकार और समुदायों की भागीदारी जरूरी है। आंध्र प्रदेश में जल शक्ति अभियान और नीरू-चेट्टू जैसी योजनाओं ने पानी की उपलब्धता बढ़ाने में मदद की है।

स्थानीय समुदाय अपने पारंपरिक ज्ञान और नए तकनीकी उपायों को अपनाकर पानी का बेहतर उपयोग कर सकते हैं। महाराष्ट्र का हिवरे बाजार मॉडल गांव में पारंपरिक और आधुनिक तकनीक का उपयोग करके भू-जल स्तर बढ़ाया गया। वर्षा जल संचयन और कुओं की सफाई से यहा जल उपलब्धता बढ़ी। राजस्थान की जोहड़ प्रणाली से राजस्थान में छोटे-छोटे तालाबों (जोहड़) के निर्माण से भू-जल स्तर सुधरा और सूखे की समस्या कम हुई। उत्तराखंड की चाल-खाल प्रणाली भी कारगर है। इसके अंतर्गत छोटे जलाशय वर्षा जल को संग्रहीत कर भू-जल पुनर्भरण में मदद करते हैं। पानी के कुशल उपयोग के लिए पारंपरिक तरीकों और नई तकनीकों को अपनाना जरूरी हैं।

नागालैंड की जाबो कृषि पद्धति भी सफल है। यह विधि बारिश के पानी को इकट्ठा कर खेती के लिए उपयोग करती है, जिससे सूखे की मार कम होती है। राजस्थान के टांके वर्षा जल संग्रहण के लिए बनाए गए छोटे जल भंडार हैं, जिनमें अब आधुनिक निस्पंदन तकनीक भी जोड़ी जा रही है। तमिलनाडु में एरियों (तालाब) प्रणाली भी वर्षा जल को संग्रहित कर सिंचाई और पेयजल आपूर्ति में मदद करती है। जल संरक्षण के लिए जंगल, नदी, तालाब और मिट्टी को संतुलित बनाए रखना जरूरी है। राजस्थान में ओरण (पवित्र वन) क्षेत्रों में जल स्त्रोतों और जैव विविधता की सुरक्षा होती है, जिससे मरुस्थलीकरण को रोका जाता है। मेघालय की झरना पुनरुद्धार परियोजना के तहत वनों और जलग्रहण क्षेत्रों को पुनर्जीवित किया जा रहा है, जिससे जल स्त्रोत संरक्षित हो रहे हैं। मध्य प्रदेश में नर्मदा सेवा यात्रा पहल का उद्देश्य नर्मदा नदी के किनारे पेड़ लगाकर जल संरक्षण और पर्यावरण सुधार को बढ़ावा देना है। महाराष्ट्र की पानी पंचायतें और झारखंड की ग्राम सभाएं जल संसाधनों के न्यायसंगत उपयोग को सुनिश्चित कर रही हैं।

परंपरागत जल संरक्षण प्रणालियां मददगार साबित हो सकती हैं। बुंदेलखंड में सूखा राहत कार्य के अंतर्गत तालाबों के पुनर्निर्माण और वर्षा जल संचयन से इस क्षेत्र में पानी की समस्या कम हो रही है। लद्दाख में सर्दियों में कृत्रिम हिमनद बनाए जाते हैं, ताकि गर्मियों में इनसे पानी मिलता रहे। हालांकि, बढ़ते तापमान से यह विधि चुनौतियों का सामना कर रही है। गुजरात में वाडी प्रणाली के तहत जल संरक्षण के लिए टपक सिंचाई और बहुफसलीय खेती अपनाई जाती है। जलवायु परिवर्तन, औद्योगिक प्रदूषण, असमान जल वितरण और सरकारी योजनाओं में पारंपरिक प्रणालियों की अनदेखी प्रमुख बाधाएं हैं।

प्राचीन काली मां पूजा समिति की प्रतिमा का विर्सजन समारोह। यह पूजा बीआईटी रांची में होती है। तस्वीर अजय सानी



## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### कुजू में सड़क हादसा, युवक की मौत



**कुजू।** धनबेड़वा गांव के समीप शादी से लौटने के दौरान मंगलवार रात में बाइक सवार युवक महुआ पेड़ से टकराया, उसकी मौत घटना स्थल पर ही हो गई। मृतक का पहचान लारी ढूठवा फनिकपुर निवासी संदीप कुमार महतो पिता स्व महेन्द्र महतो ( 24वर्ष ) के रूप में की गई। संदीप करमा बलिया से ममेरी बहन की शादी से खाना खाकर रात करीब 12 बजे वापस घर के लिए निकला। इस दौरान उक्त ग्राम के पास विपरीत दिशा से आ रहे चार पहिया वाहन की लाइट से असंतुलित होकर महुआ पेड़ से टकरा कर सड़क पर गिर गया। जिससे उसकी मौत घटना स्थल पर हो गई। घटना की खबर जैसे ही परिजनों को मिला शादी का माहौल गम में बदल गया। बाद में कुजू पुलिस ने शव को अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

### डीएवी स्कूल के शिक्षक सेवानिवृत



रजरप्पा। रजरप्पा स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में जीव विज्ञान के वरीय शिक्षक गजेन्द्र कुमार को बुधवार को सेवानिवृत होने पर विदाई दी गई। प्राचार्य डॉ. एसके शर्मा, वरीय शिक्षकों तथा जीव विज्ञान विभाग के शिक्षकों ने अवकाश प्राप्त शिक्षक को पुष्प गुच्छ से स्वागत किया तथा शॉल ओढ़कर विदाई दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के धर्म शिक्षक सत्यकाम आर्य, संगीत शिक्षक रजनीश पाठक के साथ नवनियुक्त शिक्षिकाओं ने एकल तथा समूह में भजन, गीत, शास्त्रीय गीत आदि गाकर अपनी भावना व्यक्त की। तत्पश्चात गजेन्द्र कुमार ने अपने बिताए हुए लगभग 28 वर्षों के कार्यकाल को याद किया। उन्होंने कहा कि डीएवी संस्था में आने से पहले मैं किसी अन्य शिक्षण संस्था में कार्यरत था। उसे छोड़कर डीएवी विद्यालय को चुना जिससे समाज के हर वर्ग के बच्चों का उद्धार हो सके।

### रजरप्पा मोड़ पर खुला कृषि केंद्र



रजरप्पा। चितरपुर के रजरप्पा मोड़ स्थित अंश कृषि केंद्र का उद्घाटन आजसू पार्टी के नेता पीयूष चौधरी ने किया। उन्होंने कहा कि केंद्र का खुलने से इस क्षेत्र में किसानों का काफी लाभ होग। राज्य में कृषि विकास की असीम संभावनाएं हैं। दुकान के संचालक विजय साव ने बताया कि कृषि केंद्र में उचित मूल्य पर खाद, बीज व कृत्रिम दवाइयां उपलब्ध है। मौके पर झारखंड आंदोलनकारी चंद्रशेखर पटवा सहित जीतू एवं कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### नया ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग



**भुरकुंडा।** शालीमार स्वीट्स के समीप लगा ग्रामीणों ने विधायक रोशनलाल चौधरी से नए ट्रांसफार्मर की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि 28 अप्रैल को ट्रांसफार्मर खराब हो गया था। जिसकी जानकारी बिजली विभाग को दी गई। विभाग के कर्मचारियों द्वारा जांच में ट्रांसफार्मर जल चुका है। उपभोक्ताओं ने बुधवार को विधायक रोशनलाल चौधरी को पत्र लिख खराब ट्रांसफार्मर के जगह नए ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग की है। पत्र में मनीष कुमार, रंजीत साव, बिसुन साव, राम प्रसाद, राजू ठाकुर, राजेंद्र राम, ललिता देवी, रविंद्र, बासदेव साव, सुरेश प्रसाद, संतोष कुमार, सईद, रोहित का हस्ताक्षर अंकित है।

### ओपी जिंदल कॉलेज में प्लेसमेंट कैंप



पतरातू। ओम प्रकाश जिंदल कम्युनिटी कॉलेज प्राइवेट आईटीआई में बुधवार को एलीना एनर्जी साल्वेशन प्राइवेट लिमिटेड रांची ने प्लेसमेंट कैंप लगाया। 40 प्रशिक्षणार्थियों ने हिस्सा लिया। कैंप में अंतिम रूप से 30 प्रशिक्षणार्थियों का चयन किया गया। चयनित प्रशिक्षणार्थियों को कंपनी अपने अन्य औपचारिकता को पूर्ण करने के बाद दो-तीन सप्ताह के अंदर अपने प्लांट में कार्य के लिए भेज देंगे। कंपनी के राकेश कुमार वर्मा व मनोज कुमार दास ने बताया कि विद्यार्थियों से मिलकर बहुत ही खुश हुए। उन्होंने छात्रों को कंपनी के बारे में और कंपनी के कार्यों से अवगत कराया। संस्थान के प्राचार्य संबित कुमार साहू ने बताया कॉलेज इस प्रकार का प्लेसमेंट कैंप का आयोजन नियमित रूप से करता रहा है और आगे भी करता रहेगा। जिससे प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षणार्थियों को अधिक से अधिक रोजगार से जोड़ा जा सके।

### राकोमयू ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**भुरकुंडा।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन ने 30 मई को अनिश्चित कालीन हड़ताल चक्का जाम को सफल बनाने को लेकर बुधवार को जनसंपर्क अभियान चलाया। इस कड़ी में दो व तीन नंबर झोपड़ी के ग्रामीणों के साथ बैठक किया। इसकी अध्यक्षता महावीर कुमार व संचालन किशुन नायक ने किया। बैठक में प्रदूषण के खिलाफ प्रबंधन के उदासीन रवैये व बलकुदरा आउट सोर्सिंग पीएसएमई कंपनी के मनमानी को लेकर आगामी पांच मई को भुरकुंडा कोलियरी की चक्का जाम करने का निर्णय लिया गया। कहा गया कि यह हड़ताल कई मायनों में ऐतिहासिक रहेगा। मौके पर शाखा सचिव शिवशंकर पांडेय उर्फ टुनटुन पांडेय, अब्बास मिया, सौकत मियां, समीम, राज करमाली, सूरज करमाली, रमेश गंझू, संतु गंझू, उमेश वर्मा, उमेश मुंडा, गोपाल नायक, रोहित मुंडा, ढिगरा नायक, रामेशर राम, सिकंदर, सुनील उरांव, दीपक करमाली, शिवरतन, सुरेश यादव सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# ‘रेड 2’ से फिर गूंजेगा सच्चाई का सायरन

## हजारीबाग के राजकुमार गुप्ता की नयी फिल्म 21 मई को होगी रिलीज

**अभय कुमार सिंह**

**▸▸ रेड 2 में ईमानदारी, साहस व सिस्टम के खिलाफ खड़े होने की एक नयी कहानी**



**हजारीबाग।** बॉलीवुड में कुछ निर्देशक ऐसे होते हैं, जिनकी फिल्में केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि समाज का आइना बन जाती हैं। राजकुमार गुप्ता उन्हीं नामों में से एक हैं। यथार्थवादी सिनेमा के इस ध्वजवाहक की नई फिल्म रेड 21 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। पहली रेड की सफलता के बाद दर्शकों को इस सीक्वल से बड़ी उम्मीदें हैं, और उम्मीद है कि यह फिल्म भी सच्चाई, सिस्टम और संघर्ष के उस नाजुक रिश्ते को फिर से परदे पर जीवंत कर देगी।

राजकुमार गुप्ता का सफर आम नहीं रहा। उनका जन्म झारखंड के हजारीबाग जिले में एक साधारण मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ। प्रारंभिक शिक्षा उन्होंने सेंट जेवियर्स स्कूल, हजारीबाग से प्राप्त की, जहाँ वे शांत, सौम्य और विनम्र स्वभाव के छात्र के रूप में पहचाने जाते थे। उनके मित्रों की यादों में आज भी उनका सौम्य व्यवहार और गंभीर व्यक्तित्व ताजा है। सेंट जेवियर्स स्कूल से मेट्रिक करने के बाद उन्होंने 10+2 की पढ़ाई दिल्ली पब्लिक स्कूल, बोकारो से पूरी की। फिल्मों की दुनिया में उनका प्रवेश 2004 में हुआ, जब उन्होंने अनुराग कश्यप की चर्चित फिल्म ब्लैक फ्राइडे में सहायक निर्देशक के रूप में काम किया। हालांकि यह फिल्म सेंसर बोर्ड के विरोध के चलते 2007 में रिलीज हो सकी। इसके बाद उन्होंने नो स्मोकिंग (2007) में भी कश्यप के साथ काम किया।

2008 में राजकुमार गुप्ता ने बतौर निर्देशक और लेखक आमिर से अपने करियर की उड़ान भरी। यह फिल्म एक ऐसे युवा मुस्लिम की कहानी थी, जो आतंकवादियों के जाल में फंस जाता है। फिल्म की गंभीरता और संवेदनशीलता ने आलोचकों का ध्यान खींचा और गुप्ता को निर्देशकीय पहचान दिलाई। इसके बाद 2011 में उन्होंने ह्यनो वन किल्ड जेसिका बनाई, जो एक रियल लाइफ केस जेसिका लाल हत्याकांड पर आधारित थी। रानी मुखर्जी और विद्या बालन जैसे कलाकारों के दमदार अभिनय और सामाजिक संदेश से भरपूर इस फिल्म ने उन्हें जनता और समीक्षकों दोनों के बीच लोकप्रिय बना दिया। 2013 में उन्होंने घंचक्कर का निर्देशन किया, जिसमें इमरान हाशमी और विद्या बालन नजर आए। यह फिल्म एक सस्पेंस-कॉमेडी थी, जो दर्शकों को उनके निर्देशन के विविध रंग दिखाने में सफल रही।

2018 में आई रेड ने उन्हें नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। यह फिल्म एक ईमानदार आयकर अधिकारी की कहानी थी, जो सिस्टम की गंदगी से लड़ता है। अजय देवगन की दमदार अदाकारी और गुप्ता के पैने निर्देशन ने इसे 100 करोड़ क्लब में शामिल कर दिया। अब उसी कहानी का विस्तार लेकर राजकुमार गुप्ता ह्यरेड 2 के साथ लौटे हैं। इस बार भी फिल्म में जबरदस्त सामाजिक संदेश और सिस्टम से टकराने की कहानी होगी। गुप्ता का कहना है कि फिल्म सिर्फ एक थ्रिलर नहीं है, बल्कि एक मिशन है, सच्चाई को आवाज देने का। खास बात यह है कि उन्होंने संकेत दिए हैं कि यदि दर्शकों का समर्थन और सराहना बनी रही, तो रेड 3 भी योजना में शामिल की जा सकती है। राजकुमार गुप्ता का मानना है कि एक कहानी चाहे वास्तविक हो या काल्पनिक, उसमें प्रेरणा और सोच होनी चाहिए। यही कारण है कि उनकी फिल्में केवल पर्दे पर सीमित नहीं रहतीं, बल्कि दर्शकों के दिल और दिमाग पर छाप छोड़ जाती हैं। वे उन विषयों पर फिल्म बनाना पसंद करते हैं जो सामाजिक रूप से प्रासंगिक हों, और दर्शकों को सोचने पर मजबूर करें। रेड 2 सिर्फ एक फिल्म नहीं है, यह ईमानदारी, साहस और सिस्टम के खिलाफ खड़े होने की एक नई कहानी है। और इस कहानी के पीछे है हजारीबाग का वह छात्र, जो एक दिन फिल्मों की दुनिया में सच्चाई का सबसे बड़ा चेहरा बन गया।

# बहरा में कोयले की तस्करी जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**▸▸ एक डिपो से डिहरी, बनारस व यूपी-बिहार के कई इलाकों में भेजा जा रहा है कोयला**



**हजारीबाग/ चुरचू।** जिले के चुरचू प्रखंड अंतर्गत बहरा पंचायत में कोयले की कालाबाजारी अपने चरम पर है। जहां एक ओर तापीन क्षेत्र से सीसीएल का कोयला चोरी कर खुलेआम डिपो तक पहुंचाया जा रहा है, वहीं कोयला तस्कर और कुछ दलाल इस खेल में लाल हो रहे है।

बताया जा रहा है कि बहरा पंचायत में चल रहे एक डिपो से बड़े पैमाने पर कोयला चोरी हो रहा है, जो सीसीएल की खदानों से तापीन तक चोरी कर लाया जा रहा है। इस डिपो को कोई संजय सिंह और त्रिदेव महतो संचालित कर रहे हैं, जहां धड़ल्ले से कोयले का व्यापार हो रहा है। यह कोयला डिहरी, बनारस और यूपी-बिहार के अन्य इलाकों में भेजा जा रहा है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, यह गोरखधंधा तापिन से 15 माइल हाड़कुक में पहुंचाया जा रहा है। ट्रैक्टर, मोटरसाइकिल और साइकिल से रात के अंधेरे में कोयले की ढुलाई की जा रही है। चौंकाने वाली बात यह है कि इस पूरे काले कारोबार में कोयला सप्लायर रमेश और धन लगाने वाला मनोज शामिल बताए जा रहे हैं।

सीसीएल के सुरक्षा कर्मियों को न केवल इस गोरखधंधे से निपटना मुश्किल हो रहा है, बल्कि उन्हें भी मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान किया जा रहा है। जब से यह डिपो चालू हुआ है, कोयले की चोरी रुकने का नाम नहीं ले रही और अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है। यह मामला अब महज कोयले की चोरी का नहीं, बल्कि कानून और प्रशासन की चुप्पी का बन चुका है।

# खिलाड़ियों को मिलेगी खेल सामग्री : डीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** जिले के खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में बढ़ावा देने के उद्देश्य से उपायुक्त चंदन कुमार ने की बड़ी पहल जिला अन्तर्गत खिलाड़ियों को चिन्हित कर सीएसआर मद से खेल सामग्री/खेल कीट/अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का दिया निर्देश।

उपायुक्त ने कहा वैसे खिलाड़ी जो अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के किसी भी स्पर्धा/प्रतियोगिता में चयनित होते हैं लेकिन पैसे के अभाव में भाग नहीं ले पाते हैं उन खिलाड़ियों को बढ़ावा देने हेतु खिलाड़ियों को आने-जाने के लिए आर्थिक मदद भी सीएसआर से उपलब्ध कराया जाएगा। इसी के तहत खेल पदाधिकारी रामगढ़ मारकस हेमरोम द्वारा पत्र जारी कर रामगढ़ जिला के सभी खिलाड़ियो को सूचित किया कि जिन्होने अन्तर्राष्ट्रीय/भारतीय ओलम्पिक संघ से मान्यता प्राप्त खेलों में विगत पांच वर्ष (2021 से 2025 ) में अन्तर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय स्तर खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिये हो एवं वर्त्तमान मे खेल रहे है। वैसे सभी खिलाड़ी योजना का लाभ लेने हेतु जिला एनआईसी के वेबसाइटएचटीटीपी://रामगढ़.एनआइसी.इन पर आवेदन फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं। खिलाड़ी आवेदन पत्र के साथ अपनी सम्पूर्ण विवरणी, सर्टिफिकेट, आधार/आवासीय प्रमाण पत्र आदि) को जिला खेल कार्यालय, समाहरणालय, भवन ए- ब्लॉक, द्वितीय तल कमरा सं0- 303 छत्तरमाण्डू, रामगढ़ अथवा ईमेलआउडी रामगढ़-स्पोर्टस@झारखंडमेल.गोव.इन, डीएसओरामगढ़48@जेमेल.कॉम पर उपलब्ध करायेंगे। ताकि खिलाड़ियों को जिला प्रशासन रामगढ़ के द्वारा सीएसआर मद से खेल सामग्री/खेल कीट/अन्य सुविधाएं उपलब्ध करायी जा सकें। अधिक जानकारी हेतु विकास कुमार गोप, जिला खेल समन्वयक के मोबाईल नं0- 7484914066 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

### बरही में रुआर पर कार्यशाला

**बरही।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के निर्देश पर बुधवार को बरही नगर भवन में स्कूल रुआर (बैक टू स्कूल) अभियान को लेकर प्रखंड स्तरीय कार्यशाला हुआ। इसकी अध्यक्षता बीडीओ जयपाल महतो ने की, जबकि संचालन बीईईओ किशोर कुमार ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई। इस अवसर पर बीडीओ जयपाल महतो ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति और समग्र शिक्षा अभियान के तहत 5 से 18 वर्ष के बच्चों को स्कूल से जोड़ने और नामांकित बच्चों के ठहराव पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि रुआर के तहत 25 अप्रैल से 10 मई तक विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसमें हर दिन विद्यालय स्तर पर अलग-अलग गतिविधियां होंगी। उन्होंने कहा कि इस अभियान का स्कूल से बाहर रह गए बच्चों को फिर से स्कूलों में नामांकित कराना । इस कार्यशाला में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मुखिया मनोज कुमार, मोतीलाल चौधरी, बीपीएम अरुण शर्मा, बीआरपी रवि चौरसिया, सीआरपी गुलाब प्रसाद सहित कई पंचायत प्रतिनिधि व शिक्षा से जुड़े पदाधिकारी मौजूद थे।

### कैलाशनाथ मंदिर में भव्य भंडारा



**कुजू।** ट्रांसपोर्ट नगर स्थित बाबा कैलाशनाथ मंदिर कुजू का 16 वा वार्षिक उत्सव बुधवार को भव्य भंडारा हुआ। सुबह 7 बजे से भंडारे शुरू हुआ, जिमसें ट्रांसपोर्ट नगर सहित आस-पास क्षेत्र के लोग पहुंचकर प्रसाद का ग्रहण किया। इससे पूर्व मंदिर में यजमान राजेश्वर प्रसाद द्वारा शिव सपरिवार का विधिवत पूजा अर्चना किया गया। वार्षिकोत्सव को सफल बनाने में संयोजक मंडल के अनिल सिंह, मनोज राय, मो मुस्तफा, मनोज साव, के के तिवारी, मनोज अग्रवाल, प्रदीप मेहता, अजय राणा, सुरेंद्र जायसवाल, धनेशवर प्रसाद,राजेश्वर प्रसाद, बिनोद प्रसाद, अजित लाल, गुरु जी, राजू चेल आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# जीएम को जेएलकेएम ने सौंपा ज्ञापन

**कुजू।** रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र सेवटा, वार्ड नंबर 08 के विस्थापित, प्रभावित एवं ग्रामीणों की मूलभूत सुविधाओं को लेकर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा इकाई रामगढ़ का प्रतिनिधि मंडल के द्वारा 14 सूत्री मांग पत्र महाप्रबंधक स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया, भारत रिफ्रैक्टरीज लिमिटेड प्लांट लिमिटेड रांची रोड, मरार को सौंपा गया। सेवटा ग्राम के ग्रामीण विस्थापितों को योग्यता अनुसार स्थाई एवं अस्थाई रूप से बहाली करना, ग्रामीणों को पीने का पानी उपलब्ध, ग्रामीणों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराना , स्कूल बस की सुविधा तत्काल बंद कर दिया गया उसे पुनः चालू करने, स्वास्थ्य की सुविधा, मुफ्त जॉच एवं एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराना, प्रदूषण पर नियंत्रण करवाना, जब भी कोई योजना की स्वीकृत हो तो संपूर्ण ग्रामीण की जानकारी में एवं सभी के सहमति से पास कराया जाना, सेवटा ग्राम के सभी टोला ,एससी एवं एसटी सभी लोगों को बहाली के समय रखा जाए, ना की किसी एक व्यक्ति की इशारा में चलना, गली मोहल्ले में लाइट की समुचित व्यवस्था, सुरक्षा प्रहरी में स्थानीय लोगों की प्राथमिकता, खेलकूद एवं मनोरंजन आदि के लिए साधन उपलब्ध कराना, विस्थापितों के जमीन को फैक्ट्री के अंदर कर लिया गया है, जिस पर किराया 50 वर्ष पूर्व जो किराया था, वही किराया आज भी दिया जा रहा है, महंगाई को देखते हुए विचार किया जाय, जो भी जमीन कारखाना के अंदर अधिग्रहण कर लिया गया

# विकास का पैमाना है सड़क : विधायक

**बुध बाजार दोतल्ला पंचायत में दो सड़कों का रोशन लाल चौधरी ने किया शिलान्यास**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ग्राम पंचायत बुध बाजार दोतल्ला में मंगलवार को रामगढ़ जिला फाउंडेशन न्यास की मद से दो प्रमुख सड़कों के निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने विधिवत पूजा अर्चना कर और शीलापट्ट का अनावरण कर पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मौके पर विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि सड़क विकास का पैमाना होता है। पूरे बड़कागांव का विधानसभा क्षेत्र में सड़क का जाल बिछाया जाएगा, ताकि ग्रामीणों का आवागमन में असुविधा न हो। बताया गया कि यह सड़कें जुबिली महाविद्यालय भुरकुंडा महिला शाखा से होकर पुराने थाना मोहल्ला होते हुए पोस्ट ऑफिस तक तथा बुध बाजार मुख्य पथ से पंचायत सचिवालय बुध बाजार दोतल्ला तक बनाई जाएंगी। इस मौके पर क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल देखा गया और उन्होंने जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार जताया। मौके पर पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, प्रखंड उप प्रमुख बबीता पांडे, स्थानीय मुखिया सत्यवंती देवी, मुखिया प्रतिनिधि लव कुमार महतो, उप मुखिया प्रशांत कुमार, भाजपा भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, मंडल उपाध्यक्ष अमरेश सिंह, सुनील सोनी, राजु मल्होत्रा, राजन पांडे, वार्ड सदस्य नीतू सिन्हा, दया मुनि मुर्मू, शहजाद हुसैन, रेणुका देवी, अनीता देवी, पुष्पा सिन्हा, प्राचार्य मदन कुमार , संजीदा खातून, इम्तियाज अहमद सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## एक नजर में

### संविधान बचाओ रैली में पदमा प्रखंड से सैकड़ों लोग होंगे शामिलः गौतम मेहता



**पदमा।** पदमा प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक बुधवार को रोमी पंचायत भवन सभागार में प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार मेहता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य पार्टी संगठन को मजबूत करना और संगठन विस्तार की योजना बनाना था। बैठक में कांग्रेस नेता संतोष कुमार देव भी मौजूद रहे। पार्टी पदाधिकारियों ने प्रखंड स्तरीय कमेटी के विस्तार पर चर्चा की और बताया गया कि जल्द ही जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव के निदेर्शानुसार नए पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की जाएगी। इसके बाद बूथ स्तर की कमेटी का गठन किया जाएगा। बैठक में 6 मई को रांची में होने वाली संविधान बचाओ रैली की रणनीति पर भी विचार हुआ। गौतम मेहता ने बताया कि पदमा प्रखंड से सैकड़ों कार्यकर्ता इस रैली में भाग लेंगे और इसे ऐतिहासिक बनाने का प्रयास करेंगे। बैठक में सुनील मेहता, विजय रविदास, गोविंद कुमार, मोहम्मद मुख्तार, जुबैदा खातून, अजय कुमार, लखन मेहता, सतीश कुमार, स्वराज राणा, रामनाथ शर्मा, निखत परवीन, प्रभु मेहता सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक में संगठन को सशक्त करने की दिशा में विभिन्न सुझाव भी सामने आए।

### स्कूलों में फीस वृद्धि को ले भड़के समाजसेवी



हजारीबाग। शिक्षा के मंदिर अब लूट के अड्डे बनते जा रहे हैं। कुछ ऐसा ही आरोप लगाया है समाजसेवी और पूर्व सांसद प्रत्याशी अभिषेक कुमार ने। उन्होंने कहा कि निजी स्कूलों की फीस नीति अब बच्चों को एटीएम मशीन बना रही है। शिक्षा का व्यवसायीकरण और किताब-कॉपी की मनमानी बिक्री पर उन्होंने जिला प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। समाजसेवी अभिषेक कुमार ने बताया कि 25 दिन पहले उन्होंने उपायुक्त और जिला शिक्षा अधीक्षक को आवेदन सौंपा था, जिसमें स्कूलों द्वारा जबरन लिए जा रहे री-एडमिशन शुल्क को माफ करने और हर साल मनमाने ढंग से बढ़ाई जा रही फीस पर रोक लगाने की मांग की गई थी। इसके साथ ही, स्कूलों द्वारा केवल एक विशेष दुकान से किताबें व कॉपियां खरीदवाने की बाध्यता पर भी सवाल उठाया गया। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा देने के नाम पर अब उन्हें कमाई का जरिया बना दिया गया है। हर साल फीस बढ़ाई जाती है, किताबें महंगे दामों पर बेची जाती हैं, और अभिभावकों पर आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। अभिषेक कुमार ने बताया कि 20 दिन पहले अधिकारियों ने जांच कमेटी गठित करने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उनका आरोप है कि प्रशासन और स्कूल प्रबंधन के बीच साठगांठ चल रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन शुरू करेंगे और मामले को झारखंड हाईकोर्ट में ले जाकर जनहित याचिका दायर करेंगे।

### सेवानिवृत्त शिक्षक सुनील यादव को दी गयी विदाई



**विष्णुगढ़।** राजकीय मध्य विद्यालय अचलजामू में कार्यरत शिक्षक सुनील कुमार यादव बुधवार को सेवानिवृत्त हो गए। उनके सम्मान में विद्यालय परिसर में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यादव को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में प्रधानाध्यापक संजय कुमार सहित शिक्षकों में जय प्रकाश यादव, अरुण कुमार गोस्वामी, प्रकाश कुमार, रघुनंदन प्रसाद, हीरालाल महतो, रंजीत कुमार महतो, अशोक कुमार, जय प्रकाश राय, हिरालाल प्रसाद, सिकंदर यादव, प्रमोद कुमार और अनुज कुमार मौजूद रहे। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जागेश्वर पासवान, अन्य सदस्यगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। सभी ने श्री यादव के योगदान को सराहते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### बागेश्वरी मंदिर में मनी परशुराम जयंती



विष्णुगढ़। बनासो स्थित मां महामाया बागेश्वरी मंदिर में ब्राह्मण समाज ने अक्षय तृतीया के अवसर पर भगवान परशुराम जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। इस कार्यक्रम में आचार्य पुरेंद्र पांडेय के नेतृत्व में विद्वान पुजारियों ने भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण, पूजा-अर्चना और पुष्पांजलि अर्पित की। मंदिर परिसर गगनभेदी जयकारों से गूंज उठा। आचार्य पांडेय ने बताया कि भगवान परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार हैं और वे शस्त्र व शास्त्र दोनों में पारंगत थे। प्रतिवर्ष ब्राह्मण समाज इस दिन को परशुराम जन्मोत्सव के रूप में मनाता है। इस अवसर पर देश के खिलाफ हो रहे आतंकी हमलों की निंदा भी की गई तथा पहलगाम हमले के दोषियों को जल्द सजा देने की मांग की गई। कार्यक्रम में कामेश्वर पांडे, नारायण पांडे, श्रीकांत पांडे, अमूल्य चंद्र पांडेय सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के सदस्य उपस्थित थे।

# शहर में अवैध निर्माण करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : एसडीओ

- एसडीओ रिया सिंह के नेतृत्व में की गयी अशोका होटल के पीछे स्थित सब्जी मंडी क्षेत्र से अतिक्रमण विरोधी अभियान की शुरुआत



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** अवैध निर्माण पर अंकुश लगाने के लिए बुधवार की सुबह एसडीओ रिया सिंह के नेतृत्व में अशोका होटल के पीछे स्थित सब्जी मंडी क्षेत्र से अतिक्रमण विरोधी अभियान की शुरुआत की गयी। वहीं बिना नक्शा के पारित कई भवनों को चिन्हित कर उनपर जुर्माना लगाने, गौशाला रोड पर खाली पड़ी जमीनों पर नगर परिषद को चेतावनी बोर्ड लगाने, पानी टंकी रोड, गौशाला रोड, मड़ुआटांड़ समेत कई इलाकों में हो रहे अवैध निर्माण कार्यों पर नाराजगी जताते हुए एसडीओ ने सीओ को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। साथ ही टाउन प्लानर राकेश कुमार को सख्त फटकार लगाते हुए चेतावनी दी कि अगर भविष्य में कोई भी मकान बिना नक्शा स्वीकृति के बनता पाया गया तो वेतन से राशि की कटौती कर वसूली की जाएगी। वहीं बिग बाजार के पास सड़क पर खड़े दो टोटो को जब्त कर थाना भेजा गया। वहीं ओवरब्रिज के नीचे सभी फुटपाथ विक्रेताओं को चिन्हित करते हुए, व्यवस्थित किया गया ताकि यातायात में बाधा न हो। वहीं एसडीओ ने नगर परिषद को शहर की सफाई व्यवस्था को और सुव्यवस्थित करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने कहा कि जनता की सुविधा और शहर की सुंदरता बनाए रखने के लिए हर हाल में अवैध निर्माण व अतिक्रमण पर लगाम जरूरी है। वहीं नगर प्रबंधक लेमांशु कुमार ने कहा कि एसडीओ के निर्देशानुसार बुधवार को ओवर ब्रिज के नीचे फुटपाथ विक्रेताओं को मार्किंग कर स्थान चिन्हित कर दिया गया है, चिन्हित स्थान पर ही अपने फुटपाथ दुकान को लगायें अन्यथा उसे हटा दिया जाएगा। अभियान में राकेश कुमार, राजुराम, शम्भु कुमार रजक, अभिषेक कुमार मेहता, अजीत कुमार, संतोष प्रसाद, दीपक कुमार, प्रदीप शर्मा, दुलारचंद यादव, सुदर्शन श्रीवास्तव, लखन सिंह, बलराम कुशवाहा, बिमल शर्मा, मुकेश राणा समेत नप के होमगार्ड के जवान मौजूद थे।

## कोटपा एक्ट 2003 के विभिन्न धाराओं के अंतर्गत कई प्रतिष्ठानों में छापेमारी

**कोडरमा।** टोबैको कंट्रोल सेल एवं खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी की संयुक्त टीम द्वारा कोटपा एक्ट 2003 के विभिन्न धाराओं अंतर्गत कई प्रतिष्ठानों में छापेमारी की गई। छापामारी के दौरान कई प्रतिष्ठान तम्बाकू और तम्बाकू उत्पाद संबंधी पदार्थ का बिक्री करते हुए पाए गए। वहीं बुधवार को 30 प्रतिष्ठानों में निरीक्षण किया गया, जिसमें से कोटपा एक्ट 2003 के सेक्शन 6ए के तहत 11 प्रतिष्ठानों में 1200 रूपये जुर्माना वसूला गया। साथ ही उन्हें जानकारी दी गई की 6ए का साईनेज लगाया जाना जरूरी है। वहीं बताया गया कि शिक्षण संस्थान के 100 गज के दायरे में किसी भी प्रकार का तंबाकू संबंधित पदार्थ का बिक्री एवं इस्तेमाल पर पूर्णतः प्रतिबन्धित है। वहीं खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों में जांच के दौरान जल्द से जल्द फूड लाइसेंस लेने का निर्देश दिया। साथ ही साफ सफाई एवं स्वच्छता बनाए रखने का निदेश दिया। मौके पर जिला परामर्शी दीपेश कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु कुमार मौजूद थे।

## अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर तनिष्क स्टोर, झुमरी तलैया में विशेष आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा/रांची।** तनिष्क स्टोर, झुमरी तलैया, कोडरमा में अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर एक भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भावना जी, धर्मपत्नी अनुदीप सिंह, कोडरमा एसपी उपस्थित रहीं और उन्होंने दीप प्रज्वलन कर इस अवसर की शुरुआत की। इस दौरान सैकड़ों ग्राहकों ने विशेष छूट का लाभ उठाया और खरीदारी की, जिनमें से कई जोड़ों ने अपनी शादी के लिए भी आभूषणों का चयन किया। तनिष्क स्टोर की नई मैथिली कलेक्शन ने ग्राहकों का ध्यान आकर्षित किया और कई ग्राहकों ने इसे पसंद किया।

इस महत्वपूर्ण आयोजन में संतोष देवी फोगला, विमल फोगला और हर्ष जलान भी उपस्थित रहे। तनिष्क स्टोर की टीम ने सभी अतिथियों और ग्राहकों का स्वागत किया और धन्यवाद दिया।

अक्षय तृतीया का महत्व हिंदू संस्कृति में बहुत अधिक है, जिसे शुभ और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर सोने को खरीदारी करना विशेष रूप से शुभ माना जाता है। तनिष्क का सोना उच्च गुणवत्ता वाला और शुद्ध होता है, जो ग्राहकों को आकर्षित करता है।

तनिष्क स्टोर पर उपलब्ध आभूषणों की विविधता और डिजाइन ग्राहकों को अपनी पसंद के अनुसार चयन करने का अवसर प्रदान करते हैं। अक्षय तृतीया के अवसर पर तनिष्क स्टोर ने ग्राहकों के लिए विशेष आकर्षक ऑफर्स और डिस्काउंट भी प्रदान किए।

## उपायुक्त ने जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक में अधिकारियों को दिये कई दिशा-निर्देश



**कोडरमा।** समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में खनन टास्क फोर्स की बैठक की गयी। बैठक में पत्थर एवं बालू खनिज के अवैध खनन, परिवहन, भंडारण की रोकथाम, वन क्षेत्र में अवैध खनन की रोकथाम व भंडारण पर विस्तृत चर्चा की गई। वहीं उपायुक्त ने खनन टास्क फोर्स की टीम एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को पत्थर व बालू खनन का अवैध रूप से खनन, परिवहन, भंडारण करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने, वन क्षेत्र में अवैध खनन करने वालों पर सघन कार्रवाई करने, ब्लू स्टोन का अवैध खनन करने वालों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी सीओ व थाना प्रभारी को आपस में समन्वय स्थापित कर अवैध रूप से बालू परिवहन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही प्रदूषित वातावरण को कम करने के उद्देश्य से रोड पर सुबह-शाम वाटर स्प्रिंकलर करने एवं प्रदूषण मापने की मशीन को झुमरीतिलैया एवं कोडरमा में इंस्टॉल करने का निर्देश दिया। बैठक में एसपी अनुदीप सिंह, एसडीओ रिया सिंह, डीएमओ, सभी सीओ एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## आर्म्स एक्ट में तीन आरोपियों को तीन वर्ष का कारावास

**कोडरमा।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम की अदालत ने कोडरमा थाना कांड संख्या 132/22 आर्म्स एक्ट मामले में सुनवाई करते हुए तीन आरोपियों सूरज कुमार ठठेरा, मिथुन प्रसाद ठठेरा दोनों के पिता बलिराम ठठेरा और राकेश पांडेय पिता सियाराम पांडेय आजाद मुहल्ला, तिलैया निवासी को धारा 25 (1-बी)ए/35 आर्म्स एक्ट में दोषी पाते हुए तीन वर्ष का कारावास और पांच हजार रूपये का आर्थिक जुर्माना लगाया, जुर्माने की राशि नही देने पर आरोपियों को 2 महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। वहीं न्यायालय में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष से प्रभारी लोक अभियोजक शिवशंकर राम ने गवाहों का परीक्षण कराते हुए आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की। वहीं बचाव पक्ष से अधिवक्ता ने अपनी दलीलें पेश किया। माननीय न्यायालय ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और अभिलेख पर उपस्थित साक्ष्यों का अवलोकन करते हुए उक्त सजा मुकर्रर किया।

## परशुराम सेना झुमरीतिलैया की ओर से श्रद्धा व भक्तिभाव से मनाया गया परशुराम जन्मोत्सव



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** झुमरीतिलैया स्थित देवी मंडप परिसर में परशुराम सेना की ओर से धूमधाम से परशुराम जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना के साथ ही सुंदर कांड का पाठ कर सुख शांति और समृद्धि की कामना की। पूजा के उपरांत उपस्थित सभी विप्र बंधुओ ने भगवान परशुराम की जयघोष के साथ वातावरण को भक्तिमय कर दिया। वहीं इस दौरान परशुराम सेना के अध्यक्ष बरुण पाण्डेय ने कहा कि परशुरामजी का जन्मोत्सव हम सभी के लिए आनंद का दिवस है। भगवान परशुराम का कहना था कि ब्राह्मणों को शास्त्र और शस्त्र दोनों की शिक्षा लेनी चाहिए इसी को ध्यान में रखते हुए हम सभी को संगठित होकर समाज हित में काम करने का संकल्प लेना चाहिए, जिससे बाह्मण समाज सदैव आगे बढ़ता रहे। मौके पर कृष्ण मुरारी पाण्डेय, विनय शांडिल्य, विजय शुक्ला, धनंजय पाण्डेय, अश्विनी पाण्डेय, ऋषिकांत पाण्डेय, लखन पाण्डेय, दया शंकर पाण्डेय, अवध किशोर पाण्डेय, दीपक अवस्थी, सौरभ तिवारी, अंशु पाण्डेय, रणजीत पाण्डेय, राजीव पाण्डेय, अमर पाण्डेय, लोकेश पाण्डेय समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

## अप्राथमिक अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र स्थित सिपाही होटल से बीते 17 अप्रैल को एक मोटरसाइकिल चोरी होने की घटना घटित हुई थी। घटना को लेकर सतगावां थाना कांड संख्या 36/25 दर्ज कर मामले का अनुसंधान प्रारंभ किया गया। घटना का उद्यभेदन एंव अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर एसपी अनुदीप सिंह के द्वारा थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम का किया गया। गठित टीम द्वारा कांड में संलिप्त अपराधकर्मियों के गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापामारी किया गया। इस दौरान गठित टीम द्वारा बुधवार को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी के दौरान कटैया जंगल स्थित पचफेडवा से एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। साथ ही चोरी की गई ब्लू रंग की यामहा कंपनी का मोटरसाइकिल बरामद किया गया। साथ ही एक वीवो कंपनी का एक मोबाइल भी जप्त किया गया। वहीं गिरफ्तार युवक की पहचान 20 वर्षीय मोहित कुमार पिता श्याम सुंदर राजवंशी पड़ोसी राज्य के नवादा जिला अंतर्गत नेमदारगंज थाना क्षेत्र के ग्राम धनधारी निवासी के रूप में की गयी है। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। छापेमारी दल में एसआई रौशन कुमार पासवान, अरविंद कुमार के आलावे सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## अक्षय तृतीया पर बनवासी विकास आश्रम ने किया बाल-विवाह के खिलाफ धर्मगुरु कार्यक्रम का आयोजन




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर जस्ट राइट्स फोर चिल्ड्रेन अलायंस के सहयोग से बनवासी विकास आश्रम द्वारा बाल विवाह के खिलाफ धर्मगुरु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिले में स्थित ध्वजाधारी धाम मंदिर में संपन्न हुआ। वहीं बताया जाता है कि अक्षय तृतीया हिन्दू पंचांग के अनुसार वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाई जाती है। इस दिन किसी भी शुभ कार्य के लिए मुहूर्त देखने की आवश्यकता नहीं होती। परंपरागत रूप से यह दिन विवाह के लिए भी अत्यंत शुभ माना जाता है, जिसके कारण कई बार बाल-विवाह जैसी कुप्रथाएं भी इस दिन अधिक होती हैं। वहीं कार्यक्रम के दौरान मंदिर के पुजारियों के साथ संवाद कर बाल-विवाह की कुप्रथा पर चर्चा की गई और इसे रोकने में धर्मगुरुओं की भूमिका को लेकर जागरूकता बढ़ाई गई। वहीं पुजारियों ने भी अपने स्तर से समाज में बाल-विवाह के विरुद्ध संदेश देने का संकल्प लिया। वहीं ध्वजाधारी धाम मंदिर के पुजारी चंदन पांडेय, बसंत पांडेय ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को बाल-विवाह के खिलाफ शपथ दिलवाया तथा बाल-विवाह मुक्त भारत अभियान का समर्थन करते हुए कहा कि वे आने वाले दिनों में मंदिरों से समाज को बाल-विवाह के खिलाफ जागरूक करने का कार्य करेंगे। वहीं बनवासी विकास आश्रम के सामुदायिक कार्यकर्ता सुधीर कुमार राणा ने कहा कि धर्म गुरुओं की भूमिका समाज में अत्यंत प्रभावशाली है और यदि वे बाल-विवाह के खिलाफ आवाज उठाते हैं, तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। उन्होंने बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दिया तथा अपील की कि वे अपने मंदिरों से ऐसे संदेश दें जिससे समाज में बाल विवाह के खिलाफ चेतना फैले। बता दें कि जस्ट राइट्स फर चिल्ड्रेन एलायंस 300 से अधिक जिलों में फैले 160 से अधिक गैर सरकारी संगठनों के गठबंधन द्वारा संचालित एक राष्ट्रव्यापी अभियान है, जो भारत में बाल-विवाह को खत्म करने के लिए काम कर रहा है। बनवासी विकास आश्रम द्वारा जिले के सभी मंदिरों, मस्जिदों, गिरिजाघरों, गुरुद्वारों एवं अन्य धार्मिक स्थलों में बाल-विवाह के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में दिलीप राणा, रोहित कुमार सिंह, सुजिता कुमारी, फूल कुमारी, बिनोद पांडेय समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा ने मनाया परशुराम जन्मोत्सव



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा द्वारा बुधवार को अग्रसेन भवन झुमरीतिलैया में परशुराम जन्मोत्सव मनाया गया। वहीं भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम की जयंती के दुसरे दिन रामायण अखण्ड पाठ पूर्ण होने के उपरान्त हवन पूजन के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। वहीं यजमान अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के जिलाध्यक्ष अनूप जोशी एवं नीलम जोशी, पुरोहित पंडित बरुण पाण्डेय, राधेश्याम पांडेय, कमला कान्त पाण्डेय, संजय बनर्जी ने भगवान परशुराम की पूजा अर्चना की तथा विधि विधान के साथ हवन सम्पन्न कराया। वहीं अनूप जोशी ने कहा कि भगवान परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार थे। यह चिरंजीवी हैं। हम सनातन धर्म मानने वाले हिन्दू समाज के लोग उनकी जयंती को धूमधाम से मनाते हैं। बीती रात्रि में भजन संध्या में धीरज पांडेय ने अरे द्वारपालों कन्हैया से कह दो तुम्हारे दर पे सुदामा गरीब आ गया....। वहीं आराध्या सिन्हा ने परशुराम है परशु के धारी आज सजी है नगरिया......। गिरधारी सोमानी ने जाकर सिर पर हाथ मेरे श्याम धनी को होवे है बाको बाल न वाको होवे है....। महिला मण्डल ने सुन्दरकांड पाठ किया। मौके पर उपेंद्र दुबे, हृदय नन्द मिश्रा, चंद्रशेखर जोशी, दिनेश मिश्रा, पंकज दुबे, रवि मोदी, रामनाथ सिंह, मनोज जोशी, बिनोद बजाज, संजय बोटा, उदय सिंह, मुन्ना भदानी, विशाल यदुवंशी, नारायण सिंह, ओमप्रकाश द्विवेदी, अनिल सिंह, गौतम पांडेय, कुंज बिहारी द्विवेदी, राजेश शर्मा, पिन्टु शुक्ला, आलोक यादव, सुदीप्तो घोष, जय गौपाल पांडेय, अनिल गुरु, प्रियदर्शी हर्देश बिहारी, सुधांशु पांडेय, सतीश प्रकाश द्विवेदी, विजय पांडेय, लाला जोशी, विवेक सहल, डॉ. नरेश पंडित, कैलाश चौधरी, विमल पच्चीसिया, प्रभाकर झा, राजेंद्र वर्मा, मुन्ना भदानी, संजय तर्वे, मनोज पिलानिया, सज्जन शर्मा, अजय शर्मा, उमेश जोशी, श्रीअंश जोशी, आशा बर्णवाल, रूबी देवी, पुष्पा जोशी, बेवी देवी, मधु देवी, सीमा देवी, पल्लवी देवी, अंजू देवी, सबिता देवी समेत सैकड़ों भक्त मौजूद थे।

## अंडर-19 खो-खो प्रतियोगिता में शुभम का चयन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नई दिल्ली में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता 2024-25 में सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्र शुभम सिंह राजपूत का चयन अंडर-19 खो-खो प्रतियोगिता हेतु हुआ है। बताते चलें कि शुभम सिंह राजपूत नई दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेगा। दिल्ली में 30 अप्रैल से 5 मई तक आयोजन है। 28 अप्रैल को विद्यालय परिवार ने शुभम सिंह राजपूत को उज्वल भविष्य की कामना के साथ धूमधाम से रवाना किया। वहीं झारखंड टीम में चयन होने पर छात्र शुभम सिंह राजपूत को विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य संतोष प्रसाद, संजय कुमार यादव एवं विद्यालय के सभी शिक्षकों ने शुभम को बधाई दी है।

## ऑटो चोरी को लेकर तिलैया थाना में दिया आवेदन

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत रामेश्वरम होटल के पीछे से मंगलवार की रात्रि ऑटो की चोरी हो गई। जिसे लेकर ऑटो चालक दशरथ सिंह पिता स्व.बंसी सिंह अड्डी बांग्ला निवासी द्वारा बुधवार को ऑटो चोरी को लेकर तिलैया थाना में आवेदन देकर बताया है कि रामेश्वरम होटल के पीछे गाड़ी संख्या जेएच02बीबी-9083 खड़ा कर शादी में लाइट का काम कर थे, इसी दौरान जब बाहर आये तो देखे ऑटो नही था, जिसके बाद इधर-उधर खोजबिन की मगर पता नहीं चल पाया।

## प्रवासी मजदूर की गुजरात में मौत



**सतगावां (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र के मरचोई पंचायत अंतर्गत गलवाती निवासी धनेश्वर प्रसाद यादव के 35 वर्षीय पुत्र रविंद्र प्रसाद यादव की मौत गुजरात में हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार रविन्द्र गुजरात में दवा फैक्ट्री में कार्यरत था। कार्य करने के दौरान गैस ब्लास्टिंग में दीवार के गिर जाने से उसकी मौत हो गई। वहीं रविंद्र की मौत की खबर सुनकर उसके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे पत्नी व 3 अविवाहित बच्चे छोड़ गये। वहीं प्रवासी मजदूरों के लिए काम करने वाले परिजनों व ग्रामीणों ने सरकार से उचित मुआवजे की मांग की है। वहीं उन्होंने कहा कि बेरोजगार युवकों की वहां फजीहत में पड़ने से मौत के मुंह में समा जाने की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई लोगों की मौत हो चुकी है। समाचार लिखे जाने तक मृतक का शव अभी तक उसके पैतृक गांव नहीं आ पाया है।

### खबर एक नजर में

## झारखंड के उप सचिव और स्टेट कोऑर्डिनेटर ने पंचायत का दौरा कर समस्याओं का लिया जायजा



**सिमरिया।** झारखंड सरकार के उप सचिव राकेश कुमार और ग्रामीण विकास विभाग के स्टेट कोऑर्डिनेटर कुणाल किशोर सिंह द्वारा बुधवार को प्रखंड क्षेत्र के बानासाड़ी और चौपे पंचायत का एकदिवसीय द्वारा किया गया। जिसमें वर्ष 2016-17 से लंबित प्रधानमंत्री आवास की जांच की गई। उपसचिव और कोऑर्डिनेटर ने लंबित प्रधानमंत्री आवास को यथाशीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश अधिकारियों को दिया। वहीं उन्होंने बारी-बारी से लाभुकों से मिलकर उनकी परेशानियां का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने पीएमएवाई जी20 के अंतर्गत सर्वेक्षण किया और लाभुकों से उनकी जानकारी ली। मौके पर मुखिया पार्वती देवी, संबंधित पंचायत सचिव प्रखंड समन्वयक मुकेश कुमार, प्रखंड समन्वयक 15वें वित्त निहाल वारसी, एसीओ आदित्य कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## हंटरगंज में शिक्षकों की टीएनए आकलन परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न



**हंटरगंज/चतरा।** हंटरगंज प्रखंड के शिक्षकों की टीचर्स नीड असेसमेंट आकलन परीक्षा मंगलवार को रामनारायण प्लस टू उच्च विद्यालय सभागार में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। यह परीक्षा समग्र शिक्षा अभियान के तहत झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा 50 घंटे के प्रशिक्षण उपरांत आयोजित की गई थी। पांच दिनों तक आयोजित इस ऑनलाइन परीक्षा में हंटरगंज प्रखंड के प्राथमिक, मध्य एवं उच्च विद्यालयों के 800 से अधिक शिक्षकों ने भाग लिया। शिक्षकों को मोबाइल एवं टैब के माध्यम से परीक्षा में सम्मिलित कराया गया। परीक्षा केंद्र पर पूरी व्यवस्था कदाचारमुक्त रही और सीटिंग अरेंजमेंट सुसंगठित तरीके से किया गया था। परीक्षा के संचालन हेतु विभाग द्वारा स्टेशनरी, वाई-फाई एवं इंटरनेट की व्यवस्था भी की गई थी। परीक्षा की निगरानी और संचालन बीपीओ संदीप कुमार, बीआरपी राजेश कुमार, प्रमोद कुमार एवं सीआरपी विनय गुप्ता, विजय कुमार, कविंद्र प्रसाद और मृत्युंजय कुमार की देखरेख में की गई। सभी शिक्षकों ने विभागीय दिशानिर्देशों का पालन करते हुए अनुशासित रूप से परीक्षा में भाग लिया।

## चाकूबाजी कांड का आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल



**इटखोरी।** थाना क्षेत्र के जुगूडीह गांव निवासी विनोद यादव को पुलिस ने कांड संख्या 30/25 में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ है। घटना 13 फरवरी की है, जब विनोद ने अपनी प्रेमिका को किसी और युवक के साथ जंगल में देखा। गुस्से में आकर उसने उस युवक पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद विनोद फरार हो गया था, लेकिन पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर उसे पकड़ लिया। थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### उदयन पब्लिक स्कूल के स्थापना दिवस पर चतरा उपायुक्त ने दीप प्रज्वलित कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ

# गरीब असहाय बच्चों को मुफ्त में दी जाती है शिक्षा : मनोज चंद्रा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिमरिया।** तेतर मोड़ स्थित उदयन पब्लिक स्कूल के पांचवें स्थापना दिवस पर उपयुक्त रमेश घोलप, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया शनि राज, सिमरिया प्रमुख रोहण साव, पश्चिमी जिप सदस्य देवनंदन साहू, पूर्वी जिप सदस्य रोहिणी देवी, विद्यालय के कोषाध्यक्ष मनोज चंद्रा तथा अन्य उपस्थित अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम शुभारंभ के बाद विद्यालय प्रबंधन समिति के द्वारा अतिथियों और पत्रकारों को बुके, शॉल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रेमलता चंद्रा ने किया। वहीं नन्हे नन्हे बच्चों के द्वारा एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। मौके पर उपस्थित अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया ने कहा कि विद्यालय शिक्षा का मंदिर होता है। इस स्थान से बच्चों का भविष्य तय होता है। इस क्षेत्र के लोग किसान प्रवृत्ति के हैं। सभी अभिभावकों को बेहतर तरीके से अपने बच्चों को शिक्षा देनी चाहिए ताकि उनका भविष्य उज्जवल हो सके। वहीं विद्यालय के कोषाध्यक्ष मनोज चंद्रा ने कहा कि मैं जब दिल्ली में रहकर यूपीएससी का तैयारी करता था उस समय मेरे मन में विचार आया था कि सिमरिया में भी एक बेहतर स्कूल खोलेंगे। ताकि सिमरिया के बच्चे पढ़ लिखकर अच्छी मुकाम हासिल कर सकें। मेरे विद्यालय में गरीब किस्म के विद्यार्थी जो फीस नहीं चुका पाते हैं उन्हें मुफ्त में पढ़ाता हूं। साथ ही अनाथ बच्चों के लिए सम्पूर्ण शिक्षा मुक्त में दी जाती है। मौके पर उपस्थित उपायुक्त रमेश घोलप ने कहा कि शिक्षा पाने के लिए बच्चे में जुनून होना चाहिए और अभिभावकों को भी बच्चे को पढ़ने के लिए दो रोटी कम खानी चाहिए लेकिन बच्चे को बेहतर शिक्षा जरूर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज उदाहरण के तौर पर मैं खुद खड़ा हूं। मेरी मां रिश्वत देकर पेंशन के लिए एक साल तक भटकती रही लेकिन उन्हें पेंशन स्वीकृत नहीं हो पाई। मैं लगन से मेहनत करता रहा आज मैं खुद लोगों का पेंशन स्वीकृत करने के काबिल हूं। इसीलिए बच्चों को आप जरूर पढ़ाएं। परिस्थिति जैसी भी हो लेकिन बच्चों को उनके अनुसार शिक्षा दें। बच्चे जिस क्षेत्र में जाना चाहते हैं उन्हें भेजें चाहे वह पढ़ाई का क्षेत्र हो, खेल का क्षेत्र हो, या फिर कला का क्षेत्र हो। अभिभावकों को बच्चों को सपना पूरा करना चाहिए ना कि उन्हें जबरदस्ती किसी तरह का बोझ देना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर गोपाल चंद्रा, विद्यालय के प्राचार्य, चंद्रदेव प्रसाद साहू, विनोद साहू सहित बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

## ग्रिजली विद्यालय में विद्यार्थी संस्कार शिविर व योग कार्यशाला का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** ग्रिजली विद्यालय में पतंजलि हरिद्वार के तत्वावधान में विद्यार्थी संस्कार शिविर एवं योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पतंजलि हरिद्वार से पधारे योग गुरु स्वामी रामदेव जी के शिष्य केंद्रीय युवा प्रभारी विश्वदेव जी एवं योग प्रशिक्षक कौशल देव जी ने सभा में उपस्थित सभी को भारतीय संस्कृति एवं योग के महत्व के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वदेव जी, कौशल देव जी, सीईओ प्रकाश गुप्ता, प्राचार्या अंजना कुमारी एवं उपस्थित अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात प्राचार्या अंजना कुमारी ने स्वागत भाषण देकर अतिथियों का अभिवादन किया। योग सत्र का संचालन पतंजलि प्रशिक्षकों विश्वदेव जी और कौशल देव जी के साथ-साथ महिला पतंजलि योग समिति की जिला प्रभारी चंद्रलता बर्णवाल, राज्य कार्यकारिणी सदस्य कालावती देवी एवं पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी रामपुकार भारती द्वारा किया गया। इसमें अनेकों छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वहीं उन्होंने संयुक्त रूप से बताया कि नियमित योगाभ्यास से न केवल शारीरिक स्फूर्ति प्राप्त होती है, बल्कि मानसिक शांति, एकाग्रता में वृद्धि, तनाव में कमी, अनुशासन में सुधार एवं सकारात्मक सोच का विकास होता है। साथ ही पाचन तंत्र, श्वसन क्षमता और रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बेहतर होती है। विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता ने कहा कि स्वस्थ्य मन एवं स्वस्थ तन ही एक आदर्श जीवन का निर्माण कर सकता है। मौके पर अमित दास, नेहा कुमारी, सदन कुमार, शालिनी सिन्हा, रूपेश कुमार, आयुष कुमार, प्रतीक परमार, मनीषा चंद्रा आदि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### गुमला हाट एवं स्टेशनरी दुकान का सांसद सुखदेव भगत ने किया उदघाटन



गुमला। जिला प्रशासन एवं झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी गुमला के संयुक्त तत्वाधान में उज्जना बिज्जना अभियान के तहत समाहरणालय परिसर चन्दाली में गुमला हाट एवं स्टेशनरी दुकान का उदघाटन सांसद सुखदेव भगत ने किया। इस अवसर पर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह, डीडीसी दिलेश्वर महतो, परियोजना निदेशक आईटीडीए रीना हांसदा, अपर समाहर्ता सहित जिले के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर सांसद श्री सुखदेव भगत ने पहल की सराहना की एवं दीदियों को गुमला हाट में सामग्रियों की गुणवत्ता बनाये रखने एवं अच्छी पैकेजिंग पर जोर देने की बात कही। हाट की शुरूआत का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्र के लोगों द्वारा स्थानीय स्तर पर बनाये जा रहे विभिन्न पारंपरिक सामग्रियों को एक सामूहिक बाजार उपलब्ध कराना है। साथ ही समाहरणालय में विभिन्न कार्यों हेतु आ रहे ग्रामीणों की सुविधा के लिए परिसर में ही स्टेशनरी दुकान सह फोटो कॉपी की शुरूआत भी की गई है। गुमला हाट एवं स्टेशनरी दुकान का संचालन पलाश, झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी गुमला अंतर्गत संपोषित गुमला रायडीह एग्री प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है।

### चैनपुर : राशन डीलरों को स्मार्ट पब्लिक वितरण प्रणाली का दिया गया प्रशिक्षण




चैनपुर। चैनपुर प्रखंड कार्यालय के कौशल विकास भवन में झारखंड एसपीडीएस पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में चैनपुर अनुमंडल के चैनपुर, डुमरी और जारी प्रखंड के राशन डीलरों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का संचालन मनीष कुमार और मुर्शीद रजक ने किया। जिन्होंने सभी उपस्थित राशन डीलरों को आधुनिक वितरण प्रणाली की बारीकियों से अवगत कराया। कार्यक्रम में प्रशिक्षकों ने मशीनों संचालन, राशन कार्ड धारकों का सत्यापन, डिजिटल वितरण प्रक्रिया और ऑनलाइन डाटा एंट्री के अतिरिक्त अन्य आवश्यक जानकारी साझा की। प्रशिक्षण के दौरान, मुर्शीद रजक ने राशन विक्रेताओं की खराब मशीनों की मरम्मत की भी जानकारी दी। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य राशन डीलरों को स्मार्ट पब्लिक वितरण प्रणाली के कार्यप्रणाली से अवगत कराना तथा उन्हें अपने उपकरण का कुशल उपयोग सिखाना था। इस पहल से राशन वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता और दक्षता में सुधार होने की संभावना है।

### बीटीएलके पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन



गुमला। बचपन प्राइमरी स्कूल ओल्ड डी ए वी कैंपस बैंक कॉलोनी दुन्दुरिया में बुधवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के नन्हे वैज्ञानिकों ने अपनी अद्भुत वैज्ञानिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए विज्ञान के मॉडल आकर्षण का केंद्र रहा। प्रदर्शनी में कक्षा 5 की छात्रा आरोही गुप्ता ने नॉन न्यूटोनियन फ्लूइड का प्रदर्शन किया। जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। इसी कक्षा की एंजल कुमारी, मानवी प्रिया और आशी मिश्रा द्वारा बनाया गया वाटर डिस्पेंसर भी लोगों को खूब पसंद आया। अमृत अर्णव ने फायर एक्सटिंग्विशर का मॉडल प्रस्तुत कर अपनी वैज्ञानिक सोच का परिचय दिया। कक्षा 6 की उन्नति उरांव के ऑर्गेनिक फार्मिंग और भविष्य के विकास से संबंधित मॉडल ने भी दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया। कक्षा 2 की कृतिका कुमारी ने पृथ्वी की गति और विकास को दर्शार्या, जबकि स्तुति उरांव ने हाथों की संरचना का मॉडल प्रस्तुत किया। विद्यालय के निदेशक चंद्र शेखर गिरि ने इस अवसर पर कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी सामान्यतः कक्षा 6 से शुरू होती है, लेकिन विद्यालय के बच्चों को कक्षा एक या दो से ही ऐसी गतिविधियों में शामिल करता है। इसका उद्देश्य यह है कि बच्चे भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियों को आसानी से कर सकें और उनमें विज्ञान की समझ के साथ-साथ बोलने की क्षमता और आत्मविश्वास भी विकसित हो। प्रिंसिपल अनुषा कुजूर ने इस सफल आयोजन के लिए सभी को धन्यवाद दिया।

### एक्सेल थ्रीडी इंग्लिश मीडियम स्कूल का मनाया गया दसवां स्थापना दिवस



डुमरी। डुमरी मुख्यालय स्थित एक्सेल थ्रीडी इंग्लिश मीडियम स्कूल में बुधवार को विद्यालय का दसवां स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। मुख्यातिथि थाना प्रभारी अनुज कुमार ने कहा कि विद्यालय लगातार विकास की ओर अग्रसर है। आने वाले समय में बच्चों की बेहतर शिक्षा हेतु यह स्कूल बहुत ही सहायक होगा। विद्यालय के निदेशक सुनील राम ने विद्यालय के दस वर्षों की प्रगति के बारे बताते हुए कहा कि हमारा विद्यालय इस ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने का काम कर रही है। इस विद्यालय में पढ़ते हुए बच्चे लगातार अच्छा परफॉर्मेंस करते आ रहे हैं। जिससे विद्यालय का नाम रोशन हो रहा है। इसी तरह आप सभी अभिभावकों का सहयोग मिलता रहेगा तो एक दिन विद्यालय अच्छे मुकाम को हासिल कर पाएगा। मौके पर स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया। मौके पर एचएम सुशांति तिग्गा, इसीदोर केरकेट्टा, अरुण तिर्की, अभिषेक, निशांत मिंज, क्रिस्टीना, नीमा, नमनदीप, खुशबू, अंशुमाला, सिसिलिया, मुनमुन, नीलम, सलीम, बेरोनिका, बिपिन केशरी, रक्षावर्धन सहित अभिभावक उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के सदस्य एकजुट रहें: दिलीप

### राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन गुमला ने मनाया भामाशाह की जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता



गुमला। राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन गुमला के द्वारा नीलेश कॉम्प्लेक्स भवन सभागार में तेली समाज के पुरोधा महादानवीर भामाशाह की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तेली समाज के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप नीलेश, पूर्व भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष शकुन्तला उरांव, समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय कुमार साहू एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गोपाल कुमार शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष महेश कुमार लाल ने व मंच संचालन संजय कुमार साहू एवं धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ पदाधिकारी सरजू प्रसाद साहू ने की। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भामाशाह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मुख्य अतिथि दिलीप नीलेश ने अपने वक्तव्य में सभी स्वजातीय बन्धुओं को आपसी मतभेद भुला कर एकजुट रहने का आह्वान किया एवं गुमला में भामाशाह चौक पर उनकी एक प्रतिमा लगाने का भी सुझाव दिया। जिसे सभी लोगों ने एकमत से सहमति जताई। जिला अध्यक्ष महेश लाल ने भामाशाह की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश भक्ति का जज्बा भामाशाह के योगदानों से सीखने की जरूरत है। जिला अध्यक्ष ने उपस्थित सभी स्वजातीय बंधुओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को गोपाल कुमार, महिला मोर्चा जिला अध्यक्षा गायत्री देवी, भाजपा नेत्री शकुन्तला उरांव, नीलाम्बर साहू, मनोज कुमार मुन्ना सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी सम्बोधित कर अपने विचार रखे। इस अवसर पर दिलीप कुमार नीलेश, शकुन्तला उरांव, गायत्री देवी, महेश लाल, पवन गुप्ता, संजय कुमार साहू मुन्नीलाल साहु, सरजू प्रसाद साहू, नीलांबर साहू, अशोक कुमार मुन्ना, अजय साहू, मनोज मुन्नाजी, रविशंकर साव, शशिभूषण साहू आदि उपस्थित थे।

## आईसीएसई 10वीं बोर्ड में 97 .8% लाकर जिला टॉपर बना मैकेनिक का बेटा रैयान

खबर मंत्र संवाददाता



टॉपर रेयान परवेज अपने परिवार के साथ।

लोहरदगा। प्रतिभा ना ही संपन्नता और ना ही साधन का मोहताज होता। लक्ष्य अगर निर्धारित हो तो मंजिल आसान हो जाती है। बुधवार को आईसीएसई 10वी बोर्ड का रिजल्ट जारी हुआ। जिले का एकमात्र आईसीएसई विद्यालय लिवेन्स अकादमी के शत प्रतिशत बच्चे परीक्षा में सफल रहे हैं, जिनमे नगर क्षेत्र के राहतनगर निवासी गैरेज मैकेनिक परवेज आलम और गृहणी शहनाज परवीन के पुत्र रैयान परेवज ने 97.8 फिसदी अंक लाकर जिला टॉपर बन गया है। उनकी सफलता पर सिर्फ रैयान का परिवार ही नही स्कूल प्रबंधन और जिलेवासी गौरान्वित महसूस कर रहे हैं। रैयान का कहना है कि उनका लक्ष्य नीट की तैयारी कर डॉक्टर बनना है। वे डॉक्टर बनकर जरूरतमंदों की सेवा करना चाहता है। रिया ने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और अपने चाचा एवं शिक्षकों को दिया है उन्होंने कहा कि इन सभी को प्रयासों और हमेशा सपोर्ट करने के कारण आज वह इस मुकाम पर पहुंचे है। रैयान की बहन भी गत वर्ष आइसीएसई बोर्ड में द्वितीय जिला टॉपर बनी थी, वर्तमान में वह जीटीपीएस विद्यालय से 12वीं का परीक्षा दे चुकी है।

### बेटहट पंचायत में लोहरदगा डीडीसी ने की नयी पहल की शुरूआत

## सक्षम बनेंगे समुदाय, बाल संसद करेगी अगुवाई

खबर मन्त्र संवाददाता



लोहरदगा। आकांक्षी प्रखंड किस्को के बेटहट पंचायत स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बुधवार को डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा निरीक्षण दौरे के अवसर पर विद्यालय में बाल संसद के बच्चों के साथ एक बाल सभा का आयोजन किया गया। बाल सभा के दौरान डीडीसी और बाल संसद के सदस्यों द्वारा बाल संसद अभियान की पुस्तिका का औपचारिक लोकार्पण किया गया। इस पुस्तिका में 12 महीनों का गतिविधि विवरण मौजूद है, जिसे जिले के सभी विद्यालयों में शिक्षकों, पंचायत मुखिया एवं संबंधित विभागों के सहयोग से क्रियान्वित किया जाएगा। अभियान को सफलतापूर्वक लागू कराने में गांधी फैलो प्रशंसा और सुमंत पंचायत प्रतिनिधियों को सहयोग प्रदान करेंगे। डीडीसी शेखावत ने कहा कि, बाल संसद विद्यालयों एवं समुदायों में स्वस्थ जीवनशैली, साफ-सुथरा वातावरण और नैतिक नेतृत्व को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। बाल संसद विद्यालयों में छात्रों के समग्र विकास के लक्ष्य की दिशा में कार्य करेगा। बाल संसद शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं समावेशन के क्षेत्रों में सक्रिय रहेगा। छात्र अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार इनमें से किसी भी गतिविधि को स्वेच्छा से चुन सकेंगे। प्रशासन ने आदिवासी समुदाय की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इस पहल के ढांचे को तैयार किया है, जिसका उद्देश्य जनसांख्यिकीय विविधता को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य व शिक्षा संबंधी जरूरतों को पूरा करना है। इस सभा में मुखिया राजकिशन उरांव, प्राचार्या लाल अरविंद कुमार सहदेव, शिक्षक, ग्रामीण एवं पिरामल टीम उपस्थित थे।

## जनकल्याणकारी योजनाओं की स्थिति की जांच स्थल पर जाकर करें : सांसद

### सुखदेव भगत की अध्यक्षता में 'दिशा' की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में शामिल सांसद, डीसी, एसपी व अन्य।

गुमला। समाहरणालय स्थित सभागार में सांसद सुखदेव भगत की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित विकास व जनकल्याणकारी योजनाओं के अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। सांसद लोहरदगा सुखदेव भगत के द्वारा समीक्षा के क्रम में पेयजल विभाग को निर्देशित किया गया कि ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए हर घर नल से जल पहुंचने का कार्य शत प्रतिशत सुनिश्चित करेंगे। साथ ही जानकारी मांगी कि अब तक जिले के कितने घरों में नल से जल पहुंचाया जा चुका है। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जिले में जहां कहीं भी खराब पड़े हैंडपंप या जल जीवन मिशन के तहत लगाए मोटर खराब हैं, उसे चिन्हित करते हुए उसकी मरम्मती का कार्य शीघ्र सुनिश्चित करेंगे। जेएसएलपीएस की समीक्षा के क्रम में सांसद द्वारा कहा गया कि यहां की महिलाएं रागी एवं मकई के क्षेत्र में बहुत ही बेहतर काम कर रही हैं। इस काम से महिलाएं आत्मनिर्भर हो रही हैं। यह एक अच्छा संकेत है। उन्होंने यह भी कहा कि एफपीओ व एसएचजी की दीदियां गांव की अन्य महिलाओं को जागरूक भी करें। बैठक के क्रम में समिति के सदस्यों द्वारा कई अहम मुद्दों को उठाया गया। इस संबंध में सांसद ने संबंधित पदाधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में सांसद के द्वारा सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जांच करने हेतु जिला स्तरीय पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों को स्थल पर जाकर योजना की प्रगति का जांच करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में डीसी कर्ण सत्यार्थी, एसपी शंभु कुमार सिंह, डीडीसी दिलेश्वर महतो, आईटीडीए रीना हांसदा, अपर समाहर्ता शैलेन्द्र बड़ाईक, डीएफओ बेलाल अहमद, एसडीओ चैनपुर, बसिया, गुमला, जनप्रतिनिधि व अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### अक्षय तृतीया अहिल्या बाई होल्कर स्मृति बालिका छात्रावास का हुआ शुभारंभ



गुमला। अक्षय तृतीया के अवसर पर कालेश्वर नाथ इंटर महाविद्यालय परिसर पांच पांडव बनारी बिशुनपुर में ओएनजीसी सामजिक दायित्व निर्वहन अंतर्गत नवनिर्मित अहिल्या बाई होल्कर स्मृति बालिका छात्रावास का विधि विधान के साथ पूजन करके गृह प्रवेश का कार्यक्रम किया गया। विकास भारती बिशुनपुर के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत ने बताया कि इस निर्माणाधीन छात्रावास में वर्तमान समय में 50 बालिकाएं रहेंगी। पूर्ण निर्माण हो जाने पर लोहरदगा, गुमला, लातेहार व पलामू जिले के दुरस्त ग्रामीण क्षेत्र की सौ बालिकाएं यहां रह कर शिक्षा प्राप्त करेंगी। यह छात्रावास अपने आप में अनुसूचित जनजाति बालिकाओं का झारखंड एक मॉडल होगा। छात्रावास सभी सुविधाओं से युक्त है। इस अवसर पर गैर प्रशिक्षण विभाग के प्राचार्य पंकज सिंह, विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश पांडे एवं अन्य शिक्षक और अध्यनरत बच्चे उपस्थित थे।

### नमांकन में तेजी के लिए अभिभावकों को करे मोटिवेट : बीडीओ

खबर मन्त्र संवाददाता



जारी। स्कूल रूआर 2025 को लेकर जारी प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय के सभागार में बुधवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उदघाटन बीडीओ यादव बैठा, बीपीएम सरफराज अंसारी, मुखिया चाजरेण मिंज, फादर ग्रेगोरी कुल्लू के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर बीडीओ यादव बैठा ने शिक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि आप ईमानदारी पूर्वक कार्य करेंगे तो नमांकन में कठिनाई नहीं होगी। शिक्षकों से कहा कि आप समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करें। साथ ही अभिभावकों को मोटिवेट करे निश्चित रूप से नमांकन में तेजी होगी। स्कूल में खुद अनुशासन में रहे और बच्चों को भी अनुशासन मे रखें। प्रखंड क्षेत्र में जो भी बच्चे ड्रॉप आउट हैं उसका घर जाकर अभिभावकों से बातचीत करें और अभिभावक को मोटिवेट करते हुए बच्चा का नमांकन करें। यह कार्यक्रम 25 अप्रैल से 10 मई तक चलेगा। प्रत्येक दिन का प्रतिवेदन भी दे कि कितना नमांकन हुआ। रूआर कार्यक्रम तभी सफल होगा जब आप, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, आंगनबाड़ी सेविका एवं अभिभावकों में समन्वय स्थापित कर काम करेंगे। बीपीएम सरफराज अन्सारी के द्वारा स्कूल रुआर 2025 के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। मौके पर बीआरपी रीना कुमारी, सेवन्ती कुमारी, रोशन बाखला, विक्टोरिया एक्का, शान्ति देवी, सीआरपी दिनेश नन्द, माताशरण कुजूर, मनुवर अन्सारी, अंजली कुजूर, लीलीपुष्पा कुजूर फा.प्रेम प्रकाश इन्दवार, जोसेफा टोप्पो, अरूण कुमार बाड़ा, फा.फिलमोन एक्का आदि उपस्थित थे।

### धीरज प्रसाद साहू के प्रयास से विमरला माइंस में पुनः परिचालन शुरू हुआ

लोहरदगा। विमरला बॉक्साइट माइन्स में चलने वाले ट्रकों को पिछले दो दिनों से अवैध तरीके से कुछ लोगों ने सड़क पर रोक दिया था जिसके कारण ट्रक मालिक, चालकों, उप चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस संबंध में जब पूर्व राज्यसभा सदस्य सह एसोसिएशन के संरक्षक धीरज प्रसाद साहू को अवगत कराया गया तब उन्होंने प्रशासन के बड़े आला अधिकारियों से बात करके जाम को खुलवाया और विमरला में तब पुनः मंगलवार रात्रि से परिचालन शुरू हुआ। इसके लिए एसोसिएशन धीरज प्रसाद साहू को धन्यवाद देती है और उनके प्रयास से ही यह जम हटा है। एसोसिएशन ने झारखंड पठारी बॉक्साइट चंदवा ट्रक ओनर एसोसिएशन एवं लोहरदगा गुमला ट्रक ओनर एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों का आभार प्रकट किया है, साथ ही आंदोलन में शामिल सभी ट्रक मालिको, ट्रक चालकों एवं सदस्यों का भी आभार प्रकट करती है।

### विभिन्न समस्याओं को लेकर नप प्रशासक से मिले सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य कुणाल अभिषेक



लोहरदगा। जिला सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य कुणाल अभिषेक ने नगर परिषद के प्रशासक मुक्ति कीड़ो से मुलाकात कर नगर के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए इसकी निदान की शीघ्र मांग की। कुणाल अभिषेक ने कहा गुदरी बाजार से मिशन चौक तक रोड की स्थिति जर्जर हो गई है जिसके कारण आए दिन एक्सीडेंट होते रहता है। इस रोड में बहुत सारे बैंक है स्कूल के बच्चे भी आते जाते रहते हैं। महावीर चौक ईस्ट गोला रोड के हाई मार्क्स भी खराब है। बरवा टोली चौक में ऑटो लगाने से जाम की स्थिति बनी रहती है। शंख नदी पुल के पास हाई मार्क्स लाइट की आवश्यकता है। कुणाल अभिषेक ने पानी के समस्याओं के बारे में भी चर्चा किया। प्रशासक ने कहा कि जल्द ही सारे समस्याओं का निदान किया जाएगा।

## जूनियर डीएवी में रेड डे उत्सव मनाया गया

खबर मन्त्र संवाददाता



लोहरदगा। जूनियर डीएवी विद्यालय में प्राचार्य जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में जूनियर डीएवी के प्रभारी शिक्षक अश्विन कुमार पात्रों द्वारा रेड डे उत्सव का आयोजन किया गया। मौके पर बताया गया कि स्कूल में 'रेड डे' मुख्य रूप से बच्चों को लाल रंग के बारे में जानकारी देने और उसे सीखने के लिए एक आकर्षक गतिविधि के रूप में मनाया जाता है। यह उत्सव बच्चों के लिए एक मजेदार और याद रखने योग्य अनुभव बनाता है। 'रेड डे' के दौरान, बच्चे लाल रंग के कपड़े पहनते हैं, लाल रंग की वस्तुओं को प्रदर्शित करते हैं, और लाल रंग से संबंधित गतिविधियों में भाग लेते हैं। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विद्यालय में नन्हे बच्चों के मध्य रेड डे मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा नर्सरी, एलकेजी व यूकेजी के बच्चों के मध्य लाल रंग के क्राफ्ट बनाने की प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी में सान्वी साहू, श्रेयांश, महम परवेज व सक्षम भगत ने कक्षा एलकेजी में हर्षिका रानी, राजश्री आनंद, भार्गवी भारद्वाज, पृषिता वाही व प्रत्यूष वर्मा ने तथा कक्षा यूकेजी में हर्षित आनंद, अद्वैत आलोक, हिमांशु राज, वेदांत सोनी, पृथ्वी वर्मा तथा पृषभ राज ने प्रथम स्थान अर्जित किया। इन प्रतियोगिताओं में संगीता मित्तल, श्वेता कुमारी व प्रिया कुमारी निर्णायक बनीं। प्रमित कुमार व पूनम सिंह ने इसमें भूमिका निभाई।

### सांप काटने से एक की मौत

घाघरा। घाघरा थाना क्षेत्र के आदर गांव में सांप के काटने से किशोर प्रयाग महतो की मौत हो गई। वहीं बुधवार को गांव में मृतक का अंतिम संस्कार किया गया। घटना को लेकर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि मंगलवार को प्रातः 3 बजे घर में सभी कोई जमीन पर सो रहे थे। इस क्रम में प्रयाग महतो को कराईट सांप ने हाथ में काट लिया। जिसके बाद उक्त सांप अन्य सोये लोगों के ऊपर से पार हो रहा था। जहां लोगों को आभास हुआ कि शरीर पर कोई चीज चल रहा है। जिसके बाद आंख खोलकर देखे तो सांप था। हल्ला किये तो घर में सोये सभी लोग उठ गये। इसके बाद प्रयाग ने हाथ में सांप के काटने की जानकारी परिजनों को दी। वहीं आनन फानन में उसे गुमला हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां चिकित्सक द्वारा गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया। रिम्स में पहुंचने पर चिकित्सक ने प्रयाग महतो को मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि सांप की प्रजाति में कराईट बहुत ही जहरीला होता है।

### घाघरा : करंट की चपेट में आने से दो बैल की मौत

घाघरा। घाघरा थाना क्षेत्र के मकरा गांव स्थित बिजली पोल में करंट प्रवाहित होने से उसके चपेट में आकर ढ़िढौली ग्राम निवासी किसान शनि भगत और गुड्डू मुंडा के दो बैल की मौत हो गई। वहीं दोनों किसानों ने बिजली विभाग से मुआवजा की मांग की है। इस बाबत पीड़ित किसान ने बताया कि आज दिन में लगभग पौने नौ बजे चरवाही हेतु लेकर दोनों बैल को जा रहे थे। इसी क्रम में मकरा गांव स्थित लोहे की बिजली पोल में बैल चपेट में आ गया। पोल में आर्थिन प्लेट टूटे होने के कारण तार लोहे के पोल में आ गया। जिससे पोल में करंट होने के कारण दोनों बैल की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। चपका पंचायत की पंचायत समिति सदस्य सीमा देवी ने हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

## स्कूल रूआर जैसी योजनाएं ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था में नवाचार और गुणवत्ता लाने में सहायक : प्रमुख

### स्कूल रूआर के तहत घाघरा में प्रखंड स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



घाघरा। घाघरा प्रखंड के मीडिल स्कूल सभागार में स्कूल रूआर 2025 के तहत प्रखंड स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख सविता देवी, बीपीओ पुष्पा टोप्पो, मुखिया चांदनी उरांव, अग्नि उरांव और अन्य अतिथियों ने किया। वहीं बीपीओ पुष्पा टोप्पो ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था में सुधार, बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने और समुदाय की भागीदारी को सशक्त बनाना है। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि स्कूल रूआर जैसी योजनाएं ग्रामीण शिक्षा व्यवस्था में नवाचार और गुणवत्ता लाने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। हमें हर बच्चे तक शिक्षा पहुंचाने की दिशा में मिलकर प्रयास करना होगा। कार्यशाला में विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न गतिविधियों और प्रशिक्षण सत्रों के माध्यम से उपस्थित शिक्षकों को कार्यक्रम की कार्ययोजना, क्रियान्वयन की रणनीति और बच्चों की सीखने की स्थिति में सुधार लाने के उपायों की जानकारी दी गई। वही कई बच्चों के बीच सरकार द्वारा दी गई स्कूल बैग और किताब वितरण अतिथियों द्वारा की गई। साथ ही बच्चों को फूल देकर स्कूल प्रत्येक दिन आने के लिए प्रोत्साहित किया गया। मौके पर शिक्षक संतोष कुमार, सदय प्रताप जायसवाल, मनोज तिवारी, रोहित खेश, अनुप भारती, संजय सिंह, विजय साहू, अनिमा रानी टोप्पो, बबीता कुमारी, सीमा रानी सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

### मेन रोड गुमला में कंगना इंटर प्राइजेज के स्कुटी शो रूम का हुआ शुभारंभ



गुमला। अक्षय तृतीया के अवसर पर मेन रोड गुमला में कंगना इंटर प्राइजेज स्कुटी शो रूम का बुधवार को शुभारंभ किया गया। शो रूम के संचालक शिशिर कुमार गुप्ता ने बताया कि बैट्री चालित स्कुटी बहुत ही सस्ती कीमत पर गुमला के लोगों के लिए कंगना इंटर प्राइजेज ने उपलब्ध कराया है। स्कुटी की कीमत 37 हजार रूपया है। गुप्ता ने कहा कि गुमला आदिवासी बहुल व पिछड़ा जिला है। यहां के लोग महंगी दोपाहिया वाहन खरीद नहीं पाते हैं। उनके जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बैट्री संचालित स्कुटी उपलब्ध करायी गई है। यह स्कुटी आम आदमी के आर्थिक स्थिति के अनुरूप हैं। क्योंकि वर्तमान समय में अच्छे क्वालिटी की साइकिल की भी कीमत अधिक है। गुप्ता ने कहा कि गुमला के गरीब परिवारों के लिए यह स्कुटी तोहफा के समान है। वहीं उदघाटन के दौरान शंभू लाल गुप्ता, लता गुप्ता सहित शहर के कई व्यवसायी उपस्थित थे।

## लोहरदगा : होमी जहांगीर भाभा कोचिंग संस्थान के दो छात्र आइआइटी-जेइइ मेंस में हुए उत्तीर्ण

### डीसी डॉ वाघमारे सहित जिला प्रशाशन के अधिकारियों ने किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



लोहरदगा। डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण बुधवार को जिला प्रशासन लोहरदगा की ओर से संचालित होमी जहांगीर भाभा कोचिंग संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने आईआईटी-जेईई मेंस में उत्तीर्ण हुए संस्थान के दो छात्रों निशांत कुमार और शिशुपाल उरांव को सम्मानित किया। इस मौके पर डीसी ने उक्त संस्थान में अध्ययनरत छात्र-छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन की ओर से संस्थान में इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेज में प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क तैयारी करायी जाती है। जिला प्रशासन के इस पहल का लाभ सभी उठाएं और उक्त परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी कराएं। यह पहल इसलिए कि गयी है ताकि छात्र-छात्राओं को इंजीनियरिंग व मेडिकल परीक्षाओं की तैयारी के लिए मोटी राशि खर्च ना करना पड़े। आज इस संस्थान के दो छात्र परीक्षा में सफल हुए हैं। मेरी तरफ से दोनों को बधाई व शुभकामनाएं हैं कि दोनों आईआईटी /जेईई की एडवांस परीक्षा में भी सफल हों और बढ़िया इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रवेश का मौका मिले। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर व अन्य उपस्थित थे। पदाधिकारियों द्वारा दोनों छात्रों को किताब देकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

## मनिका प्रखंड के डोंकी पंचायत में घटिया मेटेरियल से सरना स्थल की चहारदीवारी का निर्माण

# कमेटी बनाने के बाद भी गैर आदिवासी कर रहे योजना का निर्माण

- नाबालिग बच्चों को भी बना दिया गया कमेटी का सदस्य
- बंगला ईंट, 8 व 10 एमएम का छड़,घटिया सीमेंट का उपयोग, मजदूरों की मजदूरी भी बकाया



योजना स्थल पर मौजूद बांग्ला ईंट व बाउंड्री में लगे आठ व 10 एमएम का छड़।



जानकारी देते मजदूर।

**खबर मंत्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत डोंकी पंचायत के उप स्वास्थ्य केंद्र के पीछे कोलडीहा टोला स्थित सरना स्थल के भूमि का चार दीवारी निर्माण का कार्य संवेदक के द्वारा घटिया मेटेरियल का उपयोग कर करवाया जा रहा है। बता दें कि कार्यालय समेकित जनजाति विकास अभिकरण (आई.टी.डी.ए.) कल्याण विभाग लातेहार के तहत ग्राम डोंकी में सरना स्थल का चार दीवारी निर्माण का चयन किया गया है,जिसकी प्राक्कलन राशि 24 लाख 97 हजार 800 रुपए है। लेकिन इस योजना में संवेदक सरवन सिंह राजपूत के द्वारा मनमानी तरीके से भारी लापरवाही बरती जा रही है। जहां पर चार दिवारी के निर्माण में बांग्ला ईंट,8 व 10 एमएम का छड़ एवं एस्टीमेट से बाहर सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है। साथ ही दस तगाड़ी बालू में एक बोरा सीमेंट मिलाकर बाउंड्री निर्माण का काम किया जा रहा है। वहीं योजना स्थल पर देखा गया कि योजना से संबंधित कोई बोर्ड नहीं लगाया गया है जिससे की योजना के विषय में विस्तार से जानकारी प्राप्त हो सके। साथ ही योजना स्थल पर साफ देखा जा सकता है कि संवेदक अपने मनमानी तरीके से एस्टीमेट से बाहर होकर योजना का निर्माण करवा रहा है। मौके पर योजना स्थल पर काम कर रहे मजदूरों ने बताया कि हम लोगों को काफी दिनों से मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है। वहीं कुछ ग्रामीणों ने बताया कि 2018 में भी खाता नंबर-193, प्लॉट नंबर-687, रकबा-96 डिसमिल के सरना स्थल भूमि पर चार दीवारी निर्माण का चयन किया गया था जबकि उस योजना को किसी और जगह पर निर्माण करवाया गया और अभी वर्तमान में फिर से इसी खाता, प्लॉट और रकबा में योजना का चयन कराकर चारदीवारी का निर्माण करवाया जा रहा है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि बाउंड्री का निर्माण ज्यादा एरिया में करना था लेकिन संवेदक के द्वारा कम एरिया में ही बाउंड्री का निर्माण कराया जा रहा है। साथ ही सरना स्थल के भूमि पर योजना का निर्माण गैर आदिवासी सरवन सिंह राजपूत के द्वारा करवाया जा रहा है। जबकि आदिवासियों के द्वारा इस योजना का निर्माण होना चाहिए था। जिसके लिए कमेटी का भी गठन हुआ है जिसमें अध्यक्ष विश्वनाथ उरांव और सचिव प्रदीप टोप्पो को बना दिया गया है और सदस्य में कई नाबालिग बच्चों को भी शामिल किया गया है,जिसमें रंजीत सिंह उम्र लगभग 16 वर्ष,ओमप्रकाश उरांव उम्र लगभग 17 वर्ष व राकेश उरांव उम्र लगभग 16 वर्ष शामिल है।

**जिला प्रशासन से कार्रवाई की करेंगे मांग: मुखिया भजेंद्र उरांव**

वहीं मामले के संबंध में डोंकी पंचायत के मुखिया भजेंद्र उरांव को जब अवगत करवाया गया तो उन्होंने कहा कि संवेदक के द्वारा योजना में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी,जिला प्रशासन से योजना का जांच कर संवेदक के ऊपर कारवाई करने की मांग करेंगे।

## बोलेरो ने बाइक सवार को मारी टक्कर,घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के बुकरू ग्राम के समीप बुधवार को एक अनियंत्रित बोलेरो के धक्के से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कुलेश्वर गंझु 24 वर्ष पिता सोमर गंझु ग्राम आरा थाना बालूमाथ निवासी शादी समारोह में शामिल होने अपने घर से बरनी जा रहा था। इसी दौरान बुकरू ग्राम के समीप एक अज्ञात बोलेरो ने उसे पीछे से टक्कर मार दिया और फरार हो गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

# मजदूर एकजुटता का परिचय दें : सत्येंद्र प्रसाद यादव

**खबर मंत्र संवाददाता**



स्वागत के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**लातेहार।** लातेहार छोटानागपुर बॉक्साइट एवं कॉल वर्कर्स यूनियन के जिला अध्यक्ष हिंडालको रिचुघुटा साइडिंग में पहुंचे जहां मजदूरों ने भव्य स्वागत किया और कार्यक्रम का आयोजन किया कार्यक्रम रिचुघुटा के हिंडालको साइडिंग में आयोजित किया गया था। उपस्थित हिंडालको साइडिंग में कार्य करने वाले डब्बा लोडर तथा ट्रक अन लोडरो ने अपनी समस्या रखी समस्या को देखते हुए छोटा नागपुर बॉक्साइट कोल्ड वर्कर्स यूनियन के जिला अध्यक्ष सत्येंद्र प्रसाद यादव ने सभी मजदूरों से कहा कि आप सभी एक जुट रहे और एकता में ही बाल है आपकी उपस्थिति के साथ-साथ एक जूता रहेगी तो आपको यूनियन पूरा का पूरा हक दिलाने का काम करेगी हमारे नेता धीरज प्रसाद साहू मजदूरों के मसीहा के रूप में जाने जाते हैं उनके द्वारा मजदूर के जो समस्या होती है वह गंभीरता से लेते हैं आपकी भी समस्या को मैं उनके बीच रखूंगा और आपके सभी समस्या को निदान करने का काम करूंगा। इस अवसर पर मजदूर नेता रवि कुमार डे ने मजदूरों के समक्ष कहां की एकता में बाल है आप सभी एकजुट होकर अपने यूनियन को मजबूती का प्रदान करें धीरज प्रसाद साहू जैसे नेता गरीबों का कई पीढ़ी से उनके द्वारा कार्य किया जा रहा है आप सभी एक जुट होकर रहे। समस्या होती है परंतु निदान भी नेता के द्वारा ही होता है। इंटक नेता लखन प्रसाद जायसवाल ने कहा कि धीरज प्रसाद साहू जैसे नेता हम लोग के साथ हैं आपकी हर कमी को उनके द्वारा पूरा किया जाएगा साथ ही आने वाले 8 तारीख को नेता के द्वारा छोटा नागपुर बॉक्साइट एवं कॉल वर्कर्स यूनियन के बैनर तले लोहरदगा के किसको में अधिवेशन का आयोजन किया गया है हम सभी एकजुट हो कर अधिवेशन में भाग ले और एकता का परिचय दें वही इंटक नेता मुकेश कुमार सिंह ने भी कहां है कि धीरज प्रसाद साहू के नेतृत्व में पूरे लातेहार जिला के अंदर बॉक्साइट का साइडिंग हो कोयल का साइडिंग हो या कोयले का खदान हो इन सभी जगह पर इंटक यूनियन का परचम लहरेगा। मजदूर हित के माननीय धीरज प्रसाद साहू के नेतृत्व में हम सभी नजन मजदूर हित में कार्य करेंगे। सभी मजदूर लोगों ने एक स्वर से कहा कि हम सभी अपने नेता धीरज प्रसाद साहू के हाथों को मजबूत करेंगे और अपनी हक की लड़ाई के लिए जिसे भी लड़ना पड़ेगा हम एक जुटता का परिचय देते हुए अपना कार्य करेंगे इस अवसर पर सैकड़ो मजदूर उपस्थित थे।

## जयसवाल ट्रेडर्स का भव्य उद्घाटन क्षेत्रीय विकास की नयी शुरूआत

**गांवों के विकास की दिशा में एक कदम : सुशीला**



शोरूम का उद्घाटन करते अतिथि।

**खबर मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत खुरा-लंका मुख्य मार्ग पर बुधवार को जयसवाल ट्रेडर्स नामक सीमेंट व सरिया प्रतिष्ठान का भव्य उद्घाटन विधिवत हवन-पूजन व फीता काटकर किया गया। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों और गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना रहा। शोरूम का शुभारंभ दीनानाथ जयसवाल, प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी, समाजसेवी मनोज जयसवाल और भाजपा नेता उपेंद्र प्रसाद उर्फ ओपी सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। शोरूम के संचालक बिरेंद्र जयसवाल ने बताया कि प्रतिष्ठान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय लोगों को गुणवत्तापूर्ण निर्माण सामग्री उचित दरों पर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि ग्राहक संतुष्टि ही हमारी प्राथमिकता है। प्रतिष्ठान में एसीसी, डालमिया, अल्ट्राटेक जैसी ब्रांडेड सीमेंट के साथ उच्च गुणवत्ता की सरिया उपलब्ध होगी। साथ ही ईंट, छर्री और बालू भी वाजिब दामों पर मिलेगी। मुख्य अतिथि प्रमुख सुशीला देवी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि खुरा जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के प्रतिष्ठानों की सख्त जरूरत थी। इससे लोगों को स्थानीय स्तर पर बेहतर सामग्री सुलभ होगी और समय व धन दोनों की बचत होगी। वहीं भाजपा नेता उपेंद्र प्रसाद उर्फ ओपी ने कहा कि इस तरह के प्रतिष्ठानों से गांवों का आर्थिक और सामाजिक विकास संभव हो सकेगा। जयसवाल ट्रेडर्स क्षेत्र में विकास की नई किरण बनकर उभरेगा।

समारोह के दौरान अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र से सम्मान किया गया तथा प्रसाद वितरण भी हुआ। मौके पर वरिष्ठ नेता अनिल सिंह, समाजसेवी दीपू तिवारी, कन्हाई प्रसाद, सुनील सिंह, अशोक प्रसाद, मनोज यादव, ब्रजेश सिंह और पारस जयसवाल सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

## प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन 6 से 8 तक

**चंदवा।** विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी एवं श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति रांची के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन रेड क्रॉस भवन, धर्मपुर लातेहार में 6, 7 एवं 8 मई को आयोजित किया गया है। शिविर में कटे हुए हाथ एवं पैर के स्थान पर कृत्रिम हाथ एवं पैर निशुल्क लगाया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए बीडीओ चंदन प्रसाद ने बताया कि 6, 7 एवं 8 मई को कटे हुए हाथ एवं पैर के मरीज शिविर में अवश्य पहुंचे, यह पूरी तरह निशुल्क है। बताया कि मरीज जांच हेतु अपने साथ आधार कार्ड का फोटोकॉपी व दो पासपोर्ट साइज फोटो अवश्य लेकर शिविर में पहुचे। उन्होंने प्रखंड के जनप्रतिनिधियों विभाग के अधिकारियों समेत आम नागरिकों से शिविर का लाभ उठाने को लेकर प्रचार प्रसार करने की अपील की है।

## संत कलारेट स्कूल का जलवा : आईसीएससी 10वीं में शत-प्रतिशत रिजल्ट, हर्ष ने हासिल किए 95% अंक



हर्ष कुमार वर्मा।



अमन रजा।




मोहम्मद अरीज तमीम।

**खबर मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** बुधवार को आईसीएससी बोर्ड द्वारा कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम जारी किया गया, जिसमें बरवाडीह प्रखंड स्थित संत कलारेट स्कूल ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत सफलता हासिल की। परीक्षा में कुल 80 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया, जिनमें 31 ने डिस्टिंक्शन, 32 ने प्रथम श्रेणी और 17 ने द्वितीय श्रेणी में सफलता प्राप्त की। रिजल्ट में हर्ष कुमार वर्मा ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप किया। उनके बाद अमन रजा ने 94%, मोहम्मद अरीज तमीम ने 90%, प्रतीक सलसो ने 89%, करण यादव ने 87%, कोमल कुमारी ने 86%, साक्षी कुमारी और देवानंती कुमारी ने 85-85%, जेसिका करकेटा ने 84% तथा आर्यन राज और परिधि कुमारी ने 83-83% अंक प्राप्त किए। विद्यालय के प्रिंसिपल फादर जॉर्ज ने सभी छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों की लगन और अभिभावकों के सहयोग का नतीजा है।

उन्होंने बताया कि स्कूल का लगातार शत-प्रतिशत रिजल्ट रहना गर्व की बात है और भविष्य में इससे भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। बच्चों की सफलता पर शिक्षिका नेहा शर्मा, नेहा रानी, रजनी राजू, मनोज बेक, नीता सिन्हा समेत अन्य ने शुभकामनाएं दीं और उज्जवल भविष्य की कामना की।

## कानूनगो के चंदवा स्थित आवास में चोरी



**चंदवा।** प्रखंड मुख्यालय से महज चंद कदमों की दूरी पर स्थित वन विभाग चेक नाका के समीप स्थित जिला भूअर्जन कार्यालय रामगढ़ में कानूनगो पद पर पदस्थापित लाल बिहारी उरांव के आवास पर भीषण चोरी की घटना घटित हुई है, जहां अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर लगभग 50 हजार रुपए नकद एवं लाखों रुपए के सोने के जेवरात की चोरी कर रफूचक्कर हो गए। बुधवार की सुबह घटना की भनक आसपास के लोगों को तब हुई जब घर का ग्रील खुला देखा, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना लाल बिहारी उरांव को दी। सूचना के बाद आवास पहुंच के देखा तो घर में अलमीरा, बक्सा खुला हुआ था व सारे सामान बिखरे पड़े थे एवं घर में रखे 50 हजार नकद एवं सोने का चेन, सोने का कान का टॉप समेत अन्य समान गायब मिले। भुक्तभोगी द्वारा मामले की जानकारी चंदवा पुलिस को दिए जाने के बाद चंदवा पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की तहकीकात की। मामले को लेकर भुक्तभोगी सीआई लाल बिहारी उरांव ने चंदवा थाना के नाम लिखित आवेदन देकर बताया है कि मेरे पुस्तैनी गांव परसही लातेहार में 28 से 30 अप्रैल तक बेटी का विवाह कार्यक्रम था, इसी के निमित 27 अप्रैल को सपरिवार गांव गए हुए थे, इसी का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने उक्त घटना को अंजाम दिया है। इन्होंने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर अज्ञात चोरों के विरुद्ध कार्रवाई की गुहार लगाई है।

## डीजे बजाने को लेकर हुए विवाद में मारपीट



**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना छेत्र मुरपा ग्राम में मंगलवार देर रात शादी समारोह में डीजे बजाने को लेकर हुए विवाद में मारपीट हो गई। जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नरेश कुमार 25 वर्ष पता मुकेश यादव ग्राम आरा थाना बालूमाथ निवासी शादी समारोह में शामिल होने मुरपा गया हुआ था। जहां डीजे बजाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया। जहां दूसरे पक्ष के लोगों ने युवक पर लाठी से हमला कर दिया जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों द्वारा घायलावस्था में युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर संजय सिद्धार्थ के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

## धूमधाम से मनाया गया परंपरागत सरहुल परब

**खबर मन्त्र संवाददाता**



सरहुल पर्व मानते लोग।

**चंदवा।** प्रखंड के माल्हन पंचायत अंतर्गत माल्हन, गनियारी, लोहरसी, देवनदीया, मरमर गांव में बुधवार को परंपरागत सरहुल का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सरहुल में बड़ी संख्या में आदिवासी समुदाय के लोग पारंपरिक वेश भूषा में शामिल हुए। वहीं गनियारी गांव में आयोजित सरहुल कार्यक्रम का उद्घाटन मुखिया जतरु कुमार मुंडा के द्वारा फीता काटकर कर किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज पूरे क्षेत्र में सरहुल का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। सरहुल को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह है। सरहुल हमे अपने प्रकृति की रक्षा करने के साथ साथ अपनी संस्कृति की भी रक्षा करने की सीख देती है। उन्होंने सभी लोगों को सरहुल पर्व की बधाई दी। ज्ञात हो कि सरहुल परब झारखंड का प्रमुख त्योहारों में एक है, परंपरागत सरहुल के एक दिन पूर्व गांव में सभी लोग उपवास रखते है पाहन के द्वारा पेड़ पौधों की पूजा अर्चना की जाती है। साथ ही उस दिन गांव के किसी भी व्यक्ति के द्वारा प्रकृति के साथ किसी प्रकार का छेड़ छाड़ नहीं किया जाता है। यहां तक की कुंए का पानी भी इस्तेमाल नहीं किया जाता है।

सरहुल के दूसरे दिन से गांव के प्रत्येक घरों में फूल खोंसने की भी परंपरा की जाती है जिसका निर्वहन पाहन के द्वारा किया जाता है। मान्यता है कि ऐसा करने से गांव में सुख शांति बनी रहती है।

**एनएच-75 फोरलेन निर्माण में बंदोबस्त भूमि के रैयतों को मुआवजा दिलाने की मांग**

## एनएचएआई संघर्ष समिति ने उपायुक्त से की अपील

**खबर मंत्र संवाददाता**



ज्ञापन सौंपकर भुगतान की मांग की।

**लातेहार।** लातेहार 30 अप्रैल को उपायुक्त कार्यालय में संघर्ष समिति ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर एनएच-75 फोरलेन सड़क निर्माण कार्य में अधिग्रहित बंदोबस्त भूमि के रैयतों को मुआवजा भुगतान की मांग की है। ज्ञापन में ग्राम होटवाग और हुडंजीकला, पंचायत परसही, थाना व जिला लातेहार के ग्रामीणों ने कहा है कि उनकी बंदोबस्त भूमि अधिग्रहण की जा रही है, लेकिन अब तक मुआवजा की कोई प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है।समिति ने राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखंड के पूर्ववर्ती निदेर्शों का हवाला देते हुए कहा कि बंदोबस्त भूमि को अन्य रैयत भूमि के समकक्ष मानते हुए मुआवजा देना अनिवार्य है। पूर्व में पूर्वी सिंहभूम खूंटी, गढ़वा मेराल आदि अंचलों में इस प्रकार की भूमि पर मुआवजा दिया जा चुका है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि वे भी उन निदेर्शों के आलोक में बंदोबस्त भूमि के रैयतों को समुचित मुआवजा दिलाएं। समिति ने चेताया कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में संघर्ष समिति के अध्यक्ष गूंजर उरांव, पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य लक्ष्मण यादव, प्रमोद यादव, हीरा यादव एवं रंजीत यादव सहित सैकड़ों रैयत उपस्थित थे।

## आतंकियों से लोहा लेने के लिए पूर्व कर्नल तैयार

**धनबाद।** पहलगाम आतंकी घटना के बाद से देश भर में आक्रोश हैं। धनबाद के रहने वाले रिटायर्ड कर्नल जेके सिंह भी कश्मीर के पहलागम में हुए आतंकी हमले से आक्रोशित होकर प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर फिर से सेना में बहाल होने की अनुमति मांगी है। सेना के रिटायर्ड कैवलरी ऑफिसर कर्नल जेके सिंह ने अपने पत्र में लिखा है कि उन्होंने 31 वर्षों तक सेना में शामिल होकर देश की सेवा की है और लंबे समय तक कश्मीर बॉर्डर में तैनात रहने का अनुभव है। श्री सिंह ने बताया कि उन्होंने जम्मू कश्मीर में 14 वर्षों तक सेवा दी हैं। उनका कहना हैं कि एक बार फिर मातृभूमि की रक्षा के लिए सेना में पुनः शामिल होने को तैयार हैं।

## पुलिस लाइन में पुराने वाहनों की हुई नीलामी

**धनबाद।** पुलिस लाइन में बुधवार को पुलिस विभाग के पुराने और खराब पड़े वाहनों की नीलामी की गयी। नीलामी की प्रक्रिया एसएसपी एचपी जनार्दनन, ग्रामीण एसपी कपिल चैधरी, डीएसपी डीएन बंका और मोटरयान निरीक्षक की निगरानी में की गयी। खुले डाक के माध्यम से नीलामी की प्रक्रिया पूरी की गयी। नीलामी में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। वाहनों की नीलामी में पुलिस विभाग को 8 लाख 43 हजार 600 रुपए की आमदनी हुई। नीलाम हुए वाहनों में बोलेरो, जिप्सी, जीप समेत बाईक शामिल रहा।एसएसपी ने बताया कि सभी पुरानी गाड़ियों की नीलामी की गई है जो 15 साल से ऊपर हो चुकी थी। इन गाड़ियों को रद्द करते हुए नीलामी की गई हैं। नीलाम गाड़ियों को अगर सड़क पर चलाया जाता हैं तो पकड़े जाने पर कार्रवाई भी की जाएगी।

# बाल विवाह की रोकथाम के लिए चला जागरूकता अभियान, धर्मगुरु ने दिलाई शपथ

**खबर मंत्र संवाददाता**



बाल विवाह के खिलाफ जागरूक करते।

**मनिका।** बाल विवाह सामाजिक बुराई के साथ कानूनी अपराध भी है, जिसकी रोकथाम के लिए लातेहार जिले में अक्षय तृतीया के अवसर पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। बुधवार को अक्षय तृतीया के दिन जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड हेल्पलाइन एवं बाल अधिकारों की सुरक्षा और बाल विवाह की रोकथाम के लिए कार्यरत संस्था वेदिक सोसाइटी ने बाल विवाहों की रोकथाम के लिए धर्मगुरुओं के बीच जागरूकता अभियान चलाया। इसके तहत लातेहार के मनिका स्थित दोमुहान मंदिर समेत अन्य मंदिरों में जहां विवाह संपन्न कराए जाते हैं उन स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. मंदिर के पुजारी श्याम सुंदर भारती ने बाल विवाह के खिलाफ उपस्थित सभी लोगों को शपथ दिलाई, साथ ही संकल्प लिया कि इस मंदिर परिसर में कोई भी बाल विवाह संपन्न नहीं कराई जाएगी और अगर ऐसी सूचना मिलती है तो प्रशासन को अवगत कराया जाएगा. इस दौरान मंदिर ट्रस्ट के सदस्य नवल सिंह, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सह महिला पर्यवेक्षिका फरजाना कारिया, गीता चौरसिया, वेदिक सोसाइटी से प्रेम प्रकाश, ओमप्रकाश तिवारी, जिला बाल संरक्षण इकाई से नीरज तिवारी, रामकुमार सिंह,चाइल्ड हेल्पलाइन के समन्वयक जयमंगल पासवान, मुक्ति प्रकाश खलको एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन (बचपन बचाओ आंदोलन) के रवि शंकर के साथ स्थानीय आंगनबाड़ी सेविका रूबी देवी, कमलावती देवी सविता उराव, ललित सिंह, कौली देवी समेत अन्य लोग मौजूद थे। इस अभियान को लेकर वैदिक सोसाइटी के निदेशक चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश में नागरिक समाज संगठनों के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) के लातेहार में सहयोगी संगठन वेदिक सोसाइटी की ओर से अक्षय तृतीया और शादी-ब्याह के मौसम को देखते हुए बाल विवाहों की रोकथाम के लिए विभिन्न धर्मों के विवाह संपन्न कराने वाले पुरोहितों के बीच चलाए जा रहे जागरूकता अभियान को व्यापक सफलता मिली है और सभी धर्मगुरुओं ने इसकी सराहना करते हुए समर्थन का हाथ बढ़ाया है। इसके सकारात्मक नतीजों का ही परिणाम है कि इस अक्षय तृतीया पर जिले में एक भी बाल विवाह संपन्न नहीं कराया गया है. मौके पर डीसीपीयू के नीरज तिवारी ने कहा कि जागरूकता की कमी कि वजह से ज्यादातर बाल विवाह होते हैं जो एक दंडनीय अपराध है. इसमें किसी भी रूप में शामिल होने या सेवाएं देने पर दो साल की सजा व जुमार्ना या दोनों हो सकता है। चाइल्ड हेल्पलाइन के समन्वयक जयमंगल पासवान ने 1098 टोल फ्री नंबर पर बच्चों से संबंधित किसी भी शिकायत या सहायता के लिए कॉल करने की अपील की बचपन बचाओ आंदोलन के समन्वयक रविशंकर ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## विहिप करेगा धरना-प्रदर्शन

**मैथन।** निरसा प्रखंड विश्व हिंदू परिषद की बैठक बुधवार की शाम नया डांगा काली मंदिर परिसर में जिला अध्यक्ष विवेक मंडल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि भुरकुंडा बाड़ी के इस्माइल अंसारी द्वारा दूसरे समुदाय की लड़की के अपहरण किए हुए 6 दिन बीत गए, परंतु अब तक उसका कोई अता-पता नहीं है। अपहृत लड़की की बरामदगी को लेकर शनिवार को विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता कलियासोल प्रखंड सह अंचल कार्यालय पर एकदिवसीय धरना देंगे। बैठक को संबोधित करते हुए विहिप के ग्रामीण जिलाध्यक्ष विपिन मंडल ने कहा कि 6 दिन बीत जाने के बावजूद भी पुलिस प्रशासन लड़की को सकुशल वापस लाने में असफल रही है। इसे लेकर विश्व हिंदू परिषद द्वारा एसएसपी को लड़की की सकुशल वापसी को लेकर 48 घंटे का मोहलत दिया गया था। परंतु अब तक पुलिस लड़की को बरामद करने में सफल रही है।

# बोकारो : संपूर्ण विप्र समाज बोकारो ने मनाया भगवान परशुराम जन्मोत्सव





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** सम्पूर्ण विप्र समाज बोकारो जिला इकाई द्वारा अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर सेक्टर 5 स्थित आशा लता परिसर के मानसरोवर गार्डन में हर साल की भांति विष्णु के छठे अवतार तथा विप्रों के आराध्य देव भगवान श्रीपरशुराम जी का जन्मोत्सव श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। समाज के बोकारो जिला इकाई के अध्यक्ष विष्णु शंकर मिश्र व महासचिव श्रवण कुमार झा के नेतृत्व में आयोजित इस उत्सव में भगवान परशुराम जी की पूजा-अर्चना की गई। इसके पूर्व सेक्टर 6 डी स्थित बाबा निरंजन नाथ शिव मंदिर परिसर के परशुराम मंडप में भगवान परशुराम की पूजा की गयी। मानसरोवर उत्सव मंडप में संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। समाज में उत्कृष्ट योगदान के लिए संतोष पांडेय भैया आरएन ओझा मिथिलेश पांडेय सत्येंद्र तिवारी एवं रवि चौबे को समाज के द्वारा अंग वस्त्र और भागवत गीता देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में समाज के बोकारो जिला इकाई के संरक्षक पीएन पांडेय जिलाध्यक्ष विष्णु शंकर मिश्र कार्यकारी अध्यक्ष दिवाकर दुबे श्रवण कुमार झा अरुण पाठक मृणाल मनीष पाण्डेय शैलेन्द्र तिवारी बिमलेश पांडेय राजेश्वर द्विवेदी गोपाल कृष्ण उपाध्याय युसी दुबे संजय मिश्रा द्वारिका तिवारी नागेश तिवारी हेमंत पाठक अशोक मिश्रा संजय पांडेय सत्येन्द्र तिवारी अजय चौबे शशि नाथ मिश्र देवमुनि तिवारी अनूप चौबे अशोक त्रिपाठी सुनील झा महिला इकाई की अध्यक्ष अर्चना चौबे संगीता मिश्रा मिली चौबे रेखा झा माया मिश्रा अमिता त्रिपाठी सहित विप्रश्रेष्ठ उपस्थित रहे।

# सिल्वरजोन ओलंपियाडों में डीपीएस बोकारो के 50 से अधिक विद्यार्थी सफल, 12 को मिली स्टेट रैंक 1

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो के विद्यार्थियों ने सिल्वरजोन ओलंपियाड्स 2024-25 में अपनी मेधाविता का परचम लहराते हुए शानदार प्रदर्शन किया। विभिन्न अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाडों में विद्यालय की प्राथमिक एवं वरिष्ठ- दोनों ही इकाइयों से कुल 50 से अधिक विद्यार्थी सफल रहे। इनमें आठ विद्यार्थियों ने ओलंपियाड रैंक1 दो ने जोनल रैंक1 तथा 12 ने स्टेट रैंक1 हासिल किया। प्राइमरी विंग से आईआईओ में वेदांत महतो और प्रानिद्य कुमारी मिश्रा ने राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि ध्रुव श्रीवास्तव ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष विज्ञान ओलंपियाड में गेडेला वेदांतिका ने राज्य स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंतरराष्ट्रीय विज्ञान ओलंपियाड में अन्वी ने प्रथम प्रनिद्या कुमारी मिश्रा ने द्वितीय और अवियांक मंडल व ध्रुव श्रीवास्तव ने तृतीय स्थान पाया। आईओईएल में प्रानिद्य कुमारी मिश्रा ने जोनल स्तर पर प्रथम रविका झा ने द्वितीय तथा उत्सव राज और यक्षिता राय ने स्टेट रैंक 3 हासिल की। एबीएचओ में प्रानिद्य कुमारी मिश्रा वान्या सिंह ईशान जैन वेदांत महतो भाव्या बिष्ट और अदिति ने ओलंपियाड रैंक1 प्राप्त की वहीं रविका झा ने राज्य रैंक 3 पाई। अंतर्राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में गेडेला वेदांतिका ने स्टेट रैंक1 और अवनिका सिंह ने स्टेट रैंक3 प्राप्त की। अंतरराष्ट्रीय रीजनिंग व एप्टीट्यूड ओलंपियाड में अंश्रिथ नंदन ने स्टेट रैंक 1 इशित पटेल ने स्टेट रैंक 2 तथा पर्व राठौर और अवियांक मंडल ने स्टेट रैंक 3 अर्जित की। स्टेम ओलंपियाड में रेयांश सिंह और प्रानिद्य कुमारी मिश्रा ने ओलंपियाड रैंक 1 शैलजा शानवी ने ओलंपियाड रैंक 2 पाई जबकि ध्रुव श्रीवास्तव को स्टेट रैंक 2 और स्वधा प्रियावी व गेडेला वेदांतिका को स्टेट रैंक 3 मिली। एसकेजीकेओ में प्रानिद्य कुमारी मिश्रा ने ओलंपियाड रैंक 2 प्राप्त की। वरिष्ठ इकाई में स्टेम इनोवेशन ओलंपियाड में अनिकेत सिंह अपूर्व कुमार महतो और अंशुला श्री ने स्टेट रैंक 3 सजग सूर्यांश पांडे और शिप्रा हेम्ब्रम ने स्टेट रैंक 2 तथा आयुषी श्री कुणाल आनंद अक्षत प्रियदर्शी और सात्विक रुपम द्विवेदी ने स्टेट रैंक1 पाई। अक्षत प्रियदर्शी को जोनल रैंक 3 और सात्विक को जोनल रैंक 2 एवं ओलंपियाड रैंक 3 भी मिली। आईओईएल में समरा बाटूल हुसैन आव्या सिंह अंकिता साक्षी और श्लोक कुमार ने स्टेट रैंक 2और स्वास्तिक सौम्य ने स्टेट रैंक3 आईओएस में दिव्यांश शर्मा ने राज्य और जोनल दोनों में प्रथम रैंक प्राप्त की जबकि सात्विक रुपम द्विवेदी आदित्य लाल और आव्या सिंह ने स्टेट रैंक 2 प्राप्त की।

## एक नजर में

### पहाड़िया की धारदार हथियार से हत्या कर चेहरे को पत्थर से कूचा, जांच में जुटी पुलिस

गोड्डा। सुंदर पहाड़ी प्रखंड में एक पहाड़िया व्यक्ति की धारदार हथियार से हत्या करने के बाद चेहरे को पत्थर से कूच दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। वहीं मृतक बड़ा कारू पहाड़िया गोराडीह गांव का रहने वाला बताया गया। मृतक के शरीर पर चाकू से गोदने व चेहरे को पत्थर से कूचने के निशान मिले हैं। पुलिस द्वारा शव को गोराडीह से बरामद किया गया जाने के बाद गोड्डा सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए लाया गया। वहीं सदर अस्पताल पहुंचे मृतक के परिजनों ने बताया कि बड़ा कारू रविवार से ही गायब था। वह गांव में आयोजित एक भोज में शामिल होने गया था, लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटा। दूसरे दिन सुबह से मृतक की खोजबीन की जाने लगी, तब जाकर गांव में ही पहाड़ पर उसका शव बहुत ही गंभीर अवस्था में बरामद किया गया। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आपसी विवाद में ही घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करने के बाद हत्यारोपियों की तलाश में जुट गई है। परिजन भी इस मामले में कुछ बता पाने में हिचकिचा रहे हैं। वहीं इस मामले में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक प्रियदर्शी ने बताया कि सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार युवक की हत्या आपसी विवाद में की गयी है। सुंदरपहाड़ी थाना की पुलिस को हत्या के कारणों का पता लगाने का निर्देश दिया गया है, जल्द ही मामले का उद्भेदन कर लिया जायेगा।

### बेरमो : जन वितरण प्रणाली डीलर राम बाबू सिंह की अनुज्ञप्ति निलंबित

बेरमो। जिला आपूर्ति पदाधिकारी, बोकारो ने बीडीओ सह आपूर्ति पदाधिकारी बेरमो के प्रतिवेदन के आधार पर जन वितरण प्रणाली विक्रेता श्री राम बाबू सिंह (डीलर संख्या 12/17, बेरमो) की अनुज्ञप्ति को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही, उनके खाद्यान्न आवंटन को भी स्थगित कर दिया गया है। विक्रेता के निलंबन के बाद संबंधित कार्डधारकों को बेरमो जरीडीह उपभोक्ता भंडार (अनुज्ञप्ति संख्या 226/84) के साथ टैग कर दिया गया है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बीडीओ, बेरमो को निर्देशित किया है कि वे अपने पर्यवेक्षण में खाद्यान्न वितरण की प्रक्रिया सुनिश्चित करें। यह कार्रवाई कार्डधारियों की ओर से मिली शिकायत के बाद की गई है। शिकायत में कहा गया था कि डीलर राम बाबू सिंह जन वितरण प्रणाली में अनियमितताएं बरत रहे हैं। यह शिकायत बेरमो दक्षिणी पंचायत अंतर्गत बेरमो स्टेशन के पास रहने वाले लाभुकों ने की थी, जिसे बीडीओ सह आपूर्ति पदाधिकारी मुकेश कुमार ने गंभीरता से लिया। जांच के दौरान डीलर के स्थान पर उनके सहयोगी दीपक कुमार सिंह उपस्थित हुए, जो संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। इसके बाद डीलर से स्पष्टीकरण मांगा गया, लेकिन उन्होंने कोई उत्तर नहीं दिया। इस पूरे मामले को कार्डधारी गुड़िया कुमारी और शोमुवा के सचिव मुन्ना सिंह ने भोजन का अधिकार अभियान, झारखंड के सदस्य अफजल अनीस के साथ मिलकर उठाया था। अफजल अनीस ने इस संबंध में झारखंड राज्य खाद्य आयोग में भी शिकायत दर्ज कराई थी।

### बदमाशों ने माइक्रो फाइनेंस कर्मी से लूटे 97.4 हजार

दुमका। जिला के सरैयाहाट थाना क्षेत्र के केंदुआ गांव के समीप बाईक सवार अपराधियों के द्वारा माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कर्मी से लूटपाट की घटना का मामला सामने आया है। घटना को लेकर भारत फाइनेंस नामक कंपनी के हंसडीहा ब्रांच के मैनेजर रोहित कुमार के द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। घटना बीते 28 अप्रैल की है। पुलिस ने घटना के जांच के बाद प्राथमिकी 30 अप्रैल को दर्ज की है। घटना के विषय में मिली जानकारी के अनुसार फाइनेंस कर्मी विभिन्न गांवों से राशि कलेक्शन कर केंदुआ के रास्ते सरैयाहाट जा रहे थे। इसी दौरान केंदुआ पहाड़ के समीप बाईक सवार तीन बदमाशों ने उनका रास्ता रोक उन्हें धक्का दे सड़क पर गिरा दिया और फिर पास से कंपनी की 97450 रुपए नगद सहित मोबाइल फोन और टैब की लूट ले गए। जिसके बाद उसने 100 डायल पर फोन कर पुलिस को घटना की जानकारी दी। सरैयाहाट दो दिनों में लगातार दो लुट की घटना ने पुलिस का सिरदर्द बढ़ा दिया है। इससे पूर्व बंदरी में पुलिस की वर्दी में आए अपराधी ने लाखों की लूटपाट की थी अब माइक्रो फाइनेंस कर्मी से लूट की घटना को अंजाम दिया है।

### सदर अस्पताल गोड्डा को अब निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति की जायेगी

गोड्डा। सदर अस्पताल गोड्डा को अलग से फीडर बनाकर बिजली निर्बाध रूप से आपूर्ति करने के लिए जो कवायद चल रही थी। वह विद्युत सप्लाई आज से सदर अस्पताल का लाइन को जोडकर देना प्रारंभ कर दिया गया है। आज से पूरे अस्पताल परिसर के मरीजों को सभी वार्डो में निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति की सुविधा मिलने लगी है। इस कार्य के लिए लगातार गोड्डा के उपायुक्त, सिविल सर्जन पदाधिकारी गोड्डा एवं विद्युत विभाग गोड्डा के कार्यपालक अभियंता राजेश कुमार मिश्रा प्रयासरत थे। जो आज सफल हुआ इस कार्य के लिए सभी पदाधिकारीयो को बहुत-बहुत धन्यवाद आभार साथ ही साथ इस पहल की नींव रखने वाले पूर्व विधायक अमित मंडल जी को भी बहुत-बहुत धन्यवाद आभार इसीप्रकार जनहित कार्य होती रहनी चाहिए।

### बीएंडके मे 8 सेवानिवृत्त कर्मियों को दी गयी विदाई




बेरमो। सीसीएल के बीएंडके प्रक्षेत्र के करगली ऑफिसर्स क्लब में बुधवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें विभिन्न परियोजनाओं से सेवानिवृत्त 8 कामगारों को अधिकारियों व यूनियन प्रतिनिधियों ने प्रतीक सम्मान के साथ शॉल ओढ़ाकर विदाई दी। मुख्य अतिथि महाप्रबंधक (खनन) के एस गैवाल ने कहा कि सेवानिवृत्ति एक व्यवहारिक प्रक्रिया है, जिससे हर किसी को एक दिन गुजरना पड़ता है। कामगारों की मेहनत के बल पर ही आज कोल इंडिया इस मुकाम तक पहुंचा है। कोल इंडिया परिवार हमेशा अपने मजदूरों के साथ खड़ा रहा है। कामगारों को रिटायरमेंट के बाद अपने भविष्य के लिए सुरक्षित धनराशि रखनी चाहिए। मौके पर एसओ पीएंडपी एस के झा, कार्मिक प्रबंधक पीएन सिंह व रमेश कुमार, सहायक कार्मिक प्रबंधक प्रेक्षा मिश्रा और सुजाता कुमारी यूनियन प्रतिनिधि आभाष चंद्र गांगुली, दिलीप मारिक, सुशील सिंह, विजय भोई आदि उपस्थित थे।

### ढोरी एरिया मे सेवानिवृत्त 8 कर्मी और 1 अधिकारी को सम्मान समारोह आयोजित कर विदाई दी गयी




बेरमो। सीसीएल ढोरी एरिया के 8 कर्मी और 1 अधिकारी बुधवार को सेवानिवृत्त हुए.ढोरी एरिया के सभागार में समारोह आयोजित कर विदाई दी गयी.। जीएम रंजय सिंहा और श्रमिक प्रतिनिधियों ने शॉल ओढ़ाया और मोमेंटो, उपहार व श्रीफल देकर सम्मानित किया। उनके सुखमय भविष्य की कामना की। जीएम ने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मियों से नये कामगारों को काफी कुछ सीखने को मिला है। सिन्हा ने कहा कि कंपनी हित में की गयी इनकी सेवा को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। सेवानिवृत्त कर्मी कंपनी से मिली राशि का सदुपयोग करें। समारोह कि संचालन कार्मिक प्रबंधक अभिषेक सिंहा ने किया। मौके पर एसओपी माला कुमारी, क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी सुरेश सिंह सहित यूनियन प्रतिनिधि आर उनेश, बैजनाथ महतो, गोवर्धन रविदास, विनय सिंह, जवाहरलाल यादव, जयनाथ मेहता, अरूण कुमार आदि मौजूद थे।

### फिल्म अभिनेता रजा मुराद को किया सम्मानित




बेरमो/फुसरो। फिल्म इंडस्ट्री में 250 से अधिक फिल्म में काम करने वाले सिने अभिनेता सह विलेन का किरदार निभाने वाले रजा मुराद को फुसरो आने पर बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सचिव मंजूर हुसैन उर्फ जीया एवं मो इलियास के नेतृत्व में उनके आवास फुसरो में स्वागत किया गया। सिने अभिनेता सह विलेन के किरदार निभाने वाले रजा मुराद ने पत्रकारो से बातचीत में कहा कि वे रांची से बोकारो किसी निजि समारोह में भाग लिए, इसके बाद परिचित के कारण मंजूर हुसैन उर्फ जीया एवं मो इलियास हुसैन के पास फुसरो में आना हुआ। मूवी समाज में बदलाव लाती हैं। इनको पॉजिटिव के रूप के देखना चाहिए। फिल्मों से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। हर मूवी कुछ न कुछ मेसेज देती है। दर्शकों को मूवी से सीखने की जरूरत है। कहा कि मोहरा, गुप्त समेत 250 से अधिक फिल्म में नेगेटिव (विलेन) का रोल किया। लेकिन कई फिल्मो में हीरो के पिता का मुख्य किरदार निभाया है। इस प्रकार रजा ने 250 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है। रजा हिंदी के अलावा अन्य प्रांतीय फिल्मों में भी नजर आते रहते हैं। इसके अलावा वह कई टीवी सीरियल्स में भी नजर आ चुके हैं। साथ ही वे फेमस डायलॉग के लिए मशहूर हैं। मौके पर शमसेर आलम उर्फ विक्की, मो फैजान आदि लोग शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### पिछरी में टांगी से मारकर युवक की हत्या



बेरमो। पेटरवार थाना क्षेत्र के पिछरी दक्षिणी पंचायत के कोचा कूल्ही गांव के जंगल से पुलिस ने पिछरी गांव निवासी गुलचंद मिश्रा उर्फ गल्लू के 25 वर्षीय पुत्र विपुल कुमार मिश्रा का शव बीते रात सुनसान जगह से बरामद किया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में रखा है। साथ ही हत्या के आरोप में पुलिस ने एक युवक को भी हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वही घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने बुधवार को फुसरो जैनामोड़ मुख्य मार्ग सड़क को जाम कर दिया। जिससे गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। स्थानीय लोगों के अनुसार तीन युवक एक साथ रात को वहां के जंगल में पहुंचे थे। बताया गया कि तीनो युवक में काफी गहरी दोस्ती थी। हत्या किस कारण से किया गया इसके कारणों का पता नहीं चल पाया है। घटना की सूचना मिलने पर पेटरवार पुलिस, कसमार पुलिस और जरीडीह थाना पुलिश घटना स्थल पहुंच मामले की जांच में जुट गई है पुलिस प्रशासन अपने साथ जांच के लिए खोजी कुत्ते को लेकर घटना स्थल पहुंची है। और जांच में जुट गई है फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल से खून के धब्बे, शराब की बोतले और पानी की बोतल सहित अन्य सामान घटना स्थल से बरामद किया गया है। वही परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है मृतक के पिता ने सरकार और प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है और जल्द से जल्द अपराधियों को पकड़ कर कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है।

### सोकपिट में डूबकर एक वर्षीय बच्चे की मौत

दुमका। जिला के गोपीकांदर गांव के बंगाली टोला में एक वर्षीय बालक का सोकपिट में डूबकर मौत हो गई है। घटना बुधवार शाम की है। सोकपिट घर से करीब 50 फिट की दूरी में बनी हुई थी। बालक का नाम मुकुन देहरी है। बच्चा सोकपिट के पास कैसे पहुंचा इसकी जानकारी परिजनों को नहीं है। जब बच्चे की खोजबीन शुरू हुई तो सोकपिट में बच्चे को पाया। पिता गोपीकिशन और बाकी सदस्यों ने अचेत अवस्था में बच्चे को गोपीकांदर सीएचसी में भर्ती कराया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। एसआई धरमल मांझी ने बताया कि घटना बुधवार शाम की है। बच्चे की मौत कैसे हुई जांच किया जा रहा है।

### दुमका : ट्रेक्टर से दब कर चालक की मौत

दुमका। जिला के रानेश्वर प्रखंड के धानभाषा पंचायत के सुदूर इलाका तालडीह गांव में बुधवार एक ट्रैक्टर चालक असंतुलित होकर पैड़ से टकरा जाने एवं गिर कर चक्के के नीचे दब जाने से मोके पर ही मौत हो गया है। घटनास्थल पहुचने पर देखा गया कि जंगल के बीच कच्ची मिट्टी के रास्ते बने हुए है। एवं रास्ते के दोनों तरफ घना पैड़ लगा हुआ है। पथ काफी सकरा है। एवं पथ उबड़ खाबड़ है। जानकारी के मुताबिक चालक ट्रेक्टर चला कर तालडीह गांव जा रहा था। चालक का संतुलन बिगड़ गया एवं ट्रेक्टर पैड़ से टकरा गई। जिससे चालक जमीन पर गिर गया एवं ट्रेक्टर के चक्के के चपेट में आ गया। जिससे चालक का सिर फट गया एवं मौके पर ही चालक का दर्दनाक मौत हो गया। चालक (मृतक) का नाम रामसिंह मुर्मू उम्र लागभग 28 वर्ष है। वह प्रखंड के रंगालिया पंचायत के कुचियाडाली गांव के रहने वाले थे। ट्रेक्टर मालिक घटनास्थल से ट्रेक्टर को लेकर फरार हो गया है। ट्रेक्टर में क्या समान लदा हुआ था इसकी पुष्टि नही हो पाई है। मौके पर रानेश्वर थाना प्रभारी बलराम कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुचकर शव को कब्जे में लिया है। समाचार लिखे जाने तक थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेजा गया है। ट्रेक्टर पकड़ में नही आया है।

# बासुकीनाथ आने वाले श्रद्धालुओं के हर जरूरी सुविधाओं का रखा जायेगा ध्यान: दुमका डीसी

## राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव को लेकर बासुकीनाथ धाम में आंजनेयुलु दोड्डे ने की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर बासुकीनाथ मंदिर स्थित सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता डीसी आंजनेयुलु दोड्डे ने की। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव के दौरान हमारी व्यवस्था उच्च कोटि की रहे।

श्रद्धालुओं की भीड़ मेला क्षेत्र में एकत्रित नहीं हो। वे सुगमतापूर्वक जलार्पण कर सकें। इसका विशेष ध्यान रखा जाय।कहा कि मंदिर एवं आसपास के क्षेत्र में विधुत वायरिंग का कार्य दुरुस्त ससमय कर लें। मंदिर के आसपास एवं शिवगंगा की साफ सफाई पूरे मेला अवधि के दौरान बेहतर रहे। इस संबंध में निविदा का कार्य पूर्ण कर लें। कहा कि अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था मेला क्षेत्र में रहे ताकि विपरीत परिस्थिति में आसानी से निपटा जा सके।



बैठक करते डीसी आंजनेयुलु दोड्डे व अन्य।

प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी को भी अग्निशमन यंत्र चलाने का प्रशिक्षण दिया जाय। उन्होंने कहा कि रुट लाइन के बैरिकेडिंग का कार्य मजबूती के साथ की जाय। बैरिकेडिंग करने वाले सभी महत्वपूर्ण स्थलों को चिन्हित कर लिया जाय, इस दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाय। उन्होंने कहा कि जलार्पण काउंटर के माध्यम से भी पूरे मेला अवधि के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु जलार्पण करते हैं, इसे ध्यान में रखते हुए जलार्पण काउंटर को बेहतर ढंग से बनाया जाय। श्रद्धालुओं को जलार्पण काउंटर के माध्यम से जलार्पण करने में कठिनाई नहीं हो इसका ध्यान रखा जाय साथ ही अधिक संख्या में श्रद्धालु जलार्पण काउंटर में एकत्रित नहीं हो इस हेतु आवश्यक व्यवस्था की जाय। कहा कि पूरे मेला क्षेत्र में पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था रहे, रुटलाइन का आकलन कर रौशनी की व्यवस्था की जाय। साज सज्जा को लेकर भी उन्होंने संबंधित को कई आवश्यक निदेश दिए।

उन्होंने श्रद्धालुओं के लिए बनाए जाने वाले आवासन केंद्र को श्रद्धालुओं की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए बनाने का निदेश दिया है। कहा कि पेयजल, शौचालय, मोबाइल चार्जिंग यूनिट सहित जरूरी व्यवस्था निश्चित रूप से आवासन केंद्र में रहे इसका ध्यान रखा जाय।श्रावणी मेला में आने वाले श्रद्धालु एक बेहतर अहसास के साथ बासुकीनाथ से वापस जाएं इसे ध्यान में रखते हुए सभी कार्य को ससमय पूर्ण किया जाय। इससे पूर्व उन्होंने रुट लाइन का निरीक्षण किया एवं श्रावणी मेला के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर कई आवश्यक निदेश दिए। उन्होंने श्रद्धालुओं के लिए वाहन पार्किंग, जलार्पण हेतु मंदिर जाने के लिए रुट तथा जलार्पण के पश्चात श्रद्धालुओं द्वारा प्रयोग किये जाने वाले रुट का निरीक्षण करते हुए रुटलाइन में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का निदेश दिया। बैठक में परियोजना निदेशक आइटीडीए,अनुमंडल पदाधिकारी दुमका,प्रखंड विकास पदाधिकारी जरमुंडी सहित विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी, पंडा धर्मरक्षणी सभा के सदस्य आदि उपस्थित थे।

## विद्यापति सांस्कृतिक परिषद ने जन्मोत्सव पर किया भगवान परशुराम का नमन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** अक्षय तृतीया के अवसर पर बुधवार शाम स्थानीय विद्यापति भवन परिसर में विद्यापति सांस्कृतिक परिषद द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन कर विष्णु के छठे व आवेशावतार भगवान परशुराम की पूजा करते हुए उनके जीवन वृत्त और कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

अधिवक्ता सर्वजीत झा 'अंतेवासी' की अध्यक्षता में आयोजित नमन समारोह को सम्बोधित करते हुए परिषद के सचिव डॉ वंशीधर मिश्रा, वरीय अधिवक्ता दीना नाथ झा, पूर्व सचिव माधव चंद्र चौधरी, वरीय सदस्य नरेंद्र चौबे, कोषाध्यक्ष निश्छल कुमार, युवा साहित्यकार सुरजीत झा ने कहा कि भगवान परशुराम की जीवन शैली ही समाज के लिए अनुकरणीय संदेश है जो सार्वकालिक प्रासंगिक है। उनकी संत शक्ति वाली छवि जिसमें एक हाथ में शास्त्र जबकि दूसरे हाथ में अस्त्र तथा कंधे शस्त्र वाली छवि प्रसिद्ध है, सर्वथा समाज के लिए प्रासंगिक एवं अनुकरणीय है। इस अवसर पर परिषद के पदाधिकारियों में हरिशंकर मिश्र, राजेश कुमार ठाकुर, प्रमोद चौधरी, मणिकांत दुबे, शैलेंद्र कुमार झा, शिशिर कुमार झा, राजेंद्र प्रसाद झा, प्रदीप कुमार मंडल एवं प्रभु झा ने श्री परशुराम का पुष्प नमन किया।

## मंत्री दीपिका पांडेय ने केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री से लंबित भुगतानों को लेकर की मुलाकात

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गोड्डा।** नई दिल्ली स्थित कृषि भवन में झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह के नेतृत्व में राज्य सरकार के एक प्रतिनिधिमंडल ने भारत सरकार के माननीय केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से शिष्टाचार भेंट की। बैठक में झारखंड राज्य में संचालित केंद्र प्रायोजित योजनाओं के क्रियान्वयन से जुड़े कई महत्त्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। विशेष रूप से मनरेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) से संबंधित लंबित भुगतानों, संसाधन आवंटन और नीति-संशोधन के मुद्दों पर राज्य सरकार ने ठोस मांगें रखीं। मनरेगा से संबंधित प्रमुख माँगें में सामग्री मद में 747 करोड़ की लंबित राशिझ्र राज्य सरकार की ओर से माननीय मंत्री से आग्रह किया गया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के अंतर्गत सामग्री मद में केंद्र सरकार के पास लंबित 747 करोड़ की राशि को जल्द से जल्द राज्य के एस टी एन में जारी किया जाए। साथ ही यह भी अनुरोध किया गया कि जिन कार्यों से संबंधित बिलों के एफ टी ओ पहले ही मनरेगा पोर्टल पर अपलोड किए जा चुके हैं, उनकी भुगतान प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। मजदूरी मद में 150 करोड़ का बकाया भुगतान झ्र राज्य के लाखों श्रमिकों को समय पर मजदूरी भुगतान सुनिश्चित करने हेतु मनरेगा की मजदूरी मद में केंद्र सरकार से 150 करोड़ की लंबित राशि तत्काल उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया। प्रशासनिक मद में पिछले तीन महीनों से राशि प्राप्त नहींझ्र प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि राज्य में मनरेगा प्रशासनिक मद के अंतर्गत कार्यरत लगभग 5400 से अधिक कर्मियों का वेतन एवं संचालनगत खर्च तीन माह से लंबित है। इस कारण योजना संचालन प्रभावित हो रहा है। प्रशासनिक मद की राशि शीघ्र जारी करने की मांग की गई। 25,000 अतिरिक्त राजमिस्त्रियों के प्रशिक्षण हेतु स्वीकृत राशि का भुगतान लंबित झ्र भारत सरकार द्वारा पूर्व में झारखंड राज्य को 25,000 अतिरिक्त राजमिस्त्रियों को प्रशिक्षित करने की स्वीकृति प्रदान की गई थी, लेकिन इससे संबंधित राशि अभी तक राज्य को प्राप्त नहीं हुई है।

## दुमका : भारत विकास परिषद ने स्कूली छात्रा के बीच चलाया जागरूकता अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**छात्राओं को संस्कार निर्माण के प्रति युवतियां एवं महिलाएं अपनी जिम्मेदारी एवं पारिवारिक रीति रिवाज को अपने पारंपरिक सांस्कृतिक ढंग से पालन करने के विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन**

**दुमका।** विशेष जनजाति विद्यालय कैरबानी एवं ऊपर मुर्गथालि गांव में भारत विकास परिषद जिला इकाई की ओर से अक्षय तृतीया के अवसर पर संस्कार कार्यक्रम आयोजित हुई। जिसमें उपस्थित छात्राओं को संस्कार निर्माण के प्रति युवतियां एवं महिलाएं अपनी जिम्मेदारी एवं पारिवारिक रीति रिवाज को अपने पारंपरिक सांस्कृतिक ढंग से पालन करने के विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चियों को विशेष प्रकार के व्यंजन बनाने की विधि को भी बतलाया गया। जिससे वह अपने पारिवारिक एवं सामाजिक दायित्व मे विभिन्न प्रकार के व्यंजनों से समाज के बीच अपना अलग पहचान बना सके। बच्चियों के बीच व्यक्तिगत स्वच्छता, पारिवारिक स्वच्छता एवं सामाजिक स्वच्छता पर के प्रति जागरूक किया गया। जिससे समाज के हर पहलू के स्वच्छता के प्रति एक दूसरे को सहयोग दे सके जो आने वाले जीवन में उनके लिए वरदान साबित होगा। ऐसे अनेकों कार्यक्रमों के साथ भारत विकास परिषद सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में अपने कार्यक्रम का आयोजन के साथ दायित्व निर्वहन का कार्य करते आ रही है। उपस्थित बच्चियों को फल बिस्कुट, सत्तू पिलाकर एवं जरूरतमंदों के बीच कपड़ों का वितरण कर उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद दुमका इकाई के अध्यक्ष प्रीति भालोठिया, सचिव जितेंद्र कुमार शाह, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार, सक्रिय सदस्य ज्योति हिम्मत सिंहका, मनीषा भालोठिया, सरोज साह, किशोर शाह, व्यवसायी दिलीप शर्मा, शकुंतला भालोठिया, प्रांतीय संस्कार संयोजक भारती शर्मा, प्रांतीय सेवा संयोजक डॉ मधुर कुमार सिंह एवं स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता शंकर सिंह पहाड़िया, प्रमिला देवी, सुमित्रा देवी, दीपिका पुजारी, सुनीता, बबीता कुमारी, प्रभारी शिक्षिका पार्वती डेहरी आदि मौजूद रहे एवं कार्यक्रम की रूपरेखा से प्रवाहित होकर पुणः इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने की अपेक्षा बतलायी।

## खाटू श्याम जी का शीश खाटू से गोड्डा पंहुचने पर हुआ भव्य स्वागत



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** श्री खाटू श्याम मंदिर की गोड्डा मे स्थापना करने हेतु खाटू राजस्थान से शीश गोड्डा के सरकंडा चौक पर पहुंचने पर नगर वासियो ने भव्य स्वागत किया। दादी श्याम ट्रस्ट के अध्यक्ष अरूण टेकरीवाल के नेतृत्व मे सैकड़ो की संख्या मे महिलाए और पुरुष स्वागत मे शामिल हुए। झुनझुनु से दादी की अखंड ज्योत भी लाई गई। देवघर के श्याम मंदिर के सदस्यो ने भी बहुत ही सुंदर कीर्तन के साथ स्वागत किया। यात्रा मे पंकज गाडिया सौरव परशुरामका, मनोज बजाज, प्रितम गाडिया, अविनाश अग्रवाल, विवेक गाडिया, रितेश टेकरीवाल, अविनाश गाडिया,रवि अग्रवाल, देवाशीष बजाज, बिकास गाडोदिया के साथ 51 लोग शामिल हुए।

स्पीड न्यूज



### नीतीश ने बोधगया में किया राज्य अतिथि गृह का उद्घाटन

गया। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को बोधगया में 136 करोड़ की लागत से बने अतिथि गृह का उद्घाटन किया।

### रूस के विक्ट्री डे परेड में राजनाथ सिंह होंगे शामिल



नयी दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रूस में नौ मई को होने वाले विक्ट्री डे परेड समारोह में शामिल नहीं होंगे और उनकी जगह रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने बुधवार को यहां बताया कि रूस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया था। उन्होंने कहा कि भारत की ओर से रूस को पहले ही बता दिया गया था कि इस समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### सेनाओं की मदद के लिए रेलवे ने भी कसी कमर

नयी दिल्ली । पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सीमा पर उत्पन्न परिस्थितियों में सशस्त्र बलों को रसद आपूर्ति के लिए लाइनें खाली रखने एवं पथ उपलब्ध कराने को लेकर रेलवे में तैयारियां जोरों पर हैं। रेल भवन में मंगलवार शाम हुई एक महत्वपूर्ण बैठक में रेलवे एवं सेना के उच्चाधिकारी शामिल हुए। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सीमापार सैन्य कार्रवाई की तैयारियों के बीच सेना ने रसद आपूर्ति, सैन्य साजो सामान एवं सैनिकों के द्रुत गति से परिवहन के लिए रेलवे से लाइनों को खाली रखने एवं मार्ग उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है।

### ईरान ने मोसाद के जासूस को फांसी पर लटकाया

तेहरान। ईरान में बुधवार को मोसाद के वरिष्ठ जासूस मोहसेन लंगर-नेशिन को फांसी पर लटका दिया गया। इससे पहले ईरानी सुप्रीम कोर्ट ने मोहसेन लंगर-नेशिन को मोसाद के लिए जासूसी करने और देश में आतंकवादी अभियानों का समर्थन के आरोप में दोषी ठहराया था। नेशिन को बुधवार सुबह पूरी कानूनी प्रक्रिया के बाद फांसी पर लटका दिया गया।

### उत्तर कोरिया ने किया मिसाइल का परीक्षण

प्योंगयांग। उत्तर कोरिया ने अपने नए विध्वंसक पोत से मिसाइलों का परीक्षण किया। यह 5,000 मीट्रिक टन का बहुउद्देशीय विध्वंसक पोत है। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन 'चो ह्योन श्रेणी' के इस पोत के हथियारों का परीक्षण करने से खुश नजर आए। उन्होंने इस मौके पर नौसेना के परमाणु हथियारों के निर्माण में तेजी लाने का आह्वान किया। किम जोंग-उन ने कहा कि समुद्री रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने का समय आ गया है।

### भारत के साथ व्यापार समझौता होगा : ट्रंप



वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा ह कि भारत के साथ शुल्क पर वार्ता बहुत अच्छी चल रही है और उन्हें विश्वास है कि दोनों देशों के बीच व्यापार समझौता हो जाएगा। ट्रंप ने मंगलवार को व्हाइट हाउस के बाहर पत्रकारों से संक्षिप्त बातचीत में यह बात कही। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि हम भारत के साथ समझौता कर लेंगे। सीएनबीसी न्यूज के मुताबिक ट्रंप ने कहा कि जैसा कि आप जानते हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन सप्ताह पहले यहां आए थे और वे समझौता करना चाहते हैं।

# बिहार के नर्मदेश्वर तिवारी बने वायु सेना उप प्रमुख

- सेना की उत्तरी कमान के नए प्रमुख होंगे प्रतीक शर्मा
- एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित चीफ ऑफ इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ के नए प्रमुख

एजेंसी

नयी दिल्ली। चार दशकों का शानदार करियर पूरा करने के बाद बुधवार को लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिन्द्र कुमार ने भारतीय सेना की उत्तरी कमान की कमान छोड़ दी। अब सेना की उत्तरी कमान के नए प्रमुख अब लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा होंगे। सेना की इस कमान पर चीन और पाकिस्तान से लगती सीमाओं की सुरक्षा करने की जिम्मेदारी है। बिहार के रहने वाले साउथ वेस्टर्न एयर कमांड के कमांडर एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी को वायु सेना का नया उप प्रमुख नियुक्त किया गया है। इन बदलावों से भारतीय सेना और वायु सेना की संचालन क्षमता और सामरिक ताकत में और वृद्धि होगी। उत्तरी कमान के सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिन्द्र कुमार ने सेवानिवृत्त होने और कमान छोड़ने पर उधमपुर के ध्रुव युद्ध स्मारक में बहादुरों के सर्वोच्च बलिदान को सम्मानित करने के लिए पुष्पांजलि अर्पित की। कमान के सैन्य अधिकारियों और कर्मियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। भारतीय सेना ने उनके अनुकरणीय नेतृत्व, अत्यंत व्यावसायिकता और राष्ट्र के प्रति बेदाग सेवा के लिए आभार व्यक्त किया है। चीन व पाकिस्तान से लगती सीमा पर

### सिवान के निवासी हैं नर्मदेश्वर तिवारी

एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी वायुसेना में एक कुशल अधिकारी माने जाते हैं। उन्हें रणनीतिक सोच रखने वाला भी माना जाता है। सिवान के एक वरिष्ठ वकील इष्टदेव तिवारी के चचेरे भाई हैं। नर्मदेश्वर तिवारी का वायुसेना में लंबा और शानदार करियर रहा है। उन्होंने कई महत्वपूर्ण पदों पर काम किया है। उन्हें कई पुरस्कारों से भी सम्मानित किया गया है। उनकी नियुक्ति से बिहार के लोगों में गर्व की भावना है।



ऑपरेशंस के लिए जिम्मेदार थल सेना की नॉर्दन कमांड का नया प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा को बनाया गया है। लेफ्टिनेंट जनरल शर्मा को चीन और पाकिस्तान से लगती सीमाओं पर ऑपरेशन का नेतृत्व करना होगा, जो देश की सुरक्षा के लिए बेहद संवेदनशील और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। वह वर्तमान में सेना मुख्यालय में डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ (स्ट्रैटजी) हैं और डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशंस रह चुके हैं। एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी वायु सेना के नए उप प्रमुख होंगे।

एयर मार्शल तिवारी वर्तमान में गांधीनगर में साउथ वेस्टर्न एयर कमांड के कमांडर हैं। यह बदलाव भारतीय वायु सेना के लिए एक नए युग की शुरूआत है, क्योंकि एयर मार्शल तिवारी का अनुभव और रणनीतिक क्षमता भारतीय वायु सेना की रणनीतिक दिशा को सुदृढ़ मार्गदर्शन प्रदान करेगी, जिससे वायु सेना की ताकत और प्रभाव में वृद्धि होगी। ऐसे महत्वपूर्ण समय में जब सुरक्षा के मोर्चे पर तेजी से बदलाव हो रहे हैं, तो एयर मार्शल तिवारी का नेतृत्व वायु सेना को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में मददगार साबित होगा। वे अपनी सेवाओं में कई महत्वपूर्ण ऑपरेशन और रणनीतिक फैसलों का हिस्सा बने हैं, जिससे भारतीय वायु सेना की ताकत और प्रभाव बढ़ा है। भारतीय सेना और वायु सेना के बीच समन्वय और रणनीतिक एकजुटता बनाए रखने के लिए एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित को चीफ ऑफ इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ (सीआईएससी) का नया प्रमुख बने। इस नई जिम्मेदारी के साथ एयर मार्शल दीक्षित तीनों सेनाओं के समन्वय में अहम भूमिका रखने वाले इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ के चेयरमैन के अधीन एक प्रमुख पद पर अपनी भूमिका निभाएंगे। वह मिराज-20,000 के पायलट रह चुके हैं और उनकी विशेषज्ञता भारतीय वायु सेना के रणनीतिक विस्तार में मददगार साबित होगी।

## दरभंगा के देवेन भारती बने मुंबई के नये पुलिस आयुक्त



मुंबई। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी देवेन भारती को राज्य सरकार ने बुधवार को मुंबई पुलिस पद पर नियुक्त किया है। देवेन भारती 1994 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। इससे पहले वह मुंबई में कानून एवं व्यवस्था के संयुक्त आयुक्त के पद पर कार्यरत रहे हैं। मुंबई के निवर्तमान पुलिस आयुक्त विवेक फणसलकर बुधवार को सेवानिवृत्त हो गए। फणसलकर को मुंबई पुलिस के नायगांव स्थित कार्यालय में भावभीनी बधाई दी गई। इसके बाद राज्य सरकार ने देवेन भारती को मुंबई के पुलिस आयुक्त पद पर नियुक्त करने का निर्णय लिया है। उन्होंने अतिरिक्त पुलिस आयुक्त और अपराध शाखा के उपायुक्त के रूप में भी काम किया है। वह कुछ समय तक वित्तीय अपराध शाखा के प्रमुख भी रहे। उन्होंने आतंकवाद विरोधी दस्ते के प्रमुख के रूप में भी काम किया है। विशेष पुलिस आयुक्त का पद एनडीए सरकार के सत्ता में आने के बाद बनाया गया था। देवेन भारती को मुंबई का पहला विशेष पुलिस आयुक्त बनने का गौरव प्राप्त हुआ था। भारती ललित नारायण मिथिला विवि के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. भारती श्रीवास्तव और त्रिपुरारी शरण के सबसे बड़े बेटे हैं। उन्होंने मुंबई के 26/11 हमले में आतंकियों के खिलाफ महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

# भारत 24 से 36 घंटे के भीतर कर सकता है सैन्य कार्रवाई

### पहलगाम आतंकी मामले में पाकिस्तान को जासूसों ने किया आगाह

एजेंसी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने बुधवार को विश्वसनीय खुफिया जानकारी का हवाला देते हुए दावा किया कि भारत अगले 24 से 36 घंटों के भीतर उसके खिलाफ सैन्य कार्रवाई की योजना बना रहा है। पाकिस्तान ने साथ ही चेतावनी दी कि भारत को इसके परिणाम भुगतने होंगे। पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्ला तरार ने कहा कि भारत सरकार पहलगाम में हाल में हुए आतंकवादी हमले में पाकिस्तान की संलिप्तता के बारे में निराधार और मनगढ़ंत आरोपों के आधार पर हमला करने की तैयारी कर रही है। मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान खुद आतंकवाद का शिकार रहा है और उसने हमेशा आतंकवाद के सभी स्वरूपों की निंदा की है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने एक आयोग द्वारा विश्वसनीय, पारदर्शी और



स्वतंत्र जांच की पेशकश की है लेकिन भारत जांच से बच रहा है और टकराव का रास्ता चुन रहा है। पाकिस्तान ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को सतर्क रहना चाहिए। साथ ही उसने चेतावनी दी कि भारत द्वारा किसी भी सैन्य दुस्साहस का निश्चित रूप से और निर्णायक रूप से जवाब दिया जाएगा और ह्यह्यसंघर्ष की स्थिति बढ़ने तथा उसके परिणामों की जिम्मेदारी पूरी तरह से भारत पर होगी। इससे पहले, भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई कदमों की घोषणा की थी, जिनमें पाकिस्तानी सैन्य अताशे को निष्कासित करना, 1960 की सिंधु जल संधि को निलंबित करना, 27 अप्रैल से पाकिस्तानी नागरिकों को जारी सभी वीजा रद्द करना तथा अटारी भूमि-पारगमन चौकी को तत्काल बंद करना शामिल है। पिछले हफ्ते पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है। पहलगाम हमले में 26 लोग मारे गए थे। मोदी ने कहा था कि भारत एक एक आतंकवादी और उनके आकाओं की पहचान करेगा, उनका पता लगाएगा और उन्हें सजा देगा। उन्होंने कहा था कि हम धरती के आखिरी छोर तक उनका (पहलगाम के हमलावरों का) पीछा करेंगे। आतंकवाद कभी भारत का मनोबल नहीं तोड़ पाएगा, क्योंकि भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कूटनीतिक हमले तेज कर दिए हैं।

### गिलगित और स्कार्दू के लिए सभी उड़ानें रद्द

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने पहलगाम हमले के बाद भारत के साथ बढ़ते तनाव के बीच बुधवार को गिलगित और स्कार्दू के लिए सभी घरेलू उड़ानें रद्द करने की घोषणा की। एक अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय हवाई क्षेत्र सुरक्षा प्रोटोकॉल की समीक्षा के बाद उत्तरी क्षेत्रों के लिए उड़ानें निलंबित करने का निर्णय लिया गया। एहतियात के तौर पर पाकिस्तान के उत्तरी क्षेत्रों के लिए अन्य सभी उड़ानें भी अस्थायी रूप से रोक दी गई। विदेशी उड़ानों की भी कड़ी निगरानी शुरू की गई। जानकारी के अनुसार, पाकिस्तान नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (सीएए) को सभी आने वाले विदेशी विमानों की जांच करने का निर्देश दिया गया। पाकिस्तान पहले ही भारतीय एयरलाइनों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर चुका है। इस संबंध में, एक नोटिस फॉर एयरमेन (एनओटीएएमएन) जारी किया गया, जिसमें भारतीय एयरलाइनों को पाकिस्तान के आसमान से शुरू में एक महीने के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया।

## पाकिस्तान के सेना की सुरक्षा में हाफिज सईद

एजेंसी

रावलपिंडी। लाहौर में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) प्रमुख और 26/11 हमलों के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के ठिकानों का पता चला है। पहलगाम आतंकी हमले का असली सरगना आम लोगों की घनी आबादी वाले इलाके में रहता है। जहां वह पाकिस्तानी सरकार की कड़ी सुरक्षा में रह रहा है। सईद जिस जगह रहता है, वह किसी भी आतंकवादी नेता के साथ जुड़ी किसी भी जगह से अलग है। वह घनी आबादी वाले शहर के बीच में आम लोगों के बीच रह रहा है। सैटेलाइट इमेज और वीडियो एक्सेस से पता चलता है कि भारत का सबसे वांछित आतंकवादी कैसे खुलेआम छिपा हुआ है। उनके निजी सुरक्षाकर्मियों ने भी एक टीवी चानल से पुष्टि की कि उन्हें हाफिज की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया था। यह जगह चौबीसों घंटे सुरक्षा के घेरे में है। सैटेलाइट इमेज में



तीन संपत्तियां दिखायी गयी हैं, उसका आवास, एक बड़ी इमारत जो मस्जिद और मदरसा है, और हाफिज के लिए निजी सुविधाओं वाला नया बनाया गया निजी पार्क।

**पहलगाम हमले का भी मास्टरमाइंड :** मुंबई में 26/11 के आतंकी हमलों में वांछित सईद को पहलगाम नरसंहार के पीछे भी मास्टरमाइंड माना जाता है, जिसमें 22 अप्रैल को 26 लोगों की जान चली गयी थी। उसके आतंकी संगठन लश्कर की शाखा, द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने इस हमले की जिम्मेदारी ली थी।

### पंजाब में बब्बर खालसा के पांच आतंकी अरेस्ट

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल मॉड्यूल के 5 गुर्गों को गिरफ्तार करके पुलिस थाने पर ग्रेनेड हमले की साजिश नाकाम कर दी है। पकड़े गए आतंकियों के पास से एक हैंड-ग्रेनेड और एक अवैध हथियार बरामद किया गया है। पंजाब पुलिस के महानिदेशक गौरव यादव ने बुधवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए पांचों गुर्गे आईएसआई नेटवर्क के लिए काम कर रहे थे। इनमें नरेश कुमार उर्फ बब्बू, अभिनव भगत उर्फ अभि, अजय कुमार उर्फ अज्जू, सनी कुमार और एक नाबालिग शामिल है। यादव ने बताया कि पांचों को मिलकर फिर से पुलिस थाने पर ग्रेनेड अटैक करना था। मगर इससे पहले ही पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार कर लिया है। ऑपरेशन के दौरान अजय कुमार ने सर्विस हथियार छीनकर पुलिस टीम पर गोलियां चलाकर भागने का प्रयास किया, लेकिन वह मुठभेड़ में घायल हो गया। उसे इलाज के लिए भर्ती करवाया गया है। पुलिस थाना इस्लामाबाद में एफआईआर दर्ज की गई है।

### आंध्र के प्रसिद्ध सिंहचलम मंदिर में दीवार गिरने से आठ की मौत

विशाखापत्तनम (आंध्र प्रदेश)। आंध्र प्रदेश में विशाखापत्तनम जिले के प्रसिद्ध सिंहचलम मंदिर के पास बुधवार तड़के दीवार गिरने से तीन महिलाओं समेत कम से कम आठ श्रद्धालुओं की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। जानकारी के अनुसार भारी बारिश और तेज हवा के कारण दीवार गिर गयी। हादसे के समय काफी संख्या में श्रद्धालु वार्षिक चंदनोत्सवम उत्सव के अवसर पर श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी के 'निजरूपा दर्शन' के लिए 300 रुपये की टिकट खरीदने के लिए लाइन में इंतजार कर रहे थे। घटना की जानकारी मिलने के बाद जिला कलेक्टर एम.एन. हरेंधीरा प्रसाद, विशाखापत्तनम के सांसद एम. श्रीभारत और पुलिस आयुक्त शंकरब्रत बागची घटनास्थल पर पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस घटना पर शोक व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में दीवार गिरने से हुई लोगों की मौत से बहुत दुखी हूं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति संवेदना। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से 02-02 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी।



**गंगोत्री व यमुनोत्री के कपाट खुले, मोदी के नाम से पहली पूजा**

**उत्तरकाशी। उत्तराखंड के गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट बुधवार को अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चारण और पूजा-अर्चना के मध्य, श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। इसके साथ ही उत्तराखंड की चारधाम यात्रा भी शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दोनों धामों में कपाटो के उद्घाटन समारोह में संकल्प लेकर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से पहली पूजा की और देश-प्रदेश की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की मंगल कामना की है।**

## कोलकाता के होटल में भीषण आग, दो बच्चे समेत 14 की मौत

- छह मंजिला ऋतुराज होटल में अग्निशमन के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे और न ही इमरजेंसी निकास मार्ग, मालिक फरार
- 13 की मौत दम घुटने से हुयी

एजेंसी

कोलकाता। कोलकाता के बड़ा बजार इलाके के मछुआ क्षेत्र में मंगलवार रात एक छह मंजिला होटल ऋतुराज में लगी भीषण आग में दो बच्चों सहित 14 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। शुरूआती जांच में खुलासा हुआ है कि होटल में न तो अग्निशमन के पर्याप्त इंतजाम थे और न ही आपातकालीन निकास मार्ग। पुलिस फरार होटल मालिक की तलाश कर रही है। हादसे के समय होटल के 42 कमरों में कुल 88 लोग थे। इनके अलावा होटल के 60 स्टॉफ थे। मरने वालों में 11 पुरुष एक महिला और दो बच्चे हैं।



पुलिस ने फिलहाल मरने वालों की पहचान उजागर नहीं की है। इनमें से एक की पहचान आनंद पासवान के तौर पर हुई है जो आग लगने के बाद जान बचाने के लिए ऊपरी मंजिल से कूद गए थे लेकिन उनकी मौत हो गई। बाकी लोगों की जान दम घुटने की वजह से हुई है। आग सबसे पहले होटल के दूसरे माले पर लगी और धीरे-धीरे पूरी इमारत में फैल गई। हालांकि लोगों की जान आग से नहीं, धुएं में दम घुटने से हुई। दमकल अधिकारियों के मुताबिक, 14 में से 13 लोगों की मौत दम घुटने से हुई। वह एक मुस्लिम बहुल घनी आबादी वाला इलाका है। वहां फुटपाथों पर अवैध स्टॉल, गाड़ियों की बेतरतीब पार्किंग और सड़क पर कब्जे की भरमार है। दमकल की गाड़ियों को मौके तक पहुंचने में भारी मशक्कत करनी पड़ी।

# पटना-गया-डोभी कॉरिडोर का काम पूरा

### इसी महीने कॉरिडोर पर दौड़ेंगे वाहन : मंत्री

- पटना से गया की यात्रा डेढ़-दो घंटे में पूरी होगी
- कॉरिडोर में 5 आरओबी, 20 अंडरपास, चार फ्लाईओवर और आठ बाईपास

खबर मन्त्र संवाददाता

पटना। बिहार के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि पटना-गया- डोभी मार्ग का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है जिसे मई माह में जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। नवीन ने बुधवार को विभागीय कॉन्फ्रेंस हॉल में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की टीम के साथ समीक्षा की। इस दौरान पथ निर्माण विभाग के सचिव बी. कार्तिकेय धनजी जी समेत एन.एच.ए.आई. के मुख्य महाप्रबंधक सह क्षेत्रीय पदाधिकारी निलेश एल यवतकर समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मंत्री ने आमस-दरभंगा 4 लेन कॉरिडोर, पटना-गया-डोभी कॉरिडोर, औंटा-सिमरिया सिक्सलेन पुल समेत कई अहम योजनाओं की समीक्षा की। मंत्री ने कहा कि पटना-गया-डोभी का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। अधिकारियों को जहानाबाद बाईपास में हाईटेंशन लाइन के टावर को जल्द शिफ्ट करने का निर्देश दिया गया है। मई में इस इसका उद्घाटन होगा। पटना-गया-डोभी फोरलेन से पटना से गया की यात्रा मात्र डेढ़-दो घंटे में पूरी होगी। इस परियोजना की निर्माण लागत 1910.083 करोड़ है, जिसमें पांच



आरओबी, 20 अंडरपास, चार फ्लाईओवर और आठ बाईपास शामिल हैं। पटना-गया-डोभी राजमार्ग का निर्माण तीन अलग-अलग पैकेजों में पूरा किया गया है। मंत्री ने औंटा-सिमरिया सिक्सलेन पुल के शेष बचे कार्य को पूर्ण कर बिहारवासियों को समर्पित करने का निर्देश दिया गया है। वहीं, बीहट में दोनों आरओबी के निर्माण का कार्य अगले दो महीने में पूरा करने को कहा। मंत्री ने कहा कि आमस-दरभंगा योजना में भी तेजी लाई जाए। यह सड़क सात जिलों को जोड़ेगा। इससे यात्रा करने वालों का कम से कम चार घंटे का समय बचेगा। राज्य में यातायात सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है। अधिकारियों को उच्च गुणवत्ता और तय समय-सीमा में कार्य को पूर्ण करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंत्री ने पटना से बिहटा जाने वाले सड़क मार्ग में वाहनों का आवागमन सुचारू रूप से हो, इसके लिए भी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही अधिकारियों को अगली बैठक से पहले हर योजना का स्थल निरीक्षण कर आने का भी निर्देश दिया।

### शेयर बाजार में तेजी थमी सेंसेक्स 46 अंक फिसला

मुंबई। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर कमोडिटीज, इंडस्ट्रियल्स, पावर और सर्विसेज समेत पंद्रह समूहों में हुई बिकवाली से बुधवार को शेयर बाजार की लगातार दो दिनों की तेजी थम गई। सेंसेक्स 46.14 अंक टूटकर 80,242.24 अंक पर आ गया। निफ्टी 1.75 अंक फिसलकर 24334.20 अंक पर सपाट बंद हुआ। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में अधिक बिकवाली हुई। इससे मिडकैप 0.72 प्रतिशत लुढ़ककर 42,883 अंक और स्मॉलकैप 1.74 प्रतिशत का गोता लगाकर 47,400 अंक रह गया। बीएसई में कुल 4063 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2938 में गिरावट जबकि 975 में तेजी रही वहीं 150 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

